CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 17° C

नई दिल्ली, गुरुवार 7 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 29 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 19 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तरी-पश्चिमी भारत में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी पेज 2




बेंगलुरु की जगह अहमदाबाद में होगा आईपीएल 2026 का फाइनल खेल टाइम्स



बिजली की मांग अपने सर्वोच्च स्तर पर सम्पादकीय



भारत-वियतनाम रणनीतिक साझेदारी होगी प्रगाढ़ पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के गाजियाबाद में ओले गिरे, मप्र-बिहार में बारिश

**नई दिल्ली।** उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। यूपी के गाजियाबाद में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। बारिश के कारण पूरे यूपी में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। छत्तीसगढ़ में मंगलवार को भारी बारिश हुई थी। इससे कांकेर के चारामा में नेशनल हाईवे-30 पर घुटनों तक पानी भर गया। मनेंद्रगढ़ के जनकपुर में बारिश का पानी लोगों के घर में घुस गया। पेंड्रा में आंधी से कई पेड़ टूटकर गिर गए। राजस्थान में बाड़मेर और फलोदी को छोड़कर बाकी सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इधर, बिहार और मध्य प्रदेश में भी बारिश का दौर जारी है। बिहार में पिछले 24 घंटे में 89.7 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई, जो सामान्य से 182 फीसदी अधिक है।

### मुक्केबाज विकास का मुख्य हत्यारोपी सुमित राणा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने घोषित अपराधी सुमित राणा उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया है। सुमित राणा एक खूंखार अपराधी है, जिस पर राष्ट्रीय स्तर के मुक्केबाजी चैंपियन विकास उर्फ भिंडा की हत्या में शामिल होने का आरोप है। सिरसपुर निवासी राणा पुलिस द्वारा महीनों तक लगातार निगरानी और सघन प्रयासों के बाद आदर्श नगर से पकड़ा गया।

### एस-400 के 5 नए स्क्वाड्रन खरीदने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार एस-400 मिसाइलों के 5 नए स्क्वाड्रन खरीदने की तैयारी कर रही है। इसके एक स्क्वाड्रन में 8 लॉन्चर होते हैं और हर एक लॉन्चर में 4 मिसाइल कंटेनर होते हैं। इस हिसाब से करीब 32 बड़ी मिसाइलें मिलेंगी। पिछले साल 7 से 10 मई के बीच चले ऑपरेशन सिंदूर में हमारे एयर डिफेंस सिस्टम की एस-400 मिसाइलों ने पाकिस्तान में 300 किलोमीटर अंदर घुसकर कहर बरपाया था, अब हमारे रक्षा बेड़े में उनकी तादाद बढ़ने जा रही है। खरीदी की दिशा में रूस के साथ चर्चा में सकारात्मक प्रगति हुई है। वायुसेना के लिए 5 एस-400 का पहला सौदा 2018 में हुआ था। 3 सिस्टम्स मिल चुके हैं। रूस ने आश्वस्त किया है कि शेष दो सिस्टम और ऑपरेशन सिंदूर में खर्च हुई बैटरी की मिसाइलें भी अगले 6 माह में दे देंगे।

### शशि शेखर केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के नए अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने प्रसार भारती के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशि शेखर वेम्पति को केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने छह मई को जारी नोटिफिकेशन में यह जानकारी दी। श्री वेम्पति पद भार संभालने की तिथि से अगले तीन वर्ष तक इस पद पर रहेंगे। इससे पहले प्रसून जोशी इस पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। श्री जोशी को प्रसार भारती का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उन्होंने सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

# ईरान जंग 48 घंटे में हो सकती है खत्म, 14 शर्तों का समझौता तैयार

तेहरान/वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका और** ईरान युद्ध खत्म करने और परमाणु बातचीत का रास्ता तय करने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान 48 घंटे के भीतर सीजफायर को लेकर सहमति दे सकता है।

दोनों देशों के बीच 14 प्वॉइंट वाला समझौता (एमओयू) तैयार है। हालांकि अभी यह फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन बातचीत पहले से ज्यादा आगे बढ़ चुकी है। समझौते की अहम शर्तें, सबसे पहले युद्ध खत्म करने की घोषणा होगी, 30 दिनों तक दोनों देशों की विस्तृत बातचीत होगी, इसमें होर्मुज, परमाणु कार्यक्रम, अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील जैसे मुद्दे होंगे। दोनों देशों के बीच बातचीत के लिए इस्लामाबाद या फिर जिनेवा जैसे शहरों पर विचार हो रहा है। ड्राफ्ट के मुताबिक, ईरान न्यूक्लियर प्रोग्राम को कुछ समय के लिए रोक सकता है। बदले में अमेरिका धीरे-धीरे प्रतिबंध कम करेगा और ईरान के जब्त किए हुए अरबों डॉलर जारी कर सकता है। साथ ही, होर्मुज स्ट्रेट में दोनों तरफ से लगाई गई पाबंदियों में भी ढील दी जाएगी। हालांकि सबसे बड़ा विवाद न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकने की अवधि को लेकर है। ईरान 5 साल का प्रस्ताव दे चुका है, जबकि अमेरिका 20 साल चाहता था। अब बीच का रास्ता निकालने की कोशिश हो रही है, जिसमें 12 से 15 साल तक की अवधि पर बात चल रही है।



■ अमेरिका ईरानी प्रॉपर्टी लौटाएगा, ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोलेगा, न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकेगा

### वार्ता में प्रगति देखते हुए ट्रम्प ने प्रोजेक्ट फ्रीडम रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने यह भी घोषणा की कि उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रोजेक्ट फ्रीडम को स्थगित करने का निर्णय लिया है, ताकि यह आकलन किया जा सके कि शांति समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है या नहीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि पाकिस्तान और अन्य देशों के अनुरोध, ईरान के खिलाफ अभियान के दौरान मिली जबरदस्त सैन्य सफलता और इसके अलावा, ईरान के प्रतिनिधियों के साथ पूर्ण एवं अंतिम समझौते की दिशा में हुई महत्वपूर्ण प्रगति के आधार पर, हमने पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की है कि नाकाबंदी पूरी तरह से लागू रहेगी, लेकिन प्रोजेक्ट फ्रीडम को थोड़े समय के लिए रोक दिया जाएगा, ताकि यह देखा जा सके कि समझौता अंतिम रूप दिया जा सकता है या नहीं।

### शहबाज ने ट्रम्प का आभार जताया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने होर्मुज स्ट्रेट में 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को रोकने की घोषणा और साहसी नेतृत्व के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आभार व्यक्त किया है।

श्री शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान और अन्य मित्र देशों, विशेष रूप से सऊदी अरब और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के अनुरोध पर ट्रम्प की यह उदार प्रतिक्रिया इस संवेदनशील अवधि के दौरान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुलह को आगे बढ़ाने में बहुत सहायक सिद्ध होगी।

# वंदे मातरम को राष्ट्रगान जैसा दर्जा

## कैबिनेट की मंजूरी

## अपमान करने या गायन में बाधा डालने पर सजा व जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान दर्जा देने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

कैबिनेट के फैसले के अनुसार, बंकिम चंद्र चटर्जी रचित वंदे मातरम पर अब वही नियम और पाबंदियां लागू होंगी, जो वर्तमान में राष्ट्रगान पर लागू हैं। यानी इसके अपमान या गायन में बाधा डालने की स्थिति में सजा होगी। अभी राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान के अपमान पर जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है, और अब वंदे मातरम भी इसमें शामिल किया जाएगा। सरकार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर यह बदलाव कर रही है। इसके लिए कानून की धारा 3 में संशोधन किया जाएगा। इस धारा के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर राष्ट्रगान गाने में बाधा डालता है या उसे रोकता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दोबारा अपराध करने पर कम से कम एक साल की सजा का प्रावधान है। संशोधन के बाद यही नियम वंदे मातरम पर भी लागू होंगे। केंद्र सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के लिए आधिकारिक प्रोटोकॉल के लिए गाइडलाइन जारी की। गाइडलाइन के अनुसार, वंदे मातरम का संपूर्ण आधिकारिक वर्जन, जिसमें छह श्लोक हैं और जिसकी अवधि लगभग 3 मिनट और 10 सेकंड है, प्रमुख राजकीय समारोहों के दौरान प्रस्तुत या बजाया जाना चाहिए। इनमें राष्ट्रीय ध्वज फहराना, राष्ट्रपति और राज्यपालों के आधिकारिक कार्यक्रमों में औपचारिक आगमन और प्रस्थान समारोह और ऐसे समारोहों में उनके निर्धारित भाषणों से पहले और बाद के कार्यक्रम शामिल हैं। अगर किसी कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' और 'राष्ट्रगान' दोनों होने हैं, तो पहले 'वंदे मातरम' (राष्ट्रगीत) गाया जाएगा और उसके बाद 'राष्ट्रगान'। दिशा-निर्देशों में आगे यह भी स्पष्ट किया गया है कि दर्शकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मान के प्रतीक के रूप में दोनों प्रदर्शनों के दौरान सावधान मुद्रा में खड़े रहें। गृह मंत्रालय ने स्कूल-कॉलेज और महत्वपूर्ण संस्थागत कार्यक्रमों के दौरान वंदे मातरम गाने को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया है।इस कदम का उद्देश्य स्टूडेंट्स और आम जनता के बीच राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जागरूकता और सम्मान को प्रोत्साहित करना है। यह भी बताया गया है कि जब वंदे मातरम का प्रदर्शन किसी बैंड द्वारा किया जाता है, तो उससे पहले ढोल की थाप या बिगुल की ध्वनि से औपचारिक रूप से गायन की शुरुआत का संकेत दिया जाना चाहिए। साथ ही, मंत्रालय ने सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए विशिष्ट छूट प्रदान की है। निर्देश के अनुसार, फिल्म के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में वंदे मातरम बजाए जाने पर दर्शकों को खड़े होने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि मनोरंजन स्थलों में दर्शकों को खड़े होने के लिए मजबूर करने से देखने का अनुभव बाधित हो सकता है और संभावित रूप से दर्शकों के बीच भ्रम पैदा हो सकता है।

■ अब जन-गण-मन से पहले गाया जाएगा राष्ट्रगीत, गाइडलाइन जारी




### प. बंगाल चुनाव में 'वंदे मातरम' बना था बड़ा राजनीतिक मुद्दा

पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान भाजपा ने वंदे मातरम को बंगाली अस्मिता और राष्ट्रवाद के प्रतीक के रूप में पेश किया था। पार्टी ने इसके 150 वर्ष पूरे होने पर राज्यभर में सामूहिक गायन और पदयात्राओं का आयोजन किया। साथ ही, बंकिम चंद्र चटर्जी की विरासत को भी चुनावी अभियान में प्रमुखता से उठाया गया।

## सबरीमाला केस

# बार-बार रुख नहीं बदल सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने 40 साल पुरानी जनहित याचिका ( पीआईएल) की वैधता पर सवाल उठाए। यह याचिका दाऊदी बोहरा समुदाय में बहिष्कार के अधिकार और उसके संवैधानिक संरक्षण से जुड़ी है।

कोर्ट ने कहा कि उसे पुराने फैसले के साथ रहना होगा और वह अपना रुख अचानक नहीं बदल सकता। नौ जजों की संविधान पीठ यह सुनवाई कर रही है। इसमें महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश, जैसे सबरीमाला मंदिर, और अलग-अलग धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर भी विचार हो रहा है। यह मामला 1986 में सेंट्रल बोर्ड ऑफ दाऊदी बोहरा कम्युनिटी की पीआईएल से जुड़ा है। इसमें 1962 के उस फैसले को रद्द करने की मांग की गई थी, जिसमें बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ एक्सकम्युनिकेशन एक्ट, 1949 को रद्द कर दिया गया था। उस कानून के तहत किसी सदस्य को बहिष्कृत करना गैरकानूनी था। 1962 के फैसले में कहा गया था कि धार्मिक आधार पर बहिष्कार का अधिकार समुदाय के धार्मिक मामलों के प्रबंधन का हिस्सा है। इसलिए 1949 का कानून संविधान के अनुच्छेद 26(इ) के तहत मिले अधिकारों का - शेष पृष्ठ दो पर

बोहरा समाज में बहिष्कार और धार्मिक अधिकारों पर 1986 की PIL की वैधता पर सवाल उठाए



# बंगाल में भाजपा की जीत के बाद हिंसा जारी

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात भाजपा समर्थकों की भीड़ ने जियागंज इलाके में व्लादिमीर लेनिन की प्रतिमा तोड़े जाने के बाद तनाव बढ़ गया है।

यह घटना हाल ही में आए विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद राज्य भर में हो रही चुनाव बाद की हिंसा की खबरों के बीच हुई है। दराज्य में जारी हिंसा के दौरान टीएमसी और भाजपा के दो-दो कार्यकर्ताओं की मौत हो चुकी है। चुनाव आयोग ने हिंसा भड़काने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, जबकि राज्य नौ मई को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी कर रहा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने 'एक्स' पर इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी ने कहा कि पांच मई की रात मुर्शिदाबाद जिले के जियागंज इलाके में भाजपा के गुंडों ने हमला कर लेनिन की प्रतिमा तोड़ दी। हमारे साथियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसके विरोध में प्रदर्शन किया गया। इसके बाद पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार सुबह हमारे साथी दोबारा उस स्थल पर गए। प्रतिमा का पुनर्निर्माण आठ मई को किया जाएगा। स्थानीय पुलिस के अनुसार, स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि तोड़फोड़ के मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस बीच तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा ने भी 'इंस्टाग्राम' पर इस कृत्य की निंदा की है और लिखा है कि मंगलवार -शेष पृष्ठ दो पर

■ टीएमसी और भाजपा के दो-दो कार्यकर्ताओं की मौत
■ भाजपा समर्थकों ने लेनिन की प्रतिमा तोड़ी, पांच गिरफ्तार

# तमिलनाडु में टल सकती है विजय की शपथ

## सरकार बनाने के लिए 118 विधायक जरूरी, टीवीके के पास 113 एमएलए

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में 7 मई (आज) को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सूत्रों के मुताबिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। समर्थन पत्र में टीवीके107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा। 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें हैं, लेकिन विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिला है। वहीं भाजपा पश्चिम बंगाल अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि नए मुख्यमंत्री का शपथ -शेष पृष्ठ दो पर



■ पश्चिम बंगाल में नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह नौ मई को
■ केरल में तैयारियां जोरों पर, अजय माकन व मुकुल वासनिक पर्यवेक्षक नियुक्त

# पब्लिक वाई-फाई का पूरे देश में एक ही पासवर्ड होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार पीएम-वाणी की विफलता से सबक लेते हुए एक नया और उन्नत पब्लिक वाई-फाई सिस्टम लाने की तैयारी कर रही है।

इस नई व्यवस्था का उद्देश्य यूजर अनुभव को बेहतर बनाना और डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित बनाना है। अब यूजर्स को हर हॉटस्पॉट के लिए अलग ओटीपी की जरूरत नहीं होगी। देशभर में फैले 4 लाख हॉटस्पॉट पर एक ही ओटीपी या पासवर्ड से लॉगिन किया जा सकेगा। दूरसंचार नियामक (ट्राई) ने इसका परामर्श-पत्र जारी करके लोगों से सुझाव मंगाए हैं। सार्वजनिक वाई-फाई को सुरक्षित बनाने के लिए 'वाई-फाई प्रोटेक्टेड एक्सेस 3' जैसे मानक लागू होंगे। इससे भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी सुरक्षित यूपीआई और डिजिटल पेमेंट के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कवर मिलेगा। पेपर के अनुसार, मौजूदा वाई फाई सिस्टम इसलिए नहीं चला, क्योंकि यह यूजर की जरूरत नहीं बन पाया। साथ ही ऑपरेटर की कमाई नहीं बनी। इसलिए सरकार प्रस्तावित वाई-फाई सिस्टम को ऑपरेटर के लिए कमाई का मॉडल बनाना चाहती है। इसके लिए विज्ञापन-आधारित मॉडल, पेड प्लान व सब्सिडी (वायबिलिटी गैप फंडिंग) जैसे विकल्प दिए जाएंगे। शहरों में हाई-स्पीड इंटरनेट और गांवों में कम लागत वाला 'कम्युनिटी वाई-फाई' मॉडल लागू होगा। देश की 140 करोड़ की आबादी में अभी महज 2 फीसदी लोग पब्लिक वाई-फाई उपयोग करते हैं। दक्षिण कोरिया में 80 फीसदी, अमेरिका में 70 फीसदी, यूरोप-चीन में 60 फीसदी व इंग्लैंड में 50 फीसदी आबादी पब्लिक वाई-फाई का उपयोग करती है।




■ लोगों को अब बार-बार ओटीपी से राहत मिलेगी
■ देश में चार लाख हॉट स्पॉट, ट्राई ने सुझाव मांगे

# सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

**गुवाहाटी।** असम में नई विधानसभा के लिए चुनाव संपन्न होने के बाद के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को बुधवार को अपने मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपा।

राज्यपाल ने उन्हें नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में शासन का दायित्व संभाले रहने को कहा है। मुख्यमंत्री श्री सरमा ने कहा कि मैंने असम के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा असम के राज्यपाल को सौंप दिया है और साथ ही उनसे मौजूदा विधानसभा को भंग करने का अनुरोध किया है। असम के राज्यपाल ने मेरा इस्तीफा और मौजूदा विधानसभा को भंग करने का सुझाव स्वीकार कर लिया है।

■ कार्यवाहक के रूप में करेंगे काम

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### गो-धर्मयुद्ध यात्रा के माध्यम से किया जाएगा अक्षौहिणी सेना का गठन

**देवरिया।** ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को कहा कि गो-धर्मयुद्ध यात्रा के माध्यम से अक्षौहिणी सेना का गठन किया जाएगा, जिससे गो-माता की व्यापक स्तर पर रक्षा सुनिश्चित की जा सके। देवरिया से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित रूद्रा रिसॉर्ट में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जगतगुरु ने कहा कि गो-रक्षा के लिए चतुर्दिक संगठित प्रयासों की आवश्यकता है और इसी उद्देश्य से यह गविष्ठि यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा के जरिए आमजन को जागरूक किया जाएगा और उन्हें गो-रक्षा के अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह 81 दिवसीय यात्रा तीन मई को गोरखपुर से प्रारंभ हो चुकी है, जो प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण करेगी और 24 जुलाई को लखनऊ में इसका समापन होगा। यात्रा प्रतिदिन पांच विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी, जहां संवाद और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### कुकर्म के बाद मासूम की हत्या करने वाला हैवान मुठभेड़ में ढेर

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के मल्लावां इलाके में सात साल के मासूम की हत्या के आरोपी 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने बुधवार तड़के मार गिराया। पुलिस ने मासूम के साथ कुकर्म और उसकी हत्या करने के आरोपी मेहनूर उर्फ शहनूर को सुबह साढ़े तीन बजे एक मुठभेड़ में सीने पर गोली मारकर ढेर कर दिया। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी को दाहिने हाथ में गोली लगी है, जिनको उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

# हर जरूरतमंद का बनवाएं आयुष्मान कार्डः सीएम योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों सेलोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि सरकार इलाज कराने में भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। योगी ने जनता दर्शन में आए लोगों का प्रार्थना पत्र अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। उन्होंने अलग-अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किया और साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्धए निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह बुधवार को भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और साथ ही भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल का इस्टीमेट मिलते ही विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी जाएगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीघ का निवारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी आए थे।

# उत्तरी-पश्चिमी भारत में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ 10 से 12 मई 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने और बिजली कड़कने की भी संभावना

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत में 10 से 12 मई के बीच आंधी.तूफान और बारिश का एक नया दौर शुरू होने की चेता. वनी जारी की है। इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने और बिजली कड़कने की भी संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को उत्तर-पूर्वी भारत (अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय) के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश हो सकती है और इसके साथ ही अगले 6.7 दिनों तक केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में छिटपुट गरज के साथ भारी बारिश का अनुमान जताया गया है।

पिछले 24 घंटों के दौरान देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला रहा और केरल में भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गई, जबकि उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, महाराष्ट्र और दिल्ली में ओलावृष्टि की सूचना मिली है। देश में सबसे अधिक तापमान महाराष्ट्र के वर्धा में 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिमी भारत के जम्मू- कश्मीर, लद्दाख, पंजाब और हरियाणा में 10 से 12 मई के बीच बारिश और 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंक. दार हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी और मध्य भारत के बिहार में आज ओलावृष्टि की संभावना है, जबकि पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में नौ मई को 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है। विदर्भ और छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक हल्की बारिश के आसार हैं। उत्तर-पश्चिमी भारत में 10 मई तक अधिकतम तापमान में 5.7 डिग्री सेल्सियस और मध्य भारत में 3.5 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है। नौ से 11 मई के दौरान पश्चिमी राजस्थान में लू (हीट वेव) चलने की चेतावनी दी गई है। दिल्ली और एनसीआर के इलाके में बुधवार शाम या रात तक गरज-चमक के साथ मौसम बदलने की संभावना है। दोपहर या शाम को धूल भरी आंधी और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। नौ मई तक दिल्ली का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग ने ओलावृष्टि और तेज हवाओं को देखते हुए किसानों को सलाह दी है कि वे कटी हुई फसलों को सुरक्षित स्थानों पर रखें। बागवानी फसलों और फलों के पेड़ों को सहारा देने के लिए बांस की डंडियों का उपयोग करें। आम जनता को खराब मौसम के दौरान पेड़ों के नीचे शरण न लेने और बिजली के उपकरणों का प्लग निकाल देने की सलाह दी गई है।

## सपा कार्यकर्ताओं ने अंतिम समय तक डटे रहकर इंडिया गठबंधन को मजबूत किया

# चुनाव मैनेज कर जीतती है भाजपा, लोकतंत्र खतरे में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से वोटों की 'लूट' हुईः सपा प्रमुख ने लगाया आरोप

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव 'मैनेज' करके जीतती है और लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है।

यादव ने बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव तक भाजपा को 'करो या मरो' का आह्वान करना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि सपा कार्यकर्ताओं ने अंतिम समय तक डटे रहकर इंडिया गठबंधन को मजबूत किया और भाजपा को पूर्ण बहुमत से रोकने में भूमिका निभाई। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से वोटों की 'लूट' हुई। उनके मुताबिक कुछ जगहों पर पुलिस अधिकारियों ने हथियारों के बल पर लोकतंत्र को प्रभावित करने का प्रयास किया। मुरादाबाद की कुंद. रकी सीट और मिल्कीपुर उपचुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां बड़े स्तर पर गड़बड़ियां हुई और सपा प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाया गया। सपा प्रमुख ने कहा कि पार्टी ने सभी तथ्यों के साथ चुनाव आयोग में शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि 'मल्टीलेयर इलेक्शन माफिया' सक्रिय है, जिसमें प्रशासनिक तंत्र, एजेंसियां और कुछ मीडिया संस्थान भी शामिल हैं। उन्होंने ईडी और सीबीआई को भाजपा का सहयोगी बताते हुए कहा कि इन एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं के खिलाफ किया जा रहा है और फर्जी मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल का उदाहरण देते हुए ममता बनर्जी का हवाला दिया और कहा कि वहां जो हुआ, वैसा ही उत्तर प्रदेश में भी देखने को मिला। उन्होंने काउंटिंग प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि सपा कार्यकर्ताओं को मतगणना केंद्रों से बाहर कर दिया गया और 'मतगणना नहीं, मनगणना' कराई जाती है।

### लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी का चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर हमला



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए 'वोट चोरी' का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह खड़े किए। राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा में भाजपा के 240 सांसदों में से लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ऐसे लोगों को क्या भाजपा की भाषा में 'घुसपैठिया' कहा जाना चाहिए। हरियाणा का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वहां तो पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो संस्थाओं को अपने नियंत्रण में रखते हैं और मतदाता सूचियों व चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करते हैं, वे खुद 'रिमोट कंट्रोल' से संचालित हैं।

# विजय रैलियों में जेसीबी मशीनों की अनुमति नहीं: पुलिस आयुक्त

**कोलकाता, वार्ता**

कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय कुमार नंद ने बुधवार को कहा पुलिस ने शहर में किसी भी विजय रैली में जेसीबी एवं बुलडोजर के इस्तेमाल के खिलाफ परामर्श जारी किया है।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि विजय रैली में किसी भी प्रकार की जेसीबी को अनुमति नहीं दी जाएगी। हमने जेसीबी मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे विजय रैलियों के लिए इन्हें किराए पर न दें। ऐसा करने वाले किसी भी जेस. ीबी मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और हम वाहन जब्त कर लेंगे। पुलिस आयुक्त की यह घोषणा भाजपा द्वारा न्यू मार्केट क्षेत्र में निकाली गई विजय रैली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के एक दिन बाद आई है। इन वीडियो में जेसीबी द्वारा क्षेत्र में कई अस्थाई संरचनाओं को ध्वस्त करते हुए दिखाया गया है। पुलिस आयुक्त ने शहर में शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कड़ी चेतावनी भी दी और कहा कि पुलिस किसी भी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगी जो भय का माहौल बनाने की कोशिश करेगा। कुमार नंद ने ने बुधवार को कहा कि हाल की घटनाओं के संबंध में 80 गिरफ्तारियां हुई हैं और केंद्रीय सशस्त्र बलों की टीमों के साथ काम कर रही हमारी टीमों ने हथियार बरामद किए हैं। सार्वजनिक सभाओं में किसी भी विजय जुलूस के लिए पुलिस से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77958.52
निफ्टी 24330.95

सोना 154800 प्रति 10 ग्राम
चांदी 240331 प्रति किलो

# अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रगति से शेयर बाजारों में तेजी

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रगति से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों तेजी रही और प्रमुख सूचकांक करीब सवा प्रतिशत की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संसेक्स 940.73 अंक (1.22 प्रतिशत) उछलकर 77,958.52 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 298.15 अंक यानी 1.24 प्रतिशत चढ़कर 24,330.95 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का दो सप्ताह का उच्चतम स्तर है। बाजार में चौतरफा लिवाली रही। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.21 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.93 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ शांति वार्ता में अच्छी प्रगति हुई है और इसलिए उन्होंने



हार्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित आवा. जाही सुनिश्चित करने के लिए शुरू किए गए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को कुछ समय के लिए स्थगित करने की घोषणा की है। इससे दुनिया भर में शेयर बाजारों में तेजी रही। एफएमसीजी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। ऑटो, वित्त, बैंकिंग, फार्मा, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक दो से तीन प्रतिशत तक चढ़े। स्वास्थ्य, धातु और मीडिया समूहों के सूचकांक भी एक प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुए। विमान सेवा कंपनी इंडिगो का शेयर साढ़े छह प्रतिशत से अधिक उछला। ट्रेंट में लगभग चार प्रतिशत और एशियन पेंट्स में साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही।

### घरेलू मांग के दम पर अप्रैल में सेवा क्षेत्र की बढ़ी रफ्तार

**मुंबई।** पश्चिम एशिया संकट के बीच घरेलू मांग मजबूत रहने से अप्रैल में सेवा क्षेत्र की गति. विधियों में तेजी देखी गई। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी सूचक. ांक मार्च के 57.5 से बढ़कर 58.8 पर पहुंच गया जो पांच महीने का उच्चतम स्तर है। यह दिखाता है कि मार्च के मुकाबले में अप्रैल में सेवा क्षेत्र की गतिविधि न सिर्फ बढ़ी है बल्कि इसके बढ़ने की रफ्तार भी मार्च से अधिक रही। एचएसबीसी माह-दर-माह आधार पर पीएमआई के आंकड़े जारी करता है।

पीएमआई का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी और इससे कम रहना गिरावट को दिखाता है। वहीं 50 का स्तर स्थिरता का संकेत है। एचएसबीसी द्वारा बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल में उत्पादन और नए ऑर्डर बढ़े हैं। ई-कॉमर्स में भी तेजी गई। हालांकि पश्चिम एशिया संकट के कारण आयात कम रहने से घरेलू मांग बढ़ी, जिससे परिवहन गतिविधियों में वृद्धि हुई है। देश से बाहर बिक्री में पांच महीने की सबसे तेज वृद्धि देखने को मिली। युद्ध के कारण दूसरे देशों से भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या भी कम रही।

# चावल, गेहूं के भाव बढ़े, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी देखी गई। चीनी का भाव पिछले कारोबारी दिवस पर ही स्थिर रहा। दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 10 रुपये बढ़कर 3,870 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 17 रुपये महंगा हुआ और 2,791 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी छह रुपये बढ़ गई।

दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 45 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 13 रुपये और उड़द दाल 10 रुपये महंगी हुई। वहीं मसूर दाल की कीमत 30 रुपये और मूंग दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 133 रिंगिट गिरकर 4,577 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 2.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ



74.93 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 44 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सोया तेल 30 रुपये और पाम ऑयल 25 रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 101 रुपये और सरसों तेल की 63 रुपये बढ़ गई। वनस्पति भी 28 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 20 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़ी रही। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7676.51 रुपये, मसूर काली 8100.77 रुपये, मूंग दाल 10159.66 रुपये, उड़द दाल 10845.64 रुपये, तुअर दाल 11268.06 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2791.40 रुपये और चावल 3870.29 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3261.66 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
– HEALTH WITH CARE –
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सबरीमाला केसः बार-बार...**

उल्लंघन करता है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन ने सुधारवादी बोहराओं की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि बहिष्कार सीधे तौर पर मानव गरिमा को प्रभावित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके मुवक्किल के पिता असगर अली इंजीनियर खुद बहिष्कार के शिकार रहे थे। रामचंद्रन ने कहा कि दाऊदी बोहरा समुदाय में धार्मिक प्रमुख को 'दाई' कहा जाता है, जिसे सर्वोच्च अधिकार प्राप्त है। उन्होंने बताया कि बच्चे बालिग होने पर दाई के प्रति पूर्ण निष्ठा की शपथ लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर धर्म में अनुशासन बनाए रखने के लिए कुछ नियम होते हैं, लेकिन असली सवाल सजा की सीमा और उसके मानव गरिमा पर असर का है। इस दौरान जस्टिस नागरत्ना ने पूछा कि क्या याचिका आर्टिकल 32 के तहत 1962 के संविधान पीठ के फैसले को रद्द करने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि कोर्ट अपने ही पुराने फैसले को ऐसे कैसे नजरअंदाज कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम भी सख्त नियमों से बंधे हैं। अगर हर आर्टिकल 32 की याचिका पर कान्स्टिट्यूशन बेंच के फैसले को बदला जाएगा, तो यह गंभीर मुद्दा है। जस्टिस नागरत्ना ने यह भी कहा कि कोर्ट मंगलवार को सबरीमाला मामले में इसी तरह की याचिकाओं पर सवाल उठा रहा था। ऐसे में अब अलग रुख नहीं अपनाया जा सकता। इससे पहले मंगलवार को कोर्ट ने इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन से भी सवाल किए थे। इसी एनजीओ की याचिका पर सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं के प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इसी बीच, वरिष्ठ वकील डेरियस खंबाटा ने पारसी महिला की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि अगर आर्टिकल 26(इ) को ज्यादा महत्व दिया गया, तो यह व्यक्तिगत धार्मिक अधिकारों को खत्म कर सकता है। खंबाटा के मुताबिक, आर्टिकल 26(इ) का उद्देश्य धार्मिक संस्थाओं को सरक. ारी हस्तक्षेप से बचाना है, न कि व्यक्तियों के अधिकारों को दबाना। बता दें कि यह मामला 1962 के फैसले को चुनौती देने से जुड़ा है, जिसे बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी बरकरार रखा था। सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी।

**बंगाल में...**

को जियागंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दशकों पुरानी लेनिन की प्रतिमा को तोड़कर जमीन पर गिरा दिया और दावा किया कि वे इसकी जगह शिवाजी की प्रतिमा लगाएंगे। इस 'परिवर्तन' का आनंद लीजिए। मुर्शिदाबाद के अलावा कोलकाता सहित बंगाल के विभिन्न हिस्सों से तोड़फोड़ और झड़पों की खबरें सामने आई हैं। राज्य की राजधानी के न्यू मार्केट इलाके में कथित तौर पर संरचनाओं को गिराने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। इससे राजनी. तिक विवाद और बढ़ गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की है और चेतावनी दी है कि चुनाव बाद की किसी भी तरह की हिंसा को पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

**तमिलनाडु में...** ग्रहण समारोह आगामी नौ मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा और इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे। एक सुचारू और गरिमापूर्ण शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियां चल रही हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कि सब कुछ ठीक रहे, हम प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इससे पहले श्री भट्टाचार्य ने, राज्य के लिए भेजे गए भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल, ज्योतिर्मय सिंह महतो और सौमित्र खान के साथ मिलकर, मंगलवार शाम को मुख्य सचिव दुष्यंत नारीवाला से मुलाकात की और इस कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। विधायकों की एक बैठक 8 मई को तय की गई है, जहां नेतृत्व से शपथ ग्रहण से पहले अहम फैसले लेने की उम्मीद है। राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर अटकलें बढ़ रही हैं, लेकिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने इस पर कोई भी टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया हालांकि, नबन्ना स्थित राज्य सचिवालय में प्रवेश करने से पहले, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि चुनाव के बाद होने वाली हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उन्होंने पार्टी के उस कड़े रुख को दोहराया, जिसे उन्होंने भाजपा का तृणमूलीकरण कहा। वहीं केरल में नई सरकार के गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं और मुख्यमंत्री पद के चयन पर मंथन अंतिम चरण में पहुंच गया है। कांग्रेस आलाकमान ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ नेताओं अजय माकन और मुकुल वासनिक को पर्यवेक्षक के रूप में राज्य भेजा है। दोनों नेता बुधवार शाम केरल पहुंचे। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात के बाद वे रवाना होंगे। केरल कांग्रेस विधायक दल की बैठक गुरुवार सुबह आयोजित की जाएगी, जिसमें विधायक अपनी राय रखेंगे। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नियुक्त दोनों पर्यवेक्षक विधायकों से बातचीत कर अपनी रिपोर्ट कांग्रेस आलाकमान को सौंपेंगे। इसी रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में कई दिग्गज नेताओं के नाम चर्चा में हैं। इनमें वीडी सतीशन, सनी जोसेफ, रमेश चेन्निथला, केसी वेणुगा. ोपाल और शशि थरूर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

# बंगाल में 18 सीटों पर पांच हजार से कम रहा जीत का अंतर

**कोलकाता, वार्ता**

■ मतदाताओं की पसंद में आए मामूली बदलावों ने ही आखिरकार पूरे जनादेश को कैसे तय किया

पश्चिम बंगाल में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में कम से कम 18 ऐसी सीटें हैं जहां जीत का अंतर 5,000 वोटों से भी कम रहा है। वहीं कम से कम 20 और सीटों पर जीत का अंतर 5,000 से 10,000 के बीच रहा। यह साफ तौर पर दिखाता है कि 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कितने कड़े मुकाबले वाले थे और मतदाताओं की पसंद में आए मामूली बदलावों ने ही आखिरकार पूरे जनादेश को कैसे तय किया।

चुनाव आयोग द्वारा हाल ही में जारी किए गए इन बेहद रोमांचक मुकाबलों के नतीजों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी सबसे आगे रही और उसने इन 18 में से 11 सीटें जीतीं, जबकि तृणमूल कांग्रेस तृणमूल ने छह सीटों पर जीत हासिल की। कांग्रेस के खाते में भी ऐसी ही एक जीत आई, जिससे यह बात उभरकर सामने आती है कि कैसे मुट्ठी भर वोटों ने भी अलग-अलग पार्टियों के नतीजों को तय करने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि राज्य में सबसे कड़ा मुकाबला राजारहाट न्यू टाउन में देखने को मिला, जहां भाजपा के पीयूष कनोडिया ने तृणमूल के तापस चटर्जी को महज 316 वोटों से हरा दिया, जो इस चुनाव में जीत का सबसे कम अंतर था। इसके अलावा कम से कम चार विधानसभा क्षेत्र इंडस, जंगीपारा, रैना और सतगाछिया ऐसे रहे जहां जीत का अंतर 1,000 वोटों से भी कम था, जो इन चुनावों में मुकाबले की जबरदस्त टक्कर को दिखाता है। इंडस में, भाजपा के निर्मल कुमार धारा ने तृणमूल की श्यामली रॉय बागदी को महज 900 वोटों से हराया। जंगीपारा में, भाजपा के प्रसेनजीत बाग ने तृणमूल के स्नेहाशीष चक्रवर्ती को 862 वोटों से हराया। रैना में भाजपा के सुभाशीष पात्रा ने 834 वोटों से जीत हासिल की। वहीं सतगाछिया में भाजपा के अग्निश्वर नास्कर ने तृणमूल की सोमाश्री बेताल को महज 401 वोटों से हराया। कई अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी कड़े मुकाबले देखने को मिले।

आमडांगा में तृणमूल के मोहम्मद कासिम सिद्दीकी ने भाजपा के अरिदम डे को 2,995 वोटों से हराया, जबकि आमता में भाजपा के अमित सामंत ने तृणमूल के सुकांत कुमार पॉल को 4,454 वोटों से हराया। चंपदानी में भाजपा के दिलीप सिंह ने तृणमूल के अरिदम गुइन को 3,026 वोटों से हराया और हरिपाल में भाजपा की मधुमिता घोष ने तृणमूल की कराबी मन्ना को 3,488 वोटों से हराकर जीत हासिल की। हरिरामपुर में तृणमूल के बिप्लब मित्रा ने भाजपा के देबब्रत मजूमदार पर 1,986 वोटों से जीत हासिल की और काशीपुर-बेलगाछिया में भाजपा के रितेश तिवारी ने तृणमूल के दिग्गज नेता अतीन घोष को 1,651 वोटों के अंतर से हराया। इसी तरह लाभपुर में भाजपा के देबाशीष ओझा ने तृणमूल के अभिजीत सिन्हा को 3,550 वोटों से हराया, और मध्यमग्राम में तृणमूल के रथिन घोष ने भाजपा के अनिद्य बनर्जी को 2,399 वोटों से हराया।

मंदिरबाजार में तृणमूल के जयदेब हलदर ने भाजपा की मल्लिका पाइक को 1,995 वोटों से हराया। पांडेबेश्वर में भाजपा के जितेंद्र कुमार तिवारी ने तृणमूल के नरेंद्रनाथ चक्रवर्ती को 1,398 वोटों से हराया। सिताई में तृणमूल की संगीता रॉय ने भाजपा के आशुतोष बर्मा को 2,721 वोटों से हराया, जबकि उलुबेरिया उत्तर में भाजपा को जीत मिली, जहां चिरन बेरा ने तृणमूल के बिमल कुमार दास को 2,177 वोटों से हराया।

## मालीवाल ने पंजाब की कानून-व्यवस्था को लेकर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** पंजाब में हाल के घटनाक्रमों पर चिंता जताते हुए भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल ने कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भगवंत मान पर भी निशाना साधा है। स्वाती मालीवाल ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पंजाब में एक ही दिन में दो संवेदनशील स्थानों पर धमाके हुए हैं। पिछले सप्ताह एक रेल ट्रैक पर भी विस्फोट की घटना सामने आई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में दिनदहाड़े गोलियां चलने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आती है। सांसद ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर भी निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे गंभीर हालात के बावजूद मुख्यमंत्री विधायकों को बड़ी संख्या में बसों और गाड़ियों में भरकर दिल्ली लेकर आए।

# आग की घटनाओं को लेकर फायर फाइटिंग प्लान में जुटी सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार आग की घटनाओं और उससे हो रही जन-धन की हानि को रोकने और भविष्य में ऐसी त्रासदियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से व्यापक, मजबूत और परिणामोन्मुख फायर फाइटिंग मास्टर प्लान तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में त्वरित और ठोस कदम उठाते हुए संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे मात्र 10 दिनों के भीतर आग की घटनाओं के कारणों, जोखिम वाले क्षेत्रों, मौजूदा व्यवस्थाओं की खामियों और ठोस निवारक उपायों को शामिल करते हुए एक विस्तृत ब्लू प्रिंट तैयार करें और उनके सामने प्रस्तुत करें।

उन्होंने यह भी कहा कि आग की घटनाओं से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए भी त्वरित और प्रभावी कदम उठाएं। मुख्यमंत्री ने आग की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस अहम बैठक में गृह एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, अग्निशमन विभाग, दिल्ली नगर निगम, डीडीएमए, बिजली व अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में राजधानी में आग की घटनाओं के मौजूदा परिदृश्य, चुनौतियों और उनके स्थायी समाधान को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा है कि आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए संबंधित सभी विभागों को हर स्तर पर सशक्त, जवाबदेह और सक्रिय बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई के लिए कोई स्थान न बचे।

# उत्तम नगर हत्याकांड मामले में दिल्ली पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट

**■ 18 आरोपी नामजद दो नाबालिग जेजेबी के हवाले**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दिन हुए विवाद में 26 वर्षीय तरुण की मौत के मामले में दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए द्वारका कोर्ट में 500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है।

इस चार्जशीट में कुल 18 लोगों को आरोपी बनाया गया है जबकि इस पूरे मामले में कुल 20 आरोपी बनाए गए हैं, जिनमें से 2 नाबालिग हैं। नाबालिग आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मामला जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजेबी) को भेजने की अपील की गई है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 4 मार्च को होली के दिन उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में हुई थी। एक 7 से 9 साल की बच्ची द्वारा फेंका गया पानी का गुब्बारा सड़क पर खड़ी एक महिला को लग गया, जिसके बाद मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर एक पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

चार्जशीट में बताया गया है कि इस झड़प के बाद तरुण को उसके घर के पास रोककर बेरहमी से पीटा गया। गंभीर रूप से घायल तरुण को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन अगले दिन उसकी मौत हो गई। तरुण डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स कर रहा था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट, गैरकानूनी जमावड़ा, दंगा भड़काने समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 95 और 103(2) भी जोड़ी गई हैं।

जांच के दौरान दो आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। उनके खिलाफ कोर्ट से गैर-जमानती वारंट जारी किए जा चुके हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। हालात को देखते हुए भारी पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएअफ) की तैनाती की गई थी।

मामले ने सांप्रदायिक रंग भी ले लिया था, जिसके चलते ईद के दौरान भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट पर नजर रखी गई। इस घटना पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आई थीं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई नेताओं ने इस घटना की निंदा करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया था।

# मौजमस्ती के लिए बुलाई गई युवती ने साथियों संग की किडनेपिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महिपालपुर में अपहरण व फिरौती के मामले के तहत एक युवक का अपहरण कर लिया और यूपी में एटा समेत कई जगहों पर लेकर युवक के परिजनों से फिरौती मांगी।

पीड़ित युवक ने एक युवती को मौजमस्ती के लिए बुलाया था। जिले की वसंतकुंज (साउथ) थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता को लेते हुए पीड़ित को एक दिन ही में आरोपियों के चुंगल से मुक्त करा लिया। पुलिस ने दो महिला, एक नाबालिग समेत चार को पकड़ा है। मुख्य बालिग आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। दक्षिण- पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने इस घटना की पुष्टि तो की है, मगर उन्होंने ये कहते हुए कुछ भी बताने से इनकार कर दिया कि इस मामले में अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही हैं।

जिले के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिपालपुर में रहने वाले एक युवक ने 28 अप्रैल को मौजमस्ती के लिए एक युवती ऑनलाइन बुलाई थी। कार से कुछ युवक व महिलाएं युवती को लेकर महिपालपुर उसे छोड़ने आए। पीड़ित युवक ने युवती को पसंद नहीं किया और वापस जाने को कहा। इस पर आरोपी कहने लगे कि वह काफी दूर से युवती को लेकर हैं, अतः उनको खुद खर्चा दे दे। युवक ने आरोपियों को कुछ भी खर्चा देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित युवक का कार में अपहरण कर लिया। वह उसे दिल्ली में घुमाते हुए यूपी में एटा व मैनपुरी समेत अन्य जगहों पर ले गए। आरोपियों ने युवक के परिजनों से फिरौती मांगी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी।



मुख्यमंत्री आगजनी की घटनाओं को लेकर सचिवालय में गृह मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव राजीव वर्मा व अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी के साथा विचार-विमर्श करते हुए।

## एक नजर

### बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा की घटनाएं निंदनीय: जमात ए इस्लामी हिंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जमात ए इस्लामी हिंद ने आज बुधवार को अपने मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बंगाल तमिलनाडु में सत्ता परिवर्तन केरल, पुडुचेरी और असम में वर्तमान सरकारों को जनादेश मिलने पर संतोष जताया है।

जमात के उपाध्यक्ष मलिक मोहतसिन खान और इंजीनियर सलीम अहमद ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा की घटनाएं निंदनीय है। उन्होंने कहा कि टीएमसी को हराकर भारतीय जनता पार्टी ने वहां पर जनादेश प्राप्त किया है और आने वाले दिनों में नई सरकार भी बनने वाली है। लेकिन भाजपा समर्थकों के जरिए टीएमसी के कार्यालय और उनके नेताओं के घरों और दफ्तरों पर किए जा रहे हमले,तोड़फोड़ और सांप्रदायिक नारेबाजी की घटना दिल को झकझोर देने वाली है। उन्होंने बंगाल में एसआईआर के नाम पर लाखों लोगों के नाम काटे जाने और उन्हें मताधिकार से वंचित किए जाने के चुनाव आयोग के फैसले पर भी सवाल खड़ा किया हैघ। उन्होंने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर लोगों को चुनाव में मतदान से वंचित करना सही कदम नहीं था।

### सिंधी समाज द्वारा जापान-कोरिया कांक्लेव

**नई दिल्ली।** जड़ें जमीन से उखड़ सकती हैं लेकिन संस्कारों से नहीं। इसी अटूट संकल्प के साथ सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा एक ऐतिहासिक जापान-कोरिया कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। घसिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के वरिष्ठ सलाहकार मोहन आहूजा ने इस आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह यात्रा केवल एक भ्रमण नहीं बल्कि सिंधी समुदाय के शविस्थापन से विस्तारश तक की एक जीवंत काव्यरचना है। घविभाजन का दंश और उद्यमशीलता का महाकाव्य1947 के विभाजन की अग्निपरीक्षा में अपना सब कुछ खो देने के बावजूद सिंधी समाज ने शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। बिना किसी सरकारी सहायता की प्रतीक्षा किए इस पुरुषार्थी समुदाय ने अपनी भाषा, संस्कृति और लोकगीतों को न केवल जीवित रखा बल्कि आज व्यापार जगत के सम्राट के रूप में वैश्विक पटल पर स्वयं को स्थापित किया है। घ्इस आयोजन में देश-विदेश के 250 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं, जिनमें वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, राजनीतिक नेतृत्व और दिग्गज व्यापा. रिक घराने शामिल हैं।

### रेंज रोवर के सीबीयू मॉडल्सकी कीमतों में की कटौती

**नई दिल्ली।** भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते के संभावित क्रियान्वयन को देखते हुए, जेएलआर इंडिया ने आज यूके से आयातित सीबीयू रेंज रोवर मॉडल्स की कीमतों में बड़ी कटौती की घोषणा की है। संशोधित ड्यूटी स्ट्रक्चर के कारण कीमतों में हुआ यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इस घोषणा के अनुसार, रेंज रोवर एसवी की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 4.25 करोड़ से घटाकर 3.50 करोड़ कर दी गई है। कीमत में इस बड़ी कटौती के साथ-साथ कंपनी ने इसके आकर्षण को और बढ़ाते हुए पहली बारएसवी मेटेलिक पेंट्स को स्टैंडर्ड फीचर के रूप में शामिल किया है।

### विदेशों तक सुनाई दे रही चुनावों में मिली सफलता की गूंज

**नई दिल्ली।** चुनावों में मिली सफलता की गूंज अब विदेशों तक साफ सुनाई दे रही है। यह जनादेश देश की जनता के विश्वास, विकास की आकांक्षा और राष्ट्रप्रेम का स्पष्ट संदेश है, जिसे दुनिया भर में बसे भारतीय पूरे उत्साह के साथ मना रहे हैं। क्वीन्सबरी में बसे भारतीय समुदाय ने इस ऐतिहासिक विजय का जोरदार जश्न मनाते हुए देशभक्ति और एकता का संदेश दुनिया तक पहुंचाया। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मिली इस बड़ी जीत को प्रवासी भारतीयों ने भारत की बढ़ती ताकत, गौरव और वैश्विक प्रभाव का प्रतीक बताया। तिरंगे के साथ जुटे लोगों ने नारेबाजी, गीतों और उत्साह के बीच अपनी मातृभूमि के प्रति गहरा लगाव और गर्व व्यक्त किया। परम पूज्य राजराजेश्वर गुरुजी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग शामिल हुए।

## ओखला मंडी के पास फैक्ट्री में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ओखला सब्जी मंडी के पास स्थित फ्लैटेड फैक्ट्री में बुधवार सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। तीन मंजिला इमारत की छत पर फंसे सात लोगों को फायर ब्रिगेड की टीम ने बचाकर सुरक्षित नीचे उतरा।

दोपहर 1.00 बजे तक आग पर काबू पाने के लिए टीम प्रयास कर रही है। इमारत से अभी भी धुआं उठ रहा है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# महापौर ने सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महापौर प्रवेश वाही ने आज सभी जोनल उपायुक्तों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमे दिल्ली में सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए ठोस और प्रभावी कार्ययोजना पर जोर दिया गया।

बैठक में महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जोन अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से और अधिक सुदृढ़ करें। महापौर ने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई जाती है, वहां संबंधित कूड़ा प्रबंधन प्राइवेट एजेंसी की जवाबदेही तय की जाएद्य उन्होंने विशेष रूप से जोन के सभी संवेदनशील स्थानों (वल्नरेबल प्वाइंट्स) की पहचान कर वहां नियमित और विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि जोन के सेनेटरी सुपरवाइजर (ै) और असिस्टेंट सेनेटरी इंस्पेक्टर (ी८) फील्ड में सक्रिय रूप से मौजूद रहकर सफाई कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करें, ताकि जमीनी स्तर पर प्रभावी सुधार दिखाई दे। सफाई कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए महापौर श्री प्रवेश वाही ने एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा करते हुए कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिलेगा और सफाई व्यवस्था में और सुधार आएगा।महापौर ने यह भी निर्देश दिया कि सभी सफाई कर्मचारी अपनी वर्दी पहनकर कार्य करें, जिससे न केवल अनुशासन सुनिश्चित होगा बल्कि एमसीडी की सकारात्मक छवि भी मजबूत होगी।महापौर ने कहा कि रेहड़ी-पटरी को भी जागरूक किया जाए।

# सस्टेनेबल एग्रीकल्चर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एफएमसीजी समूह और मल्टी-बिजनेस कॉरपोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने राजस्थान में अपने सस्टेनेबल कृषि प्रोजेक्ट की वृद्धि की घोषणा की है। इसके तहत करौली के सुदूर क्षेत्र डांग में दो नए बायो-रिसोर्स सेंटर (बीआरसी ) का उद्घाटन किया गया है।

इस पहल को आगे बढ़ाते हुए, बीआरसी नेटवर्क अब 30 केंद्रों तक पहुंच गया है, जो राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 86 गांवों के किसानों को सहयोग प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर डीएस ग्रुप के सस्टेनेबिलिटी और सीएसआर के जनरल मैनेजर,प्रभाकांत जैन ने समूह के दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा, "डीएस ग्रुप में यह पहल जमीनी स्तर पर मापने योग्य प्रभाव पैदा करने की हमारी व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इन बायो-रिसोर्स सेंटरों के माध्यम से हम किसानों को कम लागत और रसायन-मुक्त खेती की ओर बढ़ने में सक्षम बना रहे हैं, जिससे मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, इनपुट पर निर्भरता में कमी और आजीविका की मजबूती सुनिश्चित हो रही है।



पश्चिमी जिला पुलिस के जवान सामुदायिक पुलिसिंग पहल 'विमुक्त' की शुरूआत करते हुए।

# पश्चिमी जिला पुलिस ने सामुदायिक पुलिसिंग पहल विमुक्त शुरू की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पश्चिमी जिला पुलिस ने, नशामुक्त और अपराधमुक्त पार्क सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामुदायिक पुलिसिंग पहल 'विमुक्त' शुरू की है। इस पहल में आर डब्ल्यूए, एमडब्ल्यूए और स्थानीय निवासियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है, जो सार्वजनिक स्थानों से असामा. जिक तत्वों की पहचान करने और उन्हें हटाने के लिए पुलिस के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। दिल्ली के पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर ने बताया कि इस पहल के तहत, जो नागरिक पार्कों में सुरक्षा और निगरानी बनाए रखने में स्वेच्छा से पुलिस की सहायता कर रहे हैं, उन्हें "पार्क मित्र" के रूप में नामित किया जा रहा है।

ये पार्क मित्र जानकारी साझा करके और अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में मदद करके पुलिस का सहयोग कर रहे हैं।पश्चिमी जिले भर में 265 पार्कों का एक व्यापक सर्वेक्षण किया गया है। अंधेरे वाले स्थान, खराब रोशनी, टूटे हुए गेट और अनियंत्रित प्रवेश/निकास बिंदुओं जैसी समस्याओं की पहचान की गई है और संबंधित नागरिक एजेंसियों के समन्वय से उनका समाधान किया जा रहा है।पुलिस और जनता के बीच मजबूत समन्वय बनाने के लिए, प्रत्येक पुलिस स्टेशन के अंतर्गत दो पार्कों में दैनिक "विमुक्त चौपाल" सत्र आयोजित किए जा रहे हैं (शाम 6 से 9 बजे तक)। नागरिक और पार्क मित्र नशीले पदार्थों के दुरुपयोग, शराब के सेवन और संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सक्रिय रूप से जानकारी साझा कर रहे हैं, जिससे लक्षित हस्तक्षेप और निवारक कार्रवाई संभव हो पा रही है।

# 10 मई के बाद एक बार फिर होगा तेज धूप व गर्मी का एहसास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एनसीआर में मौसम का मिजाज इन दिनों बदला हुआ नजर आ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक क्षेत्र में इस बदले हुए मौसम का असर बना रहेगा, जिससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

हाल के पूर्वानुमान के मुताबिक 7 मई तक मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना रहेगा, हालांकि कुछ स्थानों पर गरज-चमक और तेज हवाओं की संभावना भी जताई गई है। 6 मई को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दिन आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ बिजली चमकने की संभावना जताई गई है। 7 मई को तापमान में हल्का इजाफा देखने को मिलेगा, जहां अधिकतम 36 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री रहने की संभावना है। इस दिन खास तौर पर दिन के समय तेज सतही हवाएं चलने का पूर्वानुमान है, जबकि आर्द्रता 65 से 45 प्रतिशत के बीच रह सकती है। 8 मई को भी मौसम सामान्य बना रहेगा, आसमान मुख्यतः साफ रहने की उम्मीद है। इस दिन अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री रहने का अनुमान है।

हालांकि इसके बाद मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। 9 मई से तापमान में तेजी से बढ़ोतरी शुरू होने की संभावना है। इस दिन अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री रहने का अनुमान है। मौसम साफ रहेगा और आर्द्रता 60 से 35 प्रतिशत के बीच रह सकती है। 10 मई को गर्मी और बढ़ेगी, अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस दिन भी आसमान साफ रहने की संभावना है। 11 मई को भी गर्मी का असर जारी रहेगा, जहां अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री रहने की संभावना है।

इस दिन आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 10 मई के बाद एनसीआर में तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है, जिससे लोगों को फिर से गर्मी का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल, अगले दो दिनों तक मौसम राहत भरा रहेगा, लेकिन उसके बाद तेज गर्मी की वापसी तय मानी जा रही है। ऐसे में लोगों को सलाह दी गई है कि बदलते मौसम के बीच स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और गर्मी बढ़ने पर आवश्यक सावधानियां अपनाएं।

# सिंचाई विभाग ने मुकुंदपुर नाले का नियंत्रण अपने हाथ में लेने का किया था आग्रह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण (आई एंड एफसी) विभाग ने पिछले साल दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को पत्र लिखकर उससे मुकुंदपुर नाले का प्रबंधन अपने हाथ में लेने का अनुरोध किया था। इसी नाले में गिरने से रविवार शाम को दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई थी।

सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि गुर्जर चौक और रामलीला मैदान के बीच स्थित यह नाला, छोटे नालों की श्रेणी में आता है, जिनका रखरखाव आमतौर पर एमसीडी करती है। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग ने अपने पत्र में कहा था, ''कृपया इन नालों के रखरखाव का ध्यान रखें ताकि वहां रहने वाले लोगों को कोई असुविधा नहीं हो। सूत्रों का दावा है कि अनुरोध के बावजूद एमसीडी ने नाले के रखरखाव की जिम्मेदारी नहीं ली। उन्होंने बताया कि चूंकि नाला चार फुट से कम चौड़ा है, इसलिए इसकी सफाई और रखरखाव नगर निगम की जिम्मेदारी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T03, दिनांक: 05-05-2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्रम सं.-01, कार्य का नामः नन्दगंज पर लाइन-03 के लिये स्टॉप बोर्ड के स्थान पर शंट सिग्नल की व्यवस्था व लाइन-04 के लिये स्टार्टर को सामान्य लूप बनाने के लिये और एक डॉक माल शेड रनिंग लाइन (सीएसएल-750 मीटर) और शंटिंग नेक (सीएसएल-750 मीटर) का प्रावधान के संबंध में 25 केवी ओएचई विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T03, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में ₹ 2,75,77,244.66, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 5,51,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 28-05-2026 up to 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि: 09 माह।

- खुली ई-निविदा दिनांक 28-05-2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-33 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## वायरिंग चोर गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया करीब चार किलोग्राम बिजली का कटा हुआ तार बरामद हुआ है। पांच अप्रैल को बलजिंदर कौर पत्नी स्व. देवेंद्र सिंह निवासी गुरू नानक कॉलोनी (दरियापुर), थाना नजीबाबाद ने तहरीर दी थी कि चोर ने घर में घुसकर मकान की बिजली की फिटिंग की वायरिंग काटकर चोरी कर ली। तहरीर के आधार पर थाना नजीबाबाद में मुकदमा अपराध संख्या 212/2026 धारा 305(क) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था।

# चौधरी अजीत सिंह जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक केंद्रीय मंत्री व किसानों के मसीहा श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर हवन किया गया। तत्पश्चात चौ. अजीत सिंह जी के किये गए कार्यों पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष ने की। संचालन हिमांशु नागर ने किया।



कार्यक्रम में प्रमुख सर्व चौधरी तेजपाल सिंह सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्टी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ, अमरीश त्यागी, वरिष्ठ नेता अजय प्रमुख, इंदरजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक, कुंवर अय्यूब अली एडवोकेट वरिष्ठ नेता, अजयवीर सिंह एडवोकेट, योगेंद्र पतला क्षेत्रीय महासचिव, डॉ पूनम गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, प्रदेश सचिव ओ डी त्यागी, विनोद गौतम जिला उपाध्यक्ष, अंकुर त्यागी जिला अध्यक्ष सहकारिता, नरेन्द्र जाटव जिला अध्यक्ष ब प्रकोष्ठ, हिमांशु त्यागी, अलोक चौधरी विधानसभा अध्यक्ष, आदि ने अपने विचार रखे, और उनके संस्मरण बताये, डॉ. किशनलाल, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, प्रदीप त्यागी प्रदेश उपाध्यक्ष दीपमाला चौधरी, इदरानी त्यागी क्षेत्रीय अध्यक्ष, तुषार कौशिक युवा अध्यक्ष, विवेक शर्मा, शाकिर अली, संजय बैंसला, अरुण शर्मा विधानसभा अध्यक्ष, सतपाल सलेमाबाद, पप्पू चौधरी मिलक चाकरपुर, नीरज सहरावत जलालाबाद, सुरेन्द्र खुरमपुर, मुन्ना खां सलेमाबाद, गौरव शर्मा, राजेंद्र नेता जी सलेमाबाद, रामलाल जाटव, नसीम खान, प्रदीप मुखिया क्षेत्रीय महासचिव, ललित सैन सभासद, रामभरोसेलाल मौर्य, श्रीमती सुमन चौधरी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सतेंद्र तोमर वरिष्ठ नेता, मनोज चौधरी जिला उपाध्यक्ष, जयदीप चौधरी जिला अध्यक्ष युवा, विनोद चौधरी क्षेत्रीय महासचिव, जुनैद विधानसभा अध्यक्ष, कृष्णा नागर, मनोज त्यागी नगर अध्यक्ष, मुनिन्द्र बिल्ला, अलोक डागर दुहाई, दिनेश शर्मा, संजीव अरोड़ा, मोबीन अली, अमित त्यागी लोनी, जगराम सिंह, पुण्यतिथि के मौके पर सर्व सम्मति से चौधरी अजीत सिंह जी के जन्मस्थली गांव भदोला तहसील मोदीनगर जनपद गाजियाबाद में प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव रालोद के जिला कार्यालय पर उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रस्ताव लाया गया है।

## मोदी नेतृत्व पर जनता की मुहर पर आभार: बख्शी

**शेरकोट।** अल्पसंख्यक समाज में मजबूत पकड़ रखने वाले भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौहम्मद परवेज बख्शी ने भाजपा की पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी तीनों राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली प्रचंड सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह जीत विश्व के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और लोक कल्याणकारी नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। एमपी बख्शी ने बताया कि चुनाव परिणामों ने यह साफ कर दिया हैं कि देश की जनता विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व को प्राथमिकता देती हैं। एमपी बख्शी जो समय-समय पर संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी पूरी मेहनत, लगन से निभाते हैं। उन्होंने कहा कि असम में लगातार तीसरी बार सरकार का गठन और पुडुचेरी में दूसरी बार सरकार बनना ऐतिहासिक उपलब्धि है। वहीं बंगाल में प्रचंड बहुमत की सरकार बनना यह दर्शाता है कि भाजपा की नीतियों और कार्यशैली को देशभर में व्यापक समर्थन मिल रहा हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह जनादेश पीएम मोदी के नया भारत, विकसित भारत के संकल्प को नई दिशा ऊर्जा प्रदान करेगा।

# लोनी में विकास कार्यों की सौगात: रंजीता धामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रंजीता धामा ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कॉलोनी वासियों ने लोनी की नगर पालिका अध्यक्ष का फूलमाला पहनकर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया ।रंजीता धामा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज वार्ड नंबर 33 की डीएलएफ कॉलोनी में लगभग 91लाख रूपए की लागत से तीन पार्क का सौन्दर्यकरण व चारदीवारी करायी व पेड़-पौधों की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा कराई जायेगी।



वार्ड 44 के कासिम विहार, खुशहाल पार्क की कॉलोनी में भी करोडों रुपए के विकास कार्य का वही वार्ड 24 डाबर तालाब में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स व आसीसी की नालियों के विकास कार्यों का रिबन काटकर उद्घाटन किया ।

अध्यक्ष रंजीता धामा ने आगे कहा कि लगभग 100 करोड रुपए की लागत से विकास कार्यों की परियोजना बनायी गयी है। इस अवसर पर कॉलोनी वासियों ने अध्यक्ष रंजीता धामा व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज धामा को धन्यवाद दिया ।

इस अवसर पर सभासद रामनिवास त्रिपाठी ,इकबाल अंसारी, सुधीर तोमर ,भूरे भाई, मकसूद भाई, सदर साहब, राजीव त्यागी, अशोक कुमार, हनी तोमर, रियाज भाई, नदीम भाई, आदिल शेख, जब्बार मलिक ,राजीव पोद्दार, अनीता देवी ,पूजा ,शिखा चौधरी,सुषमा देवी, आरती, सलमा, साहिबा, फिरदौस, रुखसार, अफसाना, गुलनाज, अक्सा, तबस्सुम, शाहिदा, नूर बानो बिल्किस सहित सैकड़ो की संख्या में कॉलोनी वासी उपस्थित रहे ।

# कोल्ड ड्रिंक पीने से परिवार बेहोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** कोल्ड ड्रिंक पीने से एक परिवार के चार सदस्य बीमार पड़। जिन्हें एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।



कोतवाली देहात के मौहल्ला रजा कॉलोनी निवासी रियाज अहमद अपने बीवी बच्चों के साथ आज सुबह बेहोशी की हालत में अपने घर में पाए गए, पड़ोसियों ने उन्हें एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। होश में आने पर रियाज अहमद ने बताया कि बीती रात वह मौहल्ले की दुकान से कोल्ड ड्रिंक खरीद कर लाया था। कोल्ड ड्रिंक उसकी पत्नी शबाना (35 वर्ष), बेटे आदिल (17 वर्ष), बेटी अबुल नाज (10 वर्ष) और छोटे बेटे अली सलामुद्दीन (8 वर्ष) ने पी थी। उसके बाद वह लोग सो गए थे, रियाज अहमद के अनुसार सुबह उनके मोबाइल पर उनके रिश्तेदारों के लगातार फोन आ रहे थे, लेकिन जब फोन नहीं उठा, तो रिश्तेदारों ने पड़ोस के लोगों से बात की। पड़ोसियों के देखने पर पता लगा कि वह बेहा.ेशी की हालत में पड़े हुए हैं। उन्हें डॉक्टर के यहां लाया गया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। हालांकि अभी किसी तरह की कोई शिकायत दुकानदार के खिलाफ नहीं की गई है। रियाज अहमद मूल रूप से फूलसंदा निवासी हैं। हाल में वह कोतवाली देहात की रजा कॉलोनी में रह रहे हैं।

## आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में फेयरवेल पार्टी 2K26 का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे जोश के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, संगीत, नृत्य और मनोरंजक गतिविधियों ने माहौल को यादगार बना दिया।

छात्रों ने अपने कॉलेज जीवन की सुनहरी यादों को साझा किया और एक-दूसरे के साथ भावनात्मक पल भी बिताए। कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल के. अहलावत ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी अपने ज्ञान, कौशल और संस्कारों के साथ जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें और संस्थान का नाम रोशन करें। यह फेयरवेल समारोह विद्यार्थियों के लिए यादगार बन गया, जहां विदाई के साथ-साथ नए सपनों और संभावनाओं की शुरुआत का संदेश भी दिया गया।

# कानूनी संघर्ष के बाद संजय नगर रामलीला कमेटी में नया अध्याय

### वीरेंद्र बाबू वर्मा पक्ष के सभी नौ प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित, विकास भवन में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संजय नगर सेक्टर-23 स्थित श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी के बहुप्रतीक्षित प्रशासनिक चुनाव को जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गए। करीब दो वर्षों से चल रहे कानूनी और संगठनात्मक विवाद के बाद हुए इस चुनाव में वीरेंद्र बाबू वर्मा पक्ष ने पूर्ण वर्चस्व स्थापित करते हुए सभी नौ पदों पर निर्विरोध जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया और इसे "संगठनात्मक एकजुटता तथा न्यायिक प्रक्रिया की जीत" बताया गया।



कमेटी के अध्यक्ष पद पर अशोक चांदीवाल, उपाध्यक्ष पद पर पवन शर्मा तथा महामंत्री पद पर अरुण शर्मा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

इसके अतिरिक्त मंत्री पद पर के.के. शर्मा, संगठन मंत्री पद पर पुष्पेंद्र राघव, प्रचार मंत्री पद पर योगेंद्र सिंह तथा कार्यालय मंत्री पद पर रामेश्वर सिंह सहित सभी प्रत्याशी बिना किसी मुकाबले के विजयी रहे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह रहा कि दूसरे पक्ष की ओर से किसी भी पद पर कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया। परिणामस्वरूप निर्वाचन अधिकारी ने सभी नौ प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया।

राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही इस जीत को कमेटी के भीतर लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता के अंत के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव परिणाम आने के बाद समर्थकों ने इसे संगठन की स्थिरता और पारदर्शी प्रक्रिया की जीत बताया।

कमेटी सदस्यों ने चुनाव के बाद दोनों के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों ने संगठन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद अब कमेटी का ध्यान आगामी रामलीला आयोजन, धार्मिक कार्यक्रमों और सामाजिक गति. विधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने पर रहेगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि लंबे विवाद के समाप्त होने से अब संगठन पहले की तुलना में अधिक सक्रिय और मजबूत भूमिका में दिखाई देगा।

# फादरसन स्कूल में खो-खो प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** फादर सन पब्लिक स्कूल में आज इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। खो-खो प्रतियोगिता (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान, पैसिफिक हाउस, द्वितीय स्थान अमेजन हाउस, तृतीय स्थान ज्यूपिटर हाउस, चतुर्थ स्थान नाइल हाउस ने प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान नाइल हाउस, द्वितीय स्थान ज्यूपिटर हाउस, तृतीय स्थान पैसिफिक हाउस, चतुर्थ स्थान अमेजन हाउस ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न कक्षाओं के लिए आयोजित मनोरंजक गति. विधियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हाउस इस प्रकार रहे। कक्षा 1 (बालक वर्ग) रिक्रिएशन एक्टिविटी: नाइल हाउस (प्रथम), कक्षा 1 (बालिका वर्ग) बैलेंस रेस (हुला हूप्स): ज्यूपिटर हाउस (प्रथम), कक्षा 2 (बालक वर्ग) अपर बॉल एक्टिविटी: नाइल हाउस एवं पैसिफिक हाउस (प्रथम), कक्षा 2 (बालिका वर्ग) टीमवर्क कोन शिफ्टिंग: ज्यूपिटर हाउस एवं पैसिफिक हाउस (प्रथम), कक्षा 3 (बालक वर्ग) कोन शिफ्टिंग: पैसिफिक हाउस एवं ज्यूपिटर हाउस (प्रथम), कक्षा 3 ( बालिका वर्ग) रिले रेस: पैसिफिक हाउस (प्रथम), कक्षा 4 (बालक वर्ग) रिले रेस: पैसिफिक हाउस (प्रथम), कक्षा 4 (बालिका वर्ग) रिले रेस: पैसिफिक हाउस (प्रथम), कक्षा 5 (बालक वर्ग) रिले रेस: अमेजन हाउस (प्रथम), कक्षा 5 (बालिका वर्ग) रिले रेस: नाइल हाउस (प्रथम) रहा। कार्यक्रम फिजिकल डिपार्टमेंट हेड विरेश कुमार यादव, डिसिप्लिन हेड अर्चना चौधरी तथा पीटीआई प्रिया के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रिंसिपल अमन कुमार सूर्यवंशी एवं प्राइमरी डिपार्टमेंट हेड मिनी फ्रांसिस ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार की ओर से उन सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।




# महिला से छेड़छाड़ पर दरोगा को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला क्षत्रिय नगर स्थित बाबा पानपदास समाधि स्थल परिसर में देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब कस्बा इंचार्ज पर एक महिला ने अश्लील छेड़छाड़ के गंभीर आरा.ेप लगा दिए। आरोपों के बाद महिला के परिजनों और दरोगा के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दरोगा घायल हो गया। पुलिस ने घायल दरोगा को उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। घटना पुलिस विभाग से जुड़ी होने के कारण मामला बेहद संवेदनशील माना जा रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार कस्बा इंचार्ज ब्रह्मपाल गिरी पिछले करीब आठ माह से बाबा पान पदास समाधि स्थल परिसर में रह रहे थे। उसी परिसर में समाधि स्थल की खेती का ठेका लेने वाला परिवार भी निवास करता है। महिला हेमलता पत्नी ओमवेश का आरोप है कि बीती रात वह शौच के लिए बाहर गई थी। इसी दौरान दरोगा ब्रह्मपाल गिरी वहां पहुंचे और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर छीना-झपटी हुई, जिसमें उसके कपड़े फट गए। महिला ने यह भी दावा किया कि हाथापाई के दौरान दरोगा की वर्दी की नेम प्लेट और स्टार टूटकर नीचे गिर गए। महिला की चीख-पुकार सुनकर उसका पति और देवर राहुल मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। इसी दौरान दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि धक्का-मुक्की के दौरान उसका सिर दीवार से टकरा गया, जिससे उसे गंभीर चोट आई।

घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दरोगा को तत्काल उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। उधर पुलिस ने दरोगा ब्रह्मपाल गिरी की तहरीर पर ओमवेश और राहुल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं महिला द्वारा लगाए गए छेड़छाड़ के आरोपों की भी जांच शुरू कर दी गई है। एएसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। प्रारंभिक जांच में गुरु गद्दी विवाद का पहलू भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि दरोगा के साथ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि महिला के आरोपों की भी गंभीरता से जांच की जा रही है। वहीं गुरु गद्दी के मुख्य पुजारी पूरन दास महाराज ने दावा किया कि दरोगा उनकी अनुमति के बिना परिसर में रह रहे थे। घटना के बाद धार्मिक स्थल और आसपास के क्षेत्र में लोगों की भीड़ लगी रही तथा दिनभर मामले को लेकर चर्चाएं होती रहीं।

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नजीबाबाद।** जनता की समस्याओं को लेकर पूर्व भाजपा प्रत्याशी शुभम अग्रवाल उर्फ लवी अग्रवाल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इंडेन गैस गोदाम की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि गैस गोदाम में प्रतिदिन दिए जाने वाले सिलेंडरों की लिस्ट एक दिन पहले एजेंसी के बाहर चस्पा की जाए। दूर-दराज से आने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक व्हाट्सएप नंबर उपलब्ध कराया जाए, जिस पर मिस्ड कॉल करते ही प्रतिदिन की सिलेंडर लिस्ट अपलोड हो जाए। ज्ञापन में महिलाओं और विकलांगों को गैस गोदाम पर प्रथम वरीयता देने, लोगों के बैठने व स्वच्छ पानी की व्यवस्था करने की मांग की गई। साथ ही स्टाफ की कमी के कारण हो रही अव्यवस्था को दूर करने के लिए अतिरिक्त स्टाफ तैनात करने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में एक रजिस्टर की व्यवस्था करने का सुझाव भी दिया गया, जिसमें आने वाला व्यक्ति अपना नाम, फोन नंबर, कनेक्शन नंबर व समस्या अंकित कर सके। भाजपा नेता शुभम अग्रवाल ने कहा कि इंडेन गैस गोदाम पहुंचने वाले लोगों की समस्याओं को देखते हुए व्यवस्थाओं में सुधार अति आवश्यक है। इस मौके पर रॉबिन बंसल, आयुष बंसल, दिनेश बंसल, संजीव अग्रवाल, दिनेश सक्सेना, राकेश, शिवम अग्रवाल, आशुतोष, अशोक व शशांक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बिंदल चीनी मिल क्षेत्र का औचक निरीक्षण

### गन्ना विकास और कीट नियंत्रण गतिविधियों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चीनी मिल एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा संचालित संयुक्त सर्वे और विकास गतिविधियों की जमीनी हकीकत जानने हेतु आज विभागीय अधिकारियों द्वारा बिंदल चीनी मिल क्षेत्र का सघन भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान गन्ने की फसल को कीटों से बचाने के लिए चलाए जा रहे एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) अभियान की समीक्षा की गई। इससे पहले सर्वे कार्य का निरीक्षण करते हुए अपने भ्रमण की शुरुआत ग्राम नवादा और फीना की जिसमे सर्वेयर वरुण कुमार और रोहित कुमार खेतों में डिजिटल सर्वे करते हुए उपस्थित मिले। इस मौके पर अधिकारियों ने सर्वे की सटीकता सुनिश्चित करने हेतु उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। ग्राम फिना में कृषक चंदपाल के पेड़ी गन्ने के खेत में खरपतवार नाशी के छिड़काव के साथ-साथ शगन्ना चूसक कीटों का प्रभाव पाया गया। इसके समाधान हेतु उन्हें साइपेरमेथलीन और इमिदाक्लोरोप्रिद के प्रयोग की सलाह दी गई। यह कीटनाशक चीनी मिल और गन्ना समितियों पर रियायती दरों पर उपलब्ध हैं। इसी प्रकारकोसे- 13235 किस्म की पेड़ी में टॉप बोरर का प्रकोप देख कर प्रभावित शूट की कटिंग और चलोराएंटोनिलीप्रोले (सीटीपीआर) के प्रयोग का सुझाव दिया गया। इस दोरान ट्रेंच पद्धति और फेरोमोन ट्रैप का सफल प्रयोग देखने को मिला। ग्राम शिवाला कला में कृषक अश्वनी कुमार के ट्रेंच विधि से बोए गए को. 118 प्लाट का निरीक्षण किया गया। यहां लगाए गए फेरोमोन ट्रैप में 5 से 6 मोथ (शलभ) फंसे हुए पाए गए, जो कीट नियंत्रण की प्रभावशीलता को दर्शाता है। ग्राम तंगरौला में भी कृषक सुशील कुमार के शरद कालीन गन्ने में फेरोमोन ट्रैप के इंस्टालेशन और इमिडा के छिड़काव का अवलोकन किया गया। भ्रमण के अंतिम चरण में ग्राम पीपल जट में कृषक झाब्बर सिंह के खेत में शूट कटिंग का कार्य देखा गया, जहां लगभग 1-000 संक्रमित किल्ले (टिलर्स) नष्ट किए गए। उल्लेखनीय है कि चीनी मिल प्रतिनिधि द्वारा बताया गया की अब तक क्षेत्र में लगभग 7 लाख शूट कटिंग कराई जा चुकी है। उधर कृषकों में बीज बदलाव हेतु महिला समूहों द्वारा तैयार सीडलिंग की उपयोगिता बढ़ती जा रही है। ग्राम हीमपुर एवं आतारुदीनपुर में कृषक श्रवण कुमार के यहां कोसे 18231 एवं 16202 की सीडलिंग का सत्यापन किया।

## भाजपा ने जीत का जश्न मनाया

**नहटौर।** भाजपा द्वारा स्थानीय जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक मंडल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य हालिया चुनावी जीत का जश्न मनाना और 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति तैयार करना था। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में नवनियुक्त मंडल प्रभारी दयाशंकर राणा का मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत किया गया। नेताओं ने बंगाल और असम में पार्टी की जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। बैठक में संगठन के प्रति एकजुटता दिखाते हुए ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, वैभव गोयल, सिद्धांत जैन प्रशांत वर्मा, सुधीर चौधरी, ब्रजेश शर्मा, अर्पित गुप्ता, राजेश सैनी, सावन वाल्मीकि, धनंजय चौधरी, प्रदीप जोशी, समीर त्यागी, रामगोपाल सैनी, शोभित त्यागी, सिद्धार्थ जैन, विनीता शर्मा, रमीला पाल, राहुल चौधरी, नरेश पाल, मनुपाल सिंह, शेर सिंह, सुमित त्यागी, समशेर कुमार, सुमित वाल्मीकि सहित अन्य गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह यह दर्शाता है कि भाजपा मिशन 2027 के लिए पूरी तरह तैयार है। सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर सरकार की नीतियों को पहुंचाने का निर्देश दिया गया।

# नकली नोट की गड्डी दिखाकर ठगे एक लाख रुपये, दो आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पांच सौ रुपये की नकली नोट की गड्डी को असली बताकर लोगों से ठगी करने वाले एक अंतर्राज्जीय सिंडिकेट के दो सदस्यों जितेन्द्र और संदीप को नरेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक लाख 82 हजार पांच सौ रुपये,पांच सौ रुपये के छह सौ नकली नोट और वारदात में इस्तेमाल वर्ना कार बरामद की है। नकली नोटों पर भारतीय मनोरंजन बैंक' और 'चिल्ड्रन बैंक ऑ+फ इंडिया - 500 फुल ऑफ फन लिखा हुआ मिला। आरोपी बरामद नकली नोट कहां से और किससे लाते थे। पुलिस उनके मोबाइल फोन और सोशल मीडिया आईडी की भी जांच करके इनके सिंडिकेट के बारे में जानने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिकायतकर्ता, जो एक टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर है, से इंस्टाग्राम पर जितेंद्र नाम के एक व्यक्ति ने संपर्क किया। आरोपी ने पीडिघ्त को तथाकथित 'रिजेक्टेड बैंक नोटों' (बैंक द्वारा अस्वीकृत नोटों) से जुड़ा एक फर्जी ऑफर देकर लुभाया। उसने वादा किया कि पचास हजार रुपये की शुरुआती पेमेंट के बदले उसे तीन लाख रुपये मिलेंगे। बीते सोमवार को, पीडिघ्त महिपालपुर के पास आरोपी से मिला और पहली किस्त के तौर पर पचास हजार रुपये उसे सौंप दिए। इसके बाद, पीडिघ्त के भरोसे का फायदा उठाते हुए, आरोपी ने जित.ेंद्र की माँ की मेडिकल इमरजेंसी का बहाना बनाकर अतिरिक्त पचास हजार रुपये की मांग की। आखिरी लेन-देन सिंघु बॉर्डर, नरेला के पास हुआ, जहां पीडिघ्त ने बची हुई रकम आरोपी को सौंप दी। इसके बदले में, उसे एक सील.बंद पैकेट मिला, जिसमें कथित तौर पर कैश होने की बात कही गई थी।

## दिल्ली को जाम मुक्त करने को एनएचएआई तीन प्रमुख रास्तों को बनाएगा सिग्नल-फ्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के लगभग एक साल पुरानी गुजारिश को स्वीकार करते हुए, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने शहर के तीन सबसे अधिक भीड़भाड़ वाले कॉरिडोर को जाम-मुक्त बनाने की जिम्मेदारी संभाल ली है। एनएचएआई ने इन व्यस्त मार्गों के लिए व्यवहार्यता अध्ययन (फिजियबिलिटी स्टडी) और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आमतौर पर दिल्ली की आंतरिक सड़कों का रखरखाव लोक निर्माण विभाग (च्ॅक्) करता है। लेकिन इन रास्तों की जटिलता और राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ इनकी कनेक्टिविटी को देखते हुए दिल्ली सरकार ने एनएचएआई के हस्तक्षेप का अनुरोध किया था। इन मार्गों पर वर्तमान में भारी ट्रैफिक और कई सिग्नल होने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। मथुरा रोड (15 किमी) : यह दक्षिण दिल्ली को फरीदाबाद और आगरा से जोड़ता है। इस पर 7 प्रमुख ट्रैफिक लाइटें हैं (इंडिया गेट से 500 मीटर की दूरी पर पहली, इसके बाद निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, भोगल, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, जामिया कट, ब्त्प् और अपोलो अस्पताल)। रोहतक रोड (17 किमी) : यह पंजाबी बाग से शुरू होकर टिकरी बॉर्डर तक जाता है। इस मार्ग पर पीरागढ़ी, नांगलोई, मुंडका और टिकरी बॉर्डर सहित 6 प्रमुख ट्रैफिक लाइटें हैं। भारी व्यावसायिक गति.विधियों के कारण यहाँ अक्सर जाम लगा रहता है। एमजी रोड (18 किमी) : दिल्ली और गुरुग्राम के बीच काम करने वाले लाखों पेशेवरों के लिए यह मुख्य मार्ग है।

# बॉक्सर भिंडा हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्तर के मुक्केबाज विकास डागर उर्फ भिंडा की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस ने आठ महीने से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुमित राणा उर्फ छोटू के रूप में हुई है, जो कुख्यात सोनू ठेकेदार गिरोह का सदस्य बताया जा रहा है। पुलिस ने उसे आदर्श नगर इलाके से दबोचा।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सुमित राणा बाबा हरिद.ास नगर थाने में 30 जुलाई 2025 को दर्ज हत्या के मामले में वांछित था। विकास डागर की 29 जुलाई 2025 को पुरानी रंजिश के चलते सुनियोजित तरीके से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात नजफगढ़ के बाबा हरिद.ास नगर इलाके में हुई थी, जहां हमलावरों ने मुक्केबाज पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थीं।

पुलिस जांच में सामने आया कि हमले में विकास दहिया उर्फ सोनू ठेकेदार, आकाश गहलोत, कृष्ण और सुमित राणा शामिल थे। आरोप है कि सोनू ठेकेदार ने ही विकास डागर पर गोली चलाई थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। जांच के दौरान पुलिस ने आकाश गहलोत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अन्य आरोपी लगातार पुलिस से बचते रहे।

## किशोर की गला घोंटकर हत्या, पूछताछ जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के भाटी माइंस इलाके में 13-वर्षीय एक किशोर की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार शाम नौवीं कक्षा का यह छात्र बाहर खेलने गया था, लेकिन जब वह घर नहीं लौटा तब उसके परिवारवालों ने शिकायत दर्ज कराई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'तलाशी अभियान के दौरान, एक टीम ने पास के जंगल क्षेत्र से किशोर का शव बरामद किया।' उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि किशोर की गला घोंटकर हत्या की गई। उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना की कड़ियों को जोड़ने और हत्या के मकसद का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

# दिल्ली में सीलिंग को लेकर बढ़ी चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राजधानी में संभावित सीलिंग कार्रवाई को लेकर भाजपा शासित नगर निगम और दिल्ली सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली नगर निगम सुप्रीम कोर्ट के सर्वेक्षण आदेश की आड़ में लाखों छोटे व्यापारियों, दुकानदारों और रिहायशी इलाकों में आजीविका चलाने वाले लोगों को नोटिस भेजकर परेशान कर रहा है। देवेंद्र यादव ने कहा कि निगम द्वारा जारी नोटिस में साफ तौर पर कहा गया है कि आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां नहीं चलाई जा सकतीं। यदि ऐसा पाया गया तो दुकानों और कारोबार को सील किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इससे राजधानी के लाखों लोगों के सामने रोजगार और आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित निगम राहत देने के बजाय अनधिकृत, नियमित और स्वीकृत कॉलोनियों में वर्षों से छोटे स्तर पर कारोबार कर रहे लोगों पर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।



विधानसभा अध्यक्ष बिजेंद्र गुप्ता राम कथा वक्ता डॉ. कुमार विश्वास का स्वागत करते हुए।

# विधानसभा में किया गया 'अपने अपने राम राम कथा' का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा में आज 'अपने अपने राम ख राम कथा' का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध कवि एवं राम कथा वक्ता डॉ. कुमार विश्वास की प्रभावशाली प्रस्तुति ने लोगों से भरे सभागार को गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव और सभ्यता संबंधी चिंतन के वातावरण में परिवर्तित कर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा, "राम केवल आस्था के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि आचरण के जीवंत सिद्धांत हैं। उनका जीवन हमें व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में कर्तव्य, संत.ुलन और न्याय को समझने की दिशा देता है, और इसी विचार ने पूरे कार्यक्रम की दिशा निर्धारित करी।

इस अवसर पर दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक गण,मुख्य सचिव दिल्ली सरकार, राजीव वर्मा, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अनुरूप दिल्ली विधान सभा परिसर को केसरिया रंग से आलोकित किया गया, जिसने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण को और सशक्त बनाया।

जनप्रतिनिधियों और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की, वहीं भारी जनसमूह की सहभागिता ने इसकी व्यापक जनस्वीकृति को दर्शाया। कार्यक्रम का केंद्रबिंदु डॉ. कुमार विश्वास की 'अपने अपने राम ख राम कथा' रही, जो अपनी विशिष्ट प्रस्तुति शैली और समकालीन प्रासंगिकता के लिए जानी जाती है। उन्होंने कविता, कथन और चिंतन के समन्वय के माध्यम से श्री राम के विविध आयामों को जीवंत किया, केवल एक महाकाव्य के नायक के रूप में नहीं, बल्कि एक शाश्वत नैतिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक आधार के रूप में। कथा में राम को 'मर्यादा पुरुषोत्तम' के रूप में प्रस्तुत करते हुए उनके जीवन के जटिल निर्णयों और मानवीय परिस्थितियों को भी उकेरा गया।

# बिजली मीटर अपडेट करने के नाम पर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला साइबर पुलिस ने बिजली मीटर अपडेट करने का झांसा देकर 20 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने वाले एक बड़े साइबर फ्रॉड सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है।

पुलिस ने इस गिरोह के तीसरे मुख्य आरोपी 30 वर्षीय धनंजय गोंड को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले से गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस फिरोजाबाद निवासी दो अन्य आरोपियों, शिव कुमार और अंशु कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि आठ मार्च को मानसरा.ेवर पार्क निवासी विनोद शर्मा ने शिकायत दी थी कि बीएसईएस अधिकारी बनकर जालसाजों ने उनसे 20,26,035 रुपये ठग लिए। ठगों ने मीटर अपडेट के बहाने फोनपे के जरिए महज 13 रुपये का मामूली भुगतान करने को कहा। इसके बाद पीड़ित का मोबा.इल डिवाइस हैक कर लिया गया और उनके खाते से कई बड़े अनधिकृत ट्रांजैक्शन किए गए। पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी।

सह-आरोपी अंशु की निशानदेही पर पुलिस टीम ने गाजीपुर में छापेमारी कर धनंजय को उसके घर से दबोच लिया। पूछताछ में धनंजय ने खुलासा किया कि वह इस पूरी साजिश में एक अहम कड़ी था। वह कमीशन के लालच में गिरोह के लिए सीएससी आईडी और पासवर्ड का जुगाड़ करता था। उसने कम से कम चार सीएससी आईडी फेसबुक के जरिए अपने साथियों को दी थीं।

इन्हीं आईडी का इस्तेमाल ठगी की रकम को अलग-अलग सीएससी वॉलेट और श्पे-यूश गेटवे में डायवर्ट करने के लिए किया जाता था, ताकि मनी ट्रेल को छुपाया जा सके। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया है। फिलहाल पुलिस गिरोह के बाकी सदस्यों और सिंडिकेट के अंतिम लाभार्थियों की तलाश में आगे की जांच कर रही है।

# लड़की का प्रोफाइल बनाकर अश्लील वीडियो से ब्लैकमेलिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर लडकी का प्रोफाइल बनाकर दोस्ती करके पीडिघ्तों से अश्लील वीडियो के जरिये वसूली करने वाले मेवाती सिंडिकेट के सरगना अब्बास खान को नॉर्थ वेस्ट जिला की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी का मोबाइल फोन और बैंक खाते को खंगालकर जानने की कोशिश कर रही है। आरोपी ने कितने लोगों से वसूली की है। आरोपी सेक्स्टॉर्शन और ओलेक्स धोखाधड़ी के मामलों में सक्रिय रूप से शामिल था और इन अपराधों के पीछे मुख्य ऑपरेटर था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शालीमार बाग में रहने वाले शिकायतकर्ता ने 2.52 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि कुछ समय पहले उसे एक महिला से फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली, जिसने चौट के दौरान उसका मोबाइल नंबर ले लिया।

इसके बाद उसे दूसरी तरफ से एक व्हट्सएप वीडियो कॉल आया, जिसमें एक अश्लील वीडियो चलाया गया, उसने कॉल काट दिया। उसके बाद उसे दूसरी तरफ से मैसेज आने लगे कि उसने उसकी पूरी हरकत रिकॉर्ड कर ली है और पैसे की मांग की, ऐसा न करने पर वह उसका वीडियो वायरल कर देगी। उसने आरोपी को अलग-अलग किस्तों में 2.52 लाख रुपये दिये। इंस्पेक्टर दिनेश दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता के बैंक और सोशल मीडिया आईडी की जांच की। पता चला कि व्हट्सएप अकाउंट, फेसबुक अकाउंट और बैंक खाते म्यूल एंटिटीज (किराए के लोगों/पहचानों) के नाम पर संचालित किए जा रहे थे। आईपीडीआर, सीडीआर और बैंक अकाउंट स्टेटमेंट की लंबी जाँच-पड़ताल और एनालिसिस के बाद, मुख्य आरोपी अबस खान के बारे में पता चला। रेड की प्लानिंग के दौरान, स्थानीय पुलिस स्टेशन से इलाके की जानकारी ली गई, जिससे पता चला कि यह गाँव सांप्रदायिक रूप से बहुत संवे.दनशील है। गाँव के लगभग सभी युवा सेक्स्टॉर्शन (यौन ब्लैकमेल) या ओलेक्स फ्रॉड जैसे कामों में शामिल हैं। साथ ही, यहाँ पहले भी पुलिस टीम पर परिवार वालों या गाँव वालों द्वारा हाथ उठाने या पत्थर फेंकने की घटनाएँ हो चुकी हैं।

स्थानीय पुलिस स्टेशन से संपर्क किया गया और स्थानीय पुलिस की मदद से, सुबह-सुबह रेड की गई। इसके लिए खास निर्देश दिए गए थे कि आरोपी को पकडने और गुनाह साबित करने वाले सबूतों को जब्त करने समेत, पूरे ऑपरेशन को 5 से 10 मिनट के अंदर ही खत्म कर दिया जाए। प्लानिंग के मुताबिक रेड की गई और मुख्य आरोपी अबस खान को गिरफ्तार कर लिया गया।

## नाले से पशु अवशेष मिलने पर बढ़ा तनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीलमपुर क्षेत्र में ब्रह्मपुरी पुलिया के पास नाले में पशु के अवशेष मिलने के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना फैलते ही बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और गोवंश की हत्या का आरोप लगाया।

बड़ी संख्या में भीड़ जुटती देख पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। इलाके में भारी पुलिसबल तैनात कर दिया गया। कार्रवाई का अश्वासन मिलने के बाद कार्यकर्ता शांत होकर लौट गए। ब्रह्मपुरी पुलिया के पास नाले में पशु अवशेष होने की सूचना कुछ लोगों ने पुलिस को दी।




उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता डीयू के श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 42वें वार्षिक समारोह में शिरकत करते हुए।

# विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका अहम: एलजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसजीजीएससीसी) के 42वें वार्षिक समारोह में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री का गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विभिन्न संकायों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और डिग्रियां देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान शिक्षा, खेल और सामाजिक गतिविधियों में असाधारण योगदान देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

इसमें मुख्य रूप से 'बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर', 'बेस्ट स्पोर्ट्सपर्सन', 'बेस्ट एनसीसी कैडेट' एवं 'एलुमनस ऑफ द ईयर' सहित विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने कॉलेज की चार दशकों की विरासत की सराहना की।

# संदिग्ध दिखें तो पुलिस को बताएं, हो सकते हैं कच्छा बनियान गिरोह के बदमाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में कच्छा बनियान गिरोह का आतंक तो वर्ष 2000 के आसपास पुलिस ने खत्म कर दिया था, पर इसके बाद भी छिटपुट घटनाओं में इनकी संलिप्तता सामने आती रही।

पुलिस जांच में सामने आया है कि वारदात को अंजाम देने से पहले गिरोह ने सर्वोदय एन्क्लेव में दो-तीन दिनों तक रेकी की थी। दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल के मुताबिक इस गिरोह की यह पहली वारदात थी। दूसरी घटना को अंजाम देने से पहले आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। डीसीपी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आस-पास के पार्कों में संदिग्ध लोगों के दिखने पर फौरन पुलिस को सूचित करें। कालोनी में सामान बेचने वालों अनजान लोगों पर भी नजर रखें।

पुलिस के अनुसार सोसाइटी या कॉलोनियों में अनजान या संदिग्ध लोगों के दिखने पर पुलिस को सूचित करें। आरडब्ल्यूए आपने आसपास पार्कों में शाम के समय सुरक्षा जांच सुनिश्चित कराए। पार्कों में संदिग्ध व्यक्ति या समूह के दिखने पर पुलिस को सूचना दें। खिलौने बेचने वालों, गुब्बारा बेचने वालों की गति.विधियों पर नजर रखें, कुछ भी संदिग्ध लगे तो पुलिस को बताएं। पकड़े गए आरोपितों के पास से घर तोड़ने के कई उपकरण मिले हैं।

हाइड्रोलिक प्रेशर कटर, स्टील बोल्ट कटर, क्रेसेंट रिंच (पाना), दो हेवी-ड्यूटी स्क्रूड्राइवर, जेड-आकार की लोहे की रॉड, लोहे की जाली काटने वाला कटर, 50 पत्थर की गोलियां (छर्रों) के साथ चार गुलेल, तीन टार्च बरामद की गई। वहीं एक चाकू व तीन कारतूस के साथ एक सेमी-आटोमैटिक पिस्टल (7.65 एमएम) एवं चार कारतूस के साथ दो देसी पिस्टल भी बरामद हुए।

# एनएचएआई कर रहा रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम लाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश में बन रहे राष्ट्रीय राजमार्गों की निगरानी अब कागजी रिपोर्ट और साइट विजिट तक सीमित नहीं रहेगी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) हाईवे प्रोजेक्ट्स के लिए एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार करने जा रहा है, जिससे हर प्रोजेक्ट की रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी।

इसके लिए एनएचएआई हाईवे इंफॉर्मेशन मॉडलिंग प्लेटफॉर्म (एचआईएमपी) विक.सित करेगा। यह प्लेटफॉर्म हाईवे निर्माण के पूरे जीवनचक्र को डिजिटल रूप से ट्रैक करेगा। शुरुआत में इस प्लेटफॉर्म का उपयोग देश के आठ चुनिंदा परियोजनाओं पर लागू किया जाएगा। इसके बाद इसे सभी परियोजनाओं पर उपयोग किया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) से लेकर निर्माण और ऑपरेशन-मेंटेनेंस तक हर चरण को कवर करेगा। खास बात यह है कि इसमें 5डी मॉडलिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिसमें डिजाइन, समय और लागत को एक साथ जोड़कर प्रोजेक्ट की स्थिति को लाइव ट्रैक किया जा सकेगा।

# पांच साल की बच्ची से दरिंदगी करने वाला पड़ोसी दोषी करार

**■ फोरेंसिक रिपोर्ट ने भी पुष्टि की कि अपराध आरोपित ने ही किया था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली में पांच वर्षीय बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले पड़ोसी को रोहिणी कोर्ट ने दोषी करार दिया है। अदालत ने महज साढ़े पांच महीने के भीतर मामले की सुनवाई पूरी करते हुए आरोपित को अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत दोषी ठहराया।

अदालत इसी सप्ताह दोषी को सजा सुना सकती है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत की अदालत ने 30 अप्रैल को सुनाए फैसले में आरो.पित को भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 64(2)(1) और 65(2) के साथ पाक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत दोषी माना। मामले की सुनवाई के दौरान कुल 41 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। घटना के समय पीड़िता की उम्र चार साल आठ महीने और 27 दिन थी।

दिल दहला देने वाली यह वारदात पिछले वर्ष 17 नवंबर को हुई थी। आरोपित बच्ची का पड़ोसी था और दोनों परिवार बिहार के एक ही गांव के रहने वाले बताए गए हैं।

आरोप है कि वह बच्ची को चाकलेट दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया और सुनसान स्थान पर वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपित खुद ही बच्ची को घर छोड़कर चला गया। बच्ची की गंभीर हालत देखकर स्वजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। बच्ची को 16 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा। पुलिस ने अगले ही दिन आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था।

विशेष लोक अभियोजक आदित्य कुमार ने अदालत में कहा कि बच्ची को लगी गंभीर चोटें स्वयं इस जघन्य अपराध की भयावहता को दर्शाती हैं। फोरेंसिक रिपोर्ट ने भी पुष्टि की कि अपराध आरोपित ने ही किया था। मामले में पीड़िता और उसकी मां के बयान के अलावा सीसीटीवी फुटेज और वैज्ञानिक साक्ष्य भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने अभियोजन पक्ष के दावों को मजबूत किया। मामले की सुनवाई के दौरान बच्ची की चिकित्सीय रिपोर्ट देखकर अदालत भी स्तब्ध रह गई थी। दिसंबर 2025 में अदालत ने बिना विक्टिम इम्पैक्ट रिपोर्ट के ही पीड़िता को पांच लाख रुपये की अंतरिम सहायता राशि देने का आदेश दिया था।

अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि बच्ची के साथ हुई बर्बरता की पीड़ा की कल्पना भी नहीं की जा सकती। अंदरूनी अंग गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त होने के कारण बच्ची को शौच के लिए नली का सहारा लेना पड़ रहा है।

# विवेक विहार अग्निकांड की वजह तलाश रहीं एजेंसियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विवेक विहार के पॉश बी-ब्लॉक में चार मंजिला इमारत में लगी आग में नौ लोगों की जान चली गई थी। पुलिस के अलावा तमाम एजेंसियां आग की वजहों का पता लगाने में जुटी हैं। इलेक्ट्रिसिटी इंस्पेक्टरव दिल्ली नगर निगम की टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर चुकी है। इलेक्ट्रिसिटी इंस्पेक्टर ने इमारत की बेहद बारीकी से पड़ताल की। इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा कि बिल्डिंग में हादसे के समय कितना इलेक्ट्रिसिटी लोड चल रहा था। इसके अलावा बिल्डिंग में लगे बिजली के मीटर पर कितना लोड मंजूर था। माना जा रहा कि तय लोड से यदि ज्यादा लोड चल रहा था तो आग की संभावना बनी हुई थी।

मामले की जांच कर रही टीम के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक की जांच में यह पता चला कि आग इमारत के पिछले हिस्से में दूसरी मंजिल की बाल.कनी से शुरू हुई। आशंका है कि यहीं पर एसी ब्लास्ट हुआ और आग ऊपरी मंजिलों की ओर बढ़ी। बाद में हादसे में कई लोगों की जान चली गई।

# डीआईजी का अलर्टः सोशल मीडिया ऑफर से रहें दूर

## चारधाम यात्रा के शुरू होते ही साइबर ठग सक्रिय, हेलीकॉप्टर बुकिंग में फर्जीवाड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गर्मियों की छुट्टियों और चारधाम यात्रा के शुरू होते ही साइबर ठग सक्रिय हो गए हैं। पर्यटन स्थलों और खासकर हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन ठगी की शिकायतों को देखते हुए मेरठ परिक्षेत्र के पुलिस उप महा. निरीक्षक कलानिधि नैथानी ने हापुड़ समेत पूरे रेंज में अलर्ट जारी किया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यात्रा के दौरान सतर्क रहें और किसी भी अनजान वेबसाइट या सोशल मीडिया ऑफर के झांसे में न आएं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ठग लोग आधिकारिक वेबसाइट से मिलते-जुलते नामों से फर्जी वेबसाइट तैयार कर रहे हैं और सर्च इंजन व सोशल मीडिया विज्ञापनों के जरिए उन्हें ऊपर दिखा रहे हैं। इन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से लोगों को सस्ते हेलीकॉप्टर टिकट, वीआईपी दर्शन और (लास्ट सीट) जैसे लालच देकर तत्काल भुगतान के लिए दबाव बनाया जाता है। भुगतान के लिए फर्जी यूपीआई आईडी और क्यूआर कोड साझा किए जाते हैं। रकम ट्रांसफर होते ही या तो फर्जी टिकट भेज दिया जाता है या फिर ठग संपर्क समाप्त कर देते हैं। चारधाम यात्रा के मद्देनजर उत्तराखंड सरकार ने हेलीकॉप्टर बुकिंग के लिए केवल अधिकृत



वेबसाइट https://heliyatra.irctc.co.in निर्धारित की है। इसके अलावा पर्यटन विभाग ने एक आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 8394833833 जारी किया है, जिस पर Yatra संदेश भेजकर पंजीकरण और अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इसके अलावा किसी अन्य माध्यम से की गई बुकिंग संदिग्ध हो सकती है। डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने कहा, ठग लोग आधिकारिक वेबसाइट की तरह दिखने वाली फर्जी वेबसाइट बनाकर और सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। विशेष रूप से हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर बड़े स्तर पर धोखाधड़ी की जा रही है, जिसमें कई लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी प्रमाणिकता अवश्य जांच लें। डीआईजी ने आगे कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ठगी होती है तो वह तुरंत 1930 हेल्पलाइन या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि को रोका जा सके। उन्होंने अपील की कि यात्रा के दौरान सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। किसी भी अपुष्ट जानकारी या संदिग्ध ऑफर पर भरोसा न करें और किसी भी संदेह की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें। किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या cyber-crime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

## चोरी का ऑटो बरामद, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा थाना पुलिस ने तेजी दिखाते हुए ऑटो चोरी की घटना का सफल खुलासा कर दिया। पुलिस ने महज कुछ ही समय में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया ऑटो बरामद कर लिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया है।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना पिलखुवा में बीएनएस से संबंधित ऑटो चोरी के मामले में पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए टूटे रेलवेगाटक के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी पहचान फरमान उर्फ गणेश पुत्र इकरामुद्दीन निवासी मोहल्ला इस्लामनगर, थाना पिलखुवा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी किया गया ऑटो बरामद हुआ, जिसका पंजीकरण संख्या यूपी 37 एटी 4549 है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है, ताकि अन्य संभावित वारदातों का भी खुलासा किया जा सके।



## हापुड़ में संदिग्ध हालात में युवक का मिला शव, स्कूटी संग मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली रोड पर बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब राहगीरों की नजर सड़क किनारे पड़े एक युवक के शव पर पड़ी। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय जब लोग दिल्ली रोड से गुजर रहे थे, तभी एक युवक सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़ा दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर उसके मृत होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। घटना की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जांच के दौरान मृतक की पहचान गाजियाबाद निवासी हर्षित के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 38 वर्ष बताई जा रही है। मौके से उसकी स्कूटी भी बरामद हुई है, जो शव के पास ही खड़ी मिली। इस तथ्य ने मामले को और अधिक संदिग्ध बना दिया है। मौके पर पहुंची फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है और मृतक के परिजनों से भी संपर्क साधा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही



मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल हत्या की आशंका को ध्यान में रखते हुए पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है, ताकि घटना के पीछे की सच्चाई सामने लाई जा सके।

## ट्यूलिप किड्स स्कूल में मदर्स डे का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के ट्यूलिप किड्स इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे का आयोजन बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हुए रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण भावुक और आनंदमय हो उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत मां के महत्व पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। बच्चों ने गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से मां के त्याग, स्नेह और समर्पण को दर्शाया। इस दौरान स्कूल परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा। कई बच्चों ने अपनी मां के साथ मंच पर आकर विशेष गतिविधियों में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम और भी यादगार बन गया। मदर्स डे के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल की प्रिंसिपल नीलम धीर ने कहा, मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती हैं। उनके बिना किसी भी व्यक्ति का व्यक्तित्व अधूरा है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि संस्कारों में भी आगे बढ़ रहे हैं। हम चाहते हैं कि बच्चे अपने जीवन में मां के योगदान को समझें और हमेशा उनका सम्मान करें। स्कूल के डायरेक्टर अभिषेक गोयल ने कहा, मदर्स डे केवल एक दिन नहीं, बल्कि मां के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। स्कूल में इस तरह के आयोजनों से बच्चों और अभिभावकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होता है। हमे भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को सम्मानित किया गया और बच्चों ने उन्हें विशेष उपहार भेंट कर अपने प्यार का इजहार किया। पूरे आयोजन ने सभी उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया और मां-बच्चे के रिश्ते की गरिमा को और अधिक प्रगाढ़ बना दिया।



## निजी नर्सिंग होम पर गंभीर आरोप, गर्भस्थ बच्चे की मौत से परिजनों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में एक निजी नर्सिंग होम पर गंभीर लापरवाही का आरोप सामने आया है। बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बछलौता निवासी एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि डॉक्टर की कथित लापरवाही के चलते उसकी पत्नी के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव बछलौता निवासी रोहित मंसंद ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पत्नी प्राची का पिछले करीब आठ माह से शहर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा था। आरोप है कि नियमित जांच के दौरान चिकित्सक द्वारा सब कुछ सामान्य बताया जाता रहा। पीड़ित के अनुसार, 2 मई को भी रूटीन चेकअप के दौरान डॉक्टर ने किसी प्रकार की समस्या नहीं बताई और घर भेज दिया। पीड़ित का आरोप है कि 5 मई की सुबह उसकी पत्नी ने गर्भ में बच्चे की हलचल महसूस न होने की बात कही, जिसके बाद वह तुरंत उसे संबंधित डॉक्टर के पास लेकर पहुंचा। वहां जांच के दौरान बच्चे की धड़कन न मिलने की बात कही गई और अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी गई। इसके बाद वह अपनी पत्नी को दूसरे नर्सिंग होम लेकर गया, जहां अल्ट्रासाउंड में बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। रिपोर्ट में गर्भ में पानी की कमी को कारण बताया गया। आरोप है कि जब पीड़ित दंपती रिपोर्ट लेकर वापस संबंधित डॉक्टर के पास पहुंचे तो उन्होंने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया और कथित रूप से डिलीवरी करने से भी मना कर दिया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि इस दौरान उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया, जबकि उसकी पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई थी। पीड़ित ने पूरे मामले में डॉक्टर पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उसने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने पर मामले की जांच कराई जाएगी और यदि किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## चेकिंग में फंसा हिस्ट्रीशीटर, तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न जनपदों और राज्यों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

थाना प्रभारी के अनुसार, सादिकपुर रेलवे अंडरपास के पास नियमित चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान अबूजर उर्फ अबुजर खान पुत्र अनीस अहमद निवासी ग्राम मोहम्मदपुर रुस्तमपुर, थाना बहादुरगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई। आरोपी थाना बहादुरगढ़ का





हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ हापुड़, बिजनौर और हरियाणा के विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था और पुलिस को उसकी तलाश थी। हाफिजपुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### एक नजर

## अपराधियों के लिए अभेद्य किला बनेगा 'मथुरा जिला'

eFkjkA पुलिस को तकनीकी तौर पर दक्ष बनाने के लिए जा रहे प्रयासों में मथुरा पुलिस को करोड़ों रुपये आधुनिक हाईटेक उपकरण मिले हैं। इससे जिला एक अभेद्य किला बनेगा। प्रमुख मार्गों और तिराहे चौराहों पर अब उपकरणों की मदद से पैनी नजर रखी जा सकेगी। जनपद में कानून—व्यवस्था को और सशक्त बनाने की दिशा में एक बडा कदम उठाते हुए वैकमेट इंडिया लिमिटेड ने अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड के तहत मथुरा पुलिस को अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए हैं। इन उपकरणों की कुल लागत 2,03,77,788 रुपये है। इस पहल के अंतर्गत पुलिस को 192 एएनआरपी युक्त सीसीटीवी कैमरे (48 लोकेशन पर), लाइव सर्विलांस एवं डेटा एनालिटिक्स से लैस केंद्रीकृत कंट्रोल रूम, एक इंडस्ट्रियल फोम टेंडर (फायर फाइटिंग वाहन) और एक हेवी ड्यूटी लिफ्टर क्रेन प्रदान की गई है। पुलिस लाइन मथुरा में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के डायरेक्टर्स राज नारायण अग्रवाल, नितिन अग्रवाल और राहुल अग्रवाल द्वारा फायर फाइटिंग वाहन एवं क्रेन की सांकेतिक चाबी अनुपम कुलश्रेष्ठ (अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन) और शैलेश कुमार पांडेय (पुलिस उपमहानिरीक्षक, आगरा रेंज) को सौंपी गई। इसके बाद वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही अत्याधुनिक सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी विधिवत उद्घाटन किया गया। इस हाईटेक कंट्रोल रूम में अब कुल 70 लोकेशन के 280 कैमरे जोडे गए हैं, जिनमें ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन तकनीक का उपयोग किया गया है। ये कैमरे 200 किमी प्रति घंटा तक की गति से चलने वाले वाहनों के नंबर पढ़ने, वाहन के रंग व मॉडल के आधार पर पहचान करने तथा संदिग्ध या चोरी के वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर तुरंत अलर्ट देने में सक्षम हैं। इसके अलावा, इंडस्ट्रियल फोम टेंडर केमिकल व पेट्रोलियम से लगी आग को बुझाने में सक्षम है, जबकि हेवी ड्यूटी क्रेन सड़क पर बाधा बने वाहनों को हटाने में मदद करेगी, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रहेगी। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुरेश चंद्र रावत द्वारा पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपकरणों की विशेषताओं की जानकारी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने वैकमेट इण्डिया लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती देगा।

## सपा ने किया प्रीपेड मीटर पर जनसंवाद

eFkjkA सैनी मोहल्ला स्थित यमुना गार्डन, औरंगाबाद में समाजवादी पार्टी, मथुरा द्वारा आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में स्मार्ट मीटर से पीड़ित उपभोक्तों ने खुलकर रखी अपनी पीड़ा रखी। इससे पहले मुख्य रूप से पहुंचे मथुरा वृंदावन विधानसभा प्रत्याशी अनिल अग्रवाल का क्षेत्रीय लोगों ने स्वागत किया। जनसंवाद स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही डिजिटल लूट और प्रीपेड व्यवस्था बंद करने के उर्जा मंत्री के आदेश को अनिल अग्रवाल ने सरकार का सरासर छलावा और धोखा करार दिया। कार्यक्रम में पहुंचे महिला पुरुष सैंकडों उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले पुराने मीटर से 300 रुपये का बिल आता था, आज स्मार्ट मीटर से 3000 रुपये तक का बिल थमाया जा रहा है। महिलाओं ने भावुक होकर कहा, कि भीषण गर्मी में बिजली कट जाती है, बिल देखकर रातों की नींद उड़ जाती है। लोगों का कहना है कि जब तक स्मार्ट मीटर रहेंगे, तब तक लूट जारी रहेगी। हमें पुराने मीटर लौटा दो, हमें स्मार्ट मीटर नहीं चाहिए। जनसंवाद कार्यक्रम में पीड़ित उपभोक्ताओं की पीड़ा को महानगर महासचिव अभिषेक यादव, सपा नेता डा. राजेन्द्र प्रसाद लोधी, देवेन्द्र निषाद, रिषी अग्निहोत्री ने संयुक्त रूप से गंभीरता से सुना। नेताओं ने कहा कि बिजली उपभोक्ता का अधिकार है, न कि वसूली का जरिया।उन्होंने भरोसा दिलाया, हम कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ हैं। जनसंवाद कार्यक्रम में जगदीश सैनी, राहुल सैनी, जसवंत सिंह कुशवाहा, ब्रिजेश यादव, जफरुद्दीन कुरैशी, खेमचंद सैनी, अशोक सैनी, ताराचंद सैनी, उमाकांत ठाकुर,जगदीश निषाद,लक्ष्मण निषाद, प्रीतम सैनी, रामवीर निषाद, तेजू निषाद, ओमवती सैनी, श्यामवती निषाद,कमलेश सैनी, सरिता सैनी, कौशल सैनी, प्रभु दयाल सैनी, कुंदन निषाद, इंदिरा सैनी, गुड्डी सैनी, सोनिया सैनी, लखन सैनी, ईश्वर देवी निषाद, मोसिन खान, सौदान सिंह जाटव, बच्चूसिंह सैनी, भगवती सैनी, गिरिश यादव, राजेश चौधरी, इरफान खान, कान्हा निषाद,कान्हा सैनी, गटटा खान, योगेश, अलीम कुरैशी, अनीशा, फरीदन, राजेश कुमार, फहीम कुरैशी, गुड्डू पठान, संजय खान, राजू गोला, आद उपस्थित रहे।

## शहीद भगत सिंह संगठन ने नवागत थाना प्रभारी सोनू कुमार का किया सम्मान

eFkjkA थाना जैत के नवागत थाना प्रभारी सोनू कुमार का सामाजिक संस्था शहीद भगत सिंह संगठन के पदाधिकारियों द्वारा साफा बांध कर स्वागत किया गया।

अभी हाल ही में थाना नौहझील से स्थानांतरण होकर आए थाना प्रभारी सोनू कुमार का सामाजिक संगठन शहीद भगत सिंह के पदाधिकारियों द्वारा साफा बांध कर व चित्र भेंट करके सम्मान किया गया। सामाजिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह ने थाना प्रभारी की प्रशंसा करते हुए बताया कि सोनू कुमार जी ने थाना प्रभारी नौहझील रहते हुए सराहनीय कार्य किए, उन्होंने बिना किसी भेदभाव के अपना कार्य किया और कभी किसी दवाब में कोई काम नही किया, सभी को समान न्याय दिलाया इसीलिए नौहझील के लोग थाना प्रभारी की खूब तारीफें करते हैं। इस मौके पर नौहझील से आए सामाजिक संस्था के संगठन मंत्री सुन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष शौर्य प्रताप, सदस्य सोमदत्त शर्मा, विष्णु कुमार, अतुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## लोक अदालत को लेकर हापुड़ में बड़ी तैयारी, ज्यादा निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़ में बुधवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला जज एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह प्रथम ने की, जिसमें न्यायिक अधिकारियों के साथ-साथ प्रशासनिक व बैंक अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर जोर दिया गया। जिला जज ने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित मामलों में लोक अदालत से पूर्व अधिकाधिक नोटिस और सम्मन



जारी किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक पक्षकार उपस्थित होकर अपने मामलों का निपटारा करा सकें। उन्होंने कहा कि लोक अदालत आमजन को त्वरित और सस्ता न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है, इसलिए इसका व्यापक स्तर पर लाभ लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए। बैठक का संचालन अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अवनीश कुमार राय के निर्देशन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सौरभ कुमार वर्मा ने किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने विभागों से अधिकाधिक मामलों को चिन्हित कर लोक अदालत में निस्तारण के लिए प्रस्तुत करें। बैंकों से जुड़े मामलों को लेकर विशेष रूप से निर्देश दिए गए कि ऋण वसूली से संबंधित लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर लोक अदालत में निपटाया जाए। इस संबंध में लीड बैंक केनरा बैंक के मैनेजर आशीष सक्सैना को सभी बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न न्यायिक अधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर रेनू सिंह, पीडी डीआरडीए अनवर शेख समेत अन्य प्रशासनिक और बैंक अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली गई हैं।

## चित्र परिचयः संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी

’kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA संस्कृति विश्वविद्यालय पूरी तरह से एआई संचालित कैंपस बनने लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय में शिक्षण, करियर डेवलपमेंट और कैंपस के कामकाज अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) करेगी।

इस क्रातिकारी शुरुआत के पीछे विवि की सोच है कि हर विद्यार्थी को मोबाइल टेक्नोलॉजी के जरिए स्मार्ट टूल्स और डिजिटल रिसोर्स मिल सकें, जिससे पढ़ाई ऐसी हो जो लचीली हो, हर स्टूडेंट के हिसाब से हो और दुनिया भर के मानकों के मुताबिक हो। संस्कृति विवि की यह पहल, बुद्धिमान, सुलभ और छात्र—केंद्रित समाधानों के माध्यम से उच्च शिक्षा को फिर से परिभाषित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। संस्कृ



ति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एमबी चेट्टी बताते हैं कि इस सोच को व्यावहारिक और सबके लिए सुलभ बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने अपने मुख्य एआई मॉड्यूल्स को अपने ऑफिशियल मोबाइल ऐप्स में शामिल कर लिया है, जो एंड्रायड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। संस्कृति यूनिवर्सिटी का मोबाइल ऐप एक मुख्य गेटवे का काम करता है, जिससे स्टूडेंट पढ़ाई—लिखाई के टूल्स, करियर में मदद करने वाले सिस्टम और स्मार्ट कैंपस सेवाओं के एक पूरे इकोसिस्टम तक पहुँच पाते हैं। इस प्लेटफॉर्म के जरिए, स्टूडेंट बिना किसी रुकावट के प्रैक्टिकल पढ़ाई के लिए आयुक्ता(वर्चुअल लैब्स), मुश्किल कॉन्सेप्ट को बेहतर ढंग से समझने के लिए आजा (थ्री डी मॉडल्स) और रिसर्च और इनोवेशन में मदद के लिए अन्वी (एआई रिसर्च असिस्टेंट) का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, करियर पर फोकस करने वाले टूल्स जैसे पद्मा (एआई करियर कोच), एक एआई पावर्ड रिज्यूमे बिल्डर और एक प्लेसमेंट प्रिपेशन सूट स्टूडेंट को सही दिशा में मार्गदर्शन, मॉक टेस्ट और भर्ती प्रक्रियाओं का रियल—टाइम सिमुलेशन देते हैं।

यह ऐप डिजिटल अटेंडेंस ट्रैकिंग, स्मार्ट लाइब्रेरी सर्च सिस्टम और ऑनलाइन कैंटीन ऑर्डरिंग जैसी स्मार्ट खूबियों के साथ कैंपस की जिंदगी को और भी बेहतर बनाता है, जिससे कैंपस का माहौल ज्यादा आधुनिक और संपर्कयुक्त बनाता है। संस्कृति स्कूल आफ इंजीनिरिंग एंड इन्फोर्मेशन टेक्नोलाजी (एसओईआईटी) के विद्यार्थियों के लिए, विश्वविद्यालय कोडिंग प्रो ऐप के जरिए अतिरिक्त पहुँच देती है जिसे खास तौर पर इंडस्ट्री के मुताबिक तकनीकी शिक्षा में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह प्लेटफॉर्म यह पक्का करता है कि इंजीनियरिंग के स्टूडेंट को कोडिंग, नई टेक्नोलॉजी और एआई इंटीग्रेटेड मॉड्यूल्स के साथ इंडस्ट्री की उम्मीदों के मुताबिक प्रैक्टिकल अनुभव मिले। कुलपति प्रो. चेट्टी ने बताया कि मोबाइल प्लेटफॉर्म के जरिए एआई को लागू करने से कई फायदे मिलते हैं। स्टूडेंट लाइव मॉक टेस्ट और प्लेसमेंट सिमुलेशन के जरिए रियल—टाइम जुड़ाव का अनुभव करते हैं, जो असल कंपनियों की भर्ती प्रक्रियाओं की नकल होते हैं। ऑटोमेटेड और इस्तेमाल में आसान टूल्स की उपलब्धता से रिज्यूमे बनाने जैसे कामों की मुश्किल कम हो जाती है, जिससे स्टूडेंट स्किल डेवलपमेंट पर ज्यादा ध्यान दे पाते हैं। एआई संचालित सिस्टम हर स्टूडेंट के हिसाब से सीखने का अनुभव भी देते हैं, जो हर स्टूडेंट के प्रदर्शन के हिसाब से ढल जाते हैं और

# एलएलबी छात्र की घर में घुसकर हत्या

## कूड़ा फेंकने के विवाद में तीन गोलियां मारीं, आठ घंटे बाद आरोपी एनकाउंटर में अरेस्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में 25 साल के एलएलबी छात्र की मंगलवार रात 12:30 बजे घर में घुसकर हत्या कर दी गई। पड़ोस के दो सगे भाइयों ने उसे तीन गोलियां मारीं। एक सीने में और दो पेट में लगीं। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि छात्र का चार दिन पहले नाली की सफाई को लेकर आरोपियों से झगड़ा हुआ था। इससे आरोपी नाराज थे।



मृतक की फाइल फोटो



परिजनों के मुताबिक, मंगलवार देर रात छात्र साजन दोस्त की शादी से घर लौटा। कार से उतरते ही दो भाइयों ने साथियों के साथ मिलकर उसे घेर लिया। मारपीट के बाद पिस्टल से उस पर फायरिंग कर दी। वह जान बचाने के लिए घर के अंदर भागा, मगर आरोपियों ने पीछा कर गोलियां मार दीं। वह लहूलुहान होकर फर्श पर गिर गया। फायरिंग की आवाज सुनकर घर के लोग बाहर आए। उसे अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह 8 बजे, यानी वारदात के आठ घंटे बाद, पुलिस ने मुख्य आरोपी मंगेश का एनकाउंटर कर दिया। उसके पैर में गोली लगी है। मामला शहर के सूरजपुर थाना क्षेत्र का है।

**चार दिन पहले आरोपियों से हुई थी कहासुनी:** साकीपुर गांव निवासी साजन एलएलबी सेकंड ईयर का छात्र था। वह जिम भी जाता था। छोटे भाई बॉबी ने बताया कि चार दिन पहले नाली में कूड़ा डालने को लेकर भाई की आरोपियों से कहासुनी हुई थी। हालांकि, मारपीट नहीं हुई थी, लेकिन आरोपी भाई से रंजिश रखने लगे थे।

मंगलवार को भाई अपने दोस्त की शादी समारोह में कार से गया था। रात 12:30 बजे वह कार से घर लौटा। उसके घर के बाहर पड़ोस में रहने वाले दो भाई वीर सिंह और मंगेश उर्फ टिल्लू बैठे थे। दोनों के साथ उनका दोस्त श्रीपाल और तीन अन्य साथी भी थे।

**भाई को गालियां दीं, फिर पिस्टल से मारी गोली:** बॉबी ने बताया- साजन ने अपने घर की गैलरी में कार खड़ी की। जब वह घर के अंदर जाने लगा, तभी आरोपी उसके पास आ गए और उसे घेर लिया। श्रीपाल ने साजन को गालियां देनी शुरू कर दीं। उसने विरोध किया तो मंगेश ने पिस्टल निकाल ली। यह देख साजन घर की तरफ भागा, तभी आरोपियों ने दौड़ाकर उसे तीन गोलियां मार दीं। हम लोग दौड़कर बाहर पहुंचे। देखा तो भाई खून से लथपथ पड़ा था। हमें देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। भाई को हम लोग कैलाश अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मुख्य आरोपी की पुलिस से मुठभेड़, पैर में लगी गोली:** पुलिस ने घरवालों की शिकायत पर वीर सिंह, मंगेश उर्फ टिल्लू, उनकी मां वीरबती और दोस्त श्रीपाल के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने बुधवार सुबह मुख्य आरोपी मंगेश को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, मोजरबीयर गोल चक्कर के पास वाहनों की चेकिंग चल रही थी।

इसी दौरान पुलिस ने एक आई-20 कार को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक कार को जंगल की ओर मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी की तो कार सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की।

घिरता देख दो बदमाश कार से उतरकर भागने लगे। तभी पुलिस की एक गोली आरोपी मंगेश उर्फ टिल्लू के पैर में लगी। वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मंगेश के पास से एक अवैध पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया है।

# डीएम ने जनगणना-2027 को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनगणना-2027 को लेकर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक करते हुए 07 मई से 21 में तक चलने वाले स्व-गणना के कुशल संचालन एवं व्यापक प्रचार- प्रसार के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं चार्ज अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की विभागीय अधिकारी गणमान्य व्यक्तियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्व-गणना कार्य में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान करें तथा अपने विभाग के समस्त कार्मिकों को इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में स्व-गणना करने हेतु जागरूक करें। ग्रुप हाउसिंग के आर.डब्ल्यू.ए. एवं जन सामान्य से अपील की, कि स्व-गणना में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करें और जनगणना-2027 में सहभागी बनकर राष्ट्र निर्माण मे सहयोग करें।

जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी अपने प्रदत्त दायित्वों का शत-प्रतिशत निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण में किसी भी अधिकारी की अनुपस्थिति किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं होगी।

बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय से उप निदेशक अभिमन्यु सिंह द्वारा स्व गणना की प्रक्रिया के संबंध में पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण, अर्थात् मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का संचालन उत्तर प्रदेश में 22 मई, 2026 से 20 जून, 2026 तक निर्धारित है। मकान सूचीकरण का कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व आमजन के लिए 07 मई से 21 मई, 2026 की 15 दिनों की अवधि में स्व-गणना (मर्सा-म्दनउमतंजपवद) की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्व-गणना एक स्वैच्छिक एवं अभिनव पहल है, साथ ही यह भारत की पहली डिजिटल जनगणना भी है, जो नागरिकों की सक्रिय सहभागिता पर आधारित है, जिसके माध्यम से परिवार स्वयं ही जनगणना पोर्टल पर अपनी सूचनाएं दर्ज कर सकते हैं।

स्व-गणना के अनेक लाभ हैं, जैसे त्वरित डेटा संकलन, स्वयं द्वारा जानकारी प्रदान किए जाने के कारण अधिक शुद्धता, प्रगणकों द्वारा होने वाली त्रुटियों एवं चूकों में कमी तथा नागरिकों के लिए पोर्टल की सुविधा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल, उपयुक्त उद्योग पंकज निर्वाण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवॉर एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चौथे प्रयास में भी चार दुकानों को नहीं मिला कोई खरीदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आबकारी विभाग के लिए 5 दुकानों का आवंटन सिरदर्द बन गया है। बार-बार प्रयास के बाद भी कोई खरीदार सामने नहीं आ रहा है। अब चौथा प्रयास भी सफल नहीं हो सका। इस बार 5 में से केवल एक दुकान पर आवेदन आया है। वो भी एकमात्र आवेदन है। जिस पर आज लॉटरी होगी। हालांकि लॉटरी के बाद लाइसेंस फीस जमा होने पर आवंटन होगा। वहीं अब आबकारी विभाग बाकी दुकानों को अलग-अलग भाग में बांटने की तैयारी कर रहा है।

गौतमबुद्ध नगर में यमुना प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों की तरह की शराब की दुकानों का लाइसेंस लेने के लिए भी मारामारी होती है। सैकड़ों दुकानों के लिए लाखों में आवेदन आते हैं, लेकिन इस बार आबकारी विभाग को 5 दुकानों का आवंटन कराना मुश्किल हो गया है। इन 5 में से 4 दुकानें मॉडल शॉप हैं। जबकि एक देशी शराब की दुकान हैं। इस समय दुकानों का आवंटन करने का चौथा प्रयास चल रहा है। विभाग ने सभी दुकानों पर आवेदन मांगे थे, लेकिन केवल एक दुकान पर एकमात्र आवेदन आया। अफसरों ने बताया कि उस दुकान के आवंटन की लॉटरी बृहस्पतिवार को निकाली जाएगी। एकमात्र आवेदनकर्ता के नाम आवंटन किया जाएगा। उसे तीन दिन के अंदर लाइसेंस फीस जमा करनी होगी। उसके बाद ही लाइसेंस जारी किया जाएगा, लेकिन पिछले तीन प्रयास में लाइसेंस फीस जमा नहीं होने के कारण आवंटन नहीं हो सका। अफसरों ने बताया कि दुकानों का आवंटन नहीं होने का मुख्य कारण निर्धारित लाइसेंस फीस है। पांचों दुकानों की लाइसेंस फीस 1.50 करोड़ से 2.25 करोड़ के बीच हैं।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चौथे चरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बची दुकानों के स्टॉक को सायोजित किया जाएगा। दुकानों को विभाजित करने की प्रक्रिया शुरू होगी। दुकानों को प्रतिदिन के लाइसेंस पर भी चलाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई सामने नहीं आया। विभाजित होने के बाद लाइसेंस फीस कम हो जाएगी।

# मोबाइल लूट और बाइक चोरी गैंग का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने एक बड़े वाहन चोरी और मोबाइल लूट गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे और निशानदेही से चोरी की 10 मोटरसाइकिल (जिसमें एक मोटरसाइकिल के कटे हुए पार्ट्स भी शामिल हैं) और लूटे/चोरी किए गए 4 स्मार्टफोन बरामद किए हैं।



बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, 6 मई को ग्राम पर्थला, नोएडा क्षेत्र से अभियुक्त राहुल उर्फ शेरा, सनी कुमार और वासु कैरवार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि ये तीनों मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में काम करते थे और भीड़भाड़ वाले स्थानों को अपना निशाना बनाते थे।

गिरफ्तार अभियुक्त पहले मॉल, सब्जी मंडी, और सर्राफा बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल जाकर रेकी करते थे। इसके बाद मौका देखकर पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिलों का लॉक तोड़कर उन्हें चोरी कर लेते थे। चोरी की गई मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल ये लोग राह चलते लोगों से मोबाइल फोन लूटने और छिनैती करने में करते थे। वारदात के बाद ये मोटरसाइकिलों को काटकर उनके पार्ट्स अलग-अलग बेच देते थे, जिससे पुलिस के लिए उन्हें ट्रेस करना मुश्किल हो जाता था।।गिरफ्तार आरोपियों में राहुल उर्फ शेरा (21 वर्ष), सनी कुमार (25 वर्ष) और वासु कैरवार (19 वर्ष) शामिल हैं। ये सभी अलग-अलग जगहों के निवासी हैं, लेकिन वर्तमान में नोएडा क्षेत्र में रहकर अपराध को अंजाम दे रहे थे। बरामदगी का विवरण पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 10 मोटरसाइकिल बरामद की हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश और दिल्ली नंबर की कई गाड़ियां शामिल हैं।

इसके अलावा एक मोटरसाइकिल के कटे हुए पार्ट्स भी बरामद हुए हैं, जो दिल्ली में दर्ज एक ई-एफआईआर से संबंधित है। साथ ही 4 अलग-अलग कंपनियों के स्मार्टफोन भी बरामद किए गए हैं, जो लूट और चोरी की घटनाओं से जुड़े हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि तीनों अभियुक्तों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें वाहन चोरी, लूट और आयुध अधिनियम से जुड़े मामले शामिल हैं। कुछ मामले नोएडा के विभिन्न थानों में दर्ज हैं, जबकि एक मामला दिल्ली पुलिस में भी पंजीकृत है। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह की गिरफ्तारी से क्षेत्र में वाहन चोरी और मोबाइल लूट की घटनाओं पर अंकुश लगेगा। साथ ही अन्य संभावित साथियों की तलाश भी की जा रही है।

## एक नजर

### स्टंट कर रहे युवक ने बाइक सवार जीजा-साली को मारी टक्कर

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** बाइक से स्टंट कर रहे युवक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और जीजा-साली गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बुलंदशहर निवासी मनीष अपनी साली इंदु के साथ बाइक से बुलंदशहर से रबूपुरा आ रहे थे। इसी दौरान महमदपुर गांव के पास युवक बाइक पर स्टंट कर रहा था। तभी उसका बैलेंस बिगड़ा और उसने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। इसमें मनीष के पैर की हड्डी टूट गई है और उनकी साली को भी गंभीर चोटें आई हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और एनईए की महत्वपूर्ण बैठक

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा एन्ट्रेप्रिनियर्स एसोसिएशन (एनईए) द्वारा सेक्टर-6 स्थित एनईए भवन में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नोएडा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी ऋतेश कुमार तिवारी, एईई किशन सिंह ने भाग लिया और उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उद्यमियों ने प्रदूषण से संबंधित विभिन्न नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान उद्यमियों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका विभाग की ओर से समाधान एवं मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर ऋतेश कुमार तिवारी ने कहा कि सभी उद्यमियों के लिए प्रदूषण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक है। जिन उद्यमियों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे शीघ्र आवेदन करें। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है और किसी भी समस्या की स्थिति में विभाग से सीधे संपर्क किया जा सकता है।

### महिला से चेन लूटने वाला गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर बीटा-2 कोतवाली की पुलिस ने महिला से चेन लूटने में शामिल बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त चोरी की बाइक और 5500 रुपये बरामद किए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश की पहचान मोनू श्रीवास्तव निवासी घटकना, थाना मौदहा, जिला हमीरपुर वर्तमान पता भंगेल, थाना फेस-2 नोएडा के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने मंगलवार की सुबह बदमाश को सेक्टर गामा-2 की ग्रीन बेल्ट से गिरफ्तार किया। बदमाश के कब्जे से स्नेचिंग की गई चेन के लॉकेट की बिक्री से प्राप्त 5500 रुपये, चोरी की एक बाइक बरामद की है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि बदमाश शातिर किस्म का अपराधी हैं, जो राह चलते व्यक्तियों से स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देता है। पकड़े गए बदमाश और उसके भाई ने करीब बीस दिन पहले जगतफार्म मार्केट में एक महिला से चेन छीनने की घटना को अंजाम दिया था। इसके भाई सोनू श्रीवास्तव को पुलिस ने तीन दिन पहले मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# अवैध संबंध बना मौत की वजह, छत से डर के मारे कूदे थे युवक और युवती

■ **सीडीआर ने खोला राज, मकान मालिक का बेटा-बहू गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सोमवार को गांव चौड़ा सहादतपुर सेक्टर 22 में तीसरी मंजिल की छत से एक युवक और युवती कूद गए थे। जिसमें युवक की मौत हो गई थी वहीं युवती का इलाज दिल्ली में चल रहा है। पुलिस ने दोनों के मोबाइल की सीडीआर खंगाली। जिसके बाद पुलिस को शक हुआ कि इस मामले में जिस मकान की छत से दोनों कूद मकान मालिक के बेटे और बहू की भूमिका संदिग्ध मिली।



दरअसल, मृतक युवक पुनीत चौहान का संबंध चौड़ा निवासी हितेश राणा की पत्नी चंचल के साथ था। ये बाद हितेश को पसंद नहीं थी। पुलिस ने बताया कि सोमवार को पुनीत अपनी दोस्त व विद्यादास के साथ हितेश के घर गए। वहां पुनीत हितेश और चंचल दोनों से माफी मांगने गया था।

इस बीच हितेश को गुस्सा आ गया। गुस्से में हितेश ने हॉकी से दोनों की पिटाई की। चंचल भी इसमें शामिल थी। पुनीत और विद्या अपना बचाव करने के लिए मकान की छत पर चढ़ गए। वहां भी हितेश हॉकी लेकर पहुंच गया। दोनों को जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पुनीत और विद्यादास ने छह से छलांग लगा दी। जिसमें पुनीत की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि विद्यादास तार से लटकते हुए नीचे गिरी। उसे गंभीर चोट लगी। उसका इलाज दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में चल रहा है।

**सीडीआर से खुली पोल:** पुलिस पहले ही दिन से हत्या के एंगल से जांच कर रही थी। पुलिस को शक होने पर उसने हितेश से पूछताछ की। जिसमें उसने बताया था कि मैं छत पर गया था जहां दोनों ने मुझे देखा और डर के मारे कूद गए। हालांकि जब पुलिस ने सीडीआर खंगाली तो दोनों के नंबर पर फोन की गई। इससे स्पष्ट हो गया कि हितेश, पुनीत और चचंल तीनों एक दूसरे को जानते है।

**सख्ती से पूछताछ में बताया सच:** पुलिस ने मंगलवार को दोनों को हिरासत में लिया और पूछताछ की। साक्ष्य एकत्रित किए गए। साथ ही विद्यादास के बयान लिए। सख्ती से पूछताछ में हितेश ने मारपीट और पूरी बात बता दी। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# तेज रफ्तार बाइक ने घर के बाहर खेल रही बच्ची को मारी टक्कर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी के जेवर थाना क्षेत्र के मोहल्ला खत्तीवान में तेज रफ्तार बाइक ने पांच साल की बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे की वजह से खून से लथपथ हुई बच्ची को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, यह सारी घटना इलाके में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है।

फारुख की पांच वर्षीया बेटी शुबाना मंगलवार शाम घर के बाहर खेल रही थी। इसी के दौरान दौड़ते हुए गली की दूसरी तरफ जाते समय सामने से आ रही बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बच्ची बुरी तरह से घायल हो गई। वहीं, बाइक सवार दोनों युवक भी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। हादसे में उन्हें भी चोटें आई हैं और फिलहाल वे भी अस्पताल में इलाजरत हैं। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। बच्ची के परिजनों ने बाइक सवारों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

**इलाके में स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग:** घटना के बाद इलाके के लोगों ने स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है। निवासियों ने बताया कि युवक आए दिन तेज रफ्तार से लापरवाही भरे अंदाज में बाइक चलाते हैं। इससे लगातार हादसे हो रहे हैं। कई बार स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

# एलिवेटेड रोड के लिए मिट्टी की जांच पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** महामाया फ्लाईओवर से यमुना पुस्ते तक बनने वाली एलिवेटेड रोड की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। परियोजना के लिए मिट्टी की जांच का काम पूरा हो गया है। अब आईआईटी रुड़की परियोजना की डीपीआर तैयार कर प्राधिकरण को सौंपेगी। इसके बाद टेंडर जारी होगा। यह एलिवेटेड रोड करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी होगी। यह सेक्टर-94 स्थित यमुना पुस्ते और चिल्ला एलिवेटेड रोड के बीच सेतु का काम करेगी। दिल्ली के मयूर विहार फ्लाईओवर से नोएडा तक बनने वाले एलिवेटेड रोड का काम चल रहा है। जिस जगह महामाया फ्लाईओवर उतरेगा, वहां से सेक्टर-94 यमुना पुस्ते तक नया एलिवेटेड रोड बनाया जाएगा। इस परियोजना को लेकर आईआईटी रुड़की ने सर्वे कर लिया है। अब पिलर गाड़ने के लिए मिट्टी की जांच का काम पूरा कर लिया गया है।

**परियोजना की डीपीआर:** प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अब आईआईटी इस परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट यानी डीपीआर तैयार करेगी।

प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि उम्मीद है कि इसी महीने आईआईटी डीपीआर तैयार कर प्राधिकरण को सौंप देगी। इसके बाद प्राधिकरण स्तर पर कुछ औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी।

# आधुनिक तकनीक से बच्चों के जटिल हड्डी रोगों का होगा बेहतर इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए ग्रेटर नोएडा के कासना स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में उन्नत बाल चिकित्सा अस्थि शल्य चिकित्सा (पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी) सुविधाओं का शुभारंभ किया जाएगा। इस नई पहल से क्षेत्र के हजारों बच्चों को अत्याधुनिक और समय पर उपचार उपलब्ध हो सकेगा।

जिम्स द्वारा शुरू की गई यह सुविधा विशेष रूप से उन बच्चों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी जो जन्मजात हड्डी विकारों, फ्रैक्चर, हड्डियों के असामान्य विकास, क्लबफुट, और अन्य जटिल ऑर्थोपेडिक समस्याओं से जूझ रहे हैं।

अब तक ऐसे मामलों के लिए मरीजों को बड़े शहरों या निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अधिक खपत होती थी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार इस सुविधा से प्रतिवर्ष 1000 से अधिक बच्चों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। उनका कहना है कि संस्थान में अब आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, उन्नत इमेजिंग तकनीक और बाल रोग विशेषज्ञों व अस्थि शल्य चिकित्सकों की एक प्रशिक्षित टीम उपलब्ध है। यह टीम बच्चों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विशेष देखभाल और सर्जिकल प्रक्रियाएं सुनिश्चित करेगी।

# एक सप्ताह में सड़कों की मरम्मत करें शुरू

## प्राधिकरण के सीईओ सख्त, बोले- 15 दिन में नहीं दिखा असर तो कंपनी होगी ब्लैक लिस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में सड़कों की मरम्मत का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करुणेश ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि एक सप्ताह में सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया जाए।



15 दिन में सड़क पर काम नहीं दिखा तो टेंडर लेने वाली कंपनियों को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। साथ ही संबंधित अधिकारियों पर भी एक्शन लिया जाएगा। सड़कों की मरम्मत के लिए करीब 250 टेंडर जारी किए थे। सभी टेंडर के काम कंपनियों को अवार्ड किए जा चुके है। इसमें करीब 150 किमी से ज्यादा की सड़क की मरम्मत होनी है। लेकिन इन सड़कों पर काम शुरू नहीं हो सका है। इसको लेकर सीईओ ने नाराजगी व्यक्त की। सीईओ ने स्पष्ट किया दिल्ली, गाजियाबाद और एनसीआर के अन्य शहरों में सड़क मरम्मत का काम हो रहा है।

नोएडा में बिटूमिन की वजह से काम बाधित है। जबकि कंपनियों को काम दिया जा चुका है। ऐसे में ये उनकी जिम्मेदारी है कि वो बिटुमिन लाए और सड़क की मरम्मत का काम पूरा करे। बता दे गल्फ कंट्री में बढ़ती टेंशन चलते बिटूमिन नहीं मिल रहा है या जो है उसके दाम बढ़ रहे है। इसलिए कंपनियां बिटुमिन का नहीं ला पा रही है। जिससे सड़कों की मरम्मत नहीं हो रही है।

**अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य:** प्राधिकरण ने बताया कि टूटी सड़कों की मरम्मत करने का लक्ष्य अप्रैल 2026 के अंत तक रखा गया था। लेकिन अब ये पूरा होता नहीं दिख रहा। इसमे समय लगेगा। जैसे ही कच्चा मॉल की आपूर्ति होगी सभी सर्किल में तेजी से सड़क मरम्मत का काम शुरू होगा।

**बारिश में उखड़ी सड़कें, चालक झेल रहे परेशानी:** नोएडा की कई प्रमुख और आंतरिक सड़कें बारिश के बाद खराब हो गई थीं। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी परत और टूटे किनारों से वाहन चालकों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।

दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा जोखिम में हैं, जबकि कई जगह ट्रैफिक भी प्रभावित हो रहा है। हालांकि सेक्टर-1 से 11 तक में कुछ स्थानों पर सड़कों की रिसर्फेसिंग का काम किया गया था। लेकिन अधिकांश स्थानो पर बिटूमिन की कमी है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर और विकास भवन का किया निरीक्षण

● साफ-सफाई बरतने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने कलेक्ट्रेट परिसर और विकास भवन परिसर का निरीक्षण किया। कलेक्ट्रेट परिसर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पूरे परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यालय में कंप्यूटर, इंटरनेट एवं विद्युत आदि के लिए प्रयुक्त तार लटकते हुए नहीं होने चाहिए इसलिए इन तारों को सुरक्षित कराया जाए। जिन कार्यालय में फर्नीचर खराब स्थिति में है उसे निष्प्रयोज्य घोषित कराते हुए नया फर्नीचर खरीदा जाए। उन्होंने कहा कि फर्नीचर की खरीद के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कार्यालय में फर्नीचर की




एकरूपता बनी रहे। क्षतिग्रस्त दरवाजे एवं दीवारों की मरम्मत करने के संबंध में भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट में आमजन की सुविधा और बेहतर माहौल के दृष्टिगत सभी जरूरी कार्य कराए जाएं, इसके लिए परिषद से बजट की उपलब्धता हेतु मांग पत्र भेजा जाए। विकास भवन में जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी, मनरेगा कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई एवं कार्यालय कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री शक्ति दुबे सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी गण मौजूद रहे।

# नवागत जिलाधिकारी के आगमन से कलेक्ट्रेट में दिखा बदलाव मुख्य द्वार पर लगा मेटल डिटेक्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में नवागत जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया द्वारा कार्यभार संभालने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में बदलाव स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है। प्रशास.



निक व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने कई अहम निर्णय लिए हैं। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर गेट स्थापित किया गया है।यह कदम सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कलेक्ट्रेट में प्रतिदिन बड़ी संख्या में फरियादी, अधिवक्ता और आम नागरिक अपने कार्यों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता बन गया है। मेटल डिटेक्टर के जरिए अब परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच की जाएगी, जिससे किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि पर नजर रखी जा सके।प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह व्यवस्था सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है और भविष्य में भी आवश्यकतानुसार अन्य सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। जिलाधिकारी के इस निर्णय का कर्मचारियों और आमजन ने स्वागत किया है।नई व्यवस्था से कलेक्ट्रेट का वातावरण अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सुगमता भी बढ़ेगी।

## बिलारी समाचार

### धर्म सिंह इंटर कॉलेज के वार्षिक उत्सव में मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित




**कांठ( शाह टाइम्स )** धर्म सिंह इंटर कॉलेज चेतरामपुर में आज वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें आए मुख्य अतिथि डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त ने जिले में चौथा स्थान पाने वाली हाई स्कूल की छात्रा वर्णिका लांबा को प्रशस्ति पत्र एवं 5100 का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अफशा रानी और वंशिका को 21-21सौ रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ इन छात्राओ को गणित पढ़ाने वाले अध्यापक ध्रुव कुमार को भी ₹2500 का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि बच्चे जब अच्छी पढ़ाई करके अच्छा परीक्षा परिणाम लाते हैं तो स्कूल के साथ-साथ उनके माता-पिता जिले और प्रदेश का नाम भी रोशन होता है उन्होंने बच्चों से इसी तरह से निरंतर आगे बढ़ते रहने का आवाहन किया। विशिष्ट मेहमान जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे जिला उपाध्यक्ष चकित चौधरी भाजपा के ही अनुचित मोर्चे के जिला अध्यक्ष देवराज सिंह जाटव सत्यवान राजपूत प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी और प्रधानाचार्य राजबहादुर सिंह ने बच्चों का हौसला अफजाई की और उनके माता-पिता को उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर अच्छा परिणाम दिलाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में अध्यापक फूल सिंह देवेंद्र कुमार नरेंद्र कुमार ध्रुव कुमार सत्येंद्र कुमार फिरोज योगेंद्र सिंह पंकज सिंह जितेंद्र सिंह आदि ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया। आयोजकों ने क्षेत्र में निष्पक्ष पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को भी सम्मानित किया और उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन मास्टर गौरव कुमार चौहान ने किया।

### सड़क से पानी निकलने पर गड्ढा बरकरार एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे जिम्मेदार

**कांठ( शाह टाइम्स )** मुख्य मार्ग पर गुरुद्वारे के सामने पाइप लाइन से पानी निकालने के कारण सड़क में गड्ढा बरकरार है और जिम्मेदार इसकी जिम्मेदारी एक दूसरे पर डालकर इसको ठीक कराने से बचते नजर आ रहे हैं आज फिर पत्रकारों द्वारा इस मामले को एसडीएम के संज्ञान में



लाने के बाद उन्होंने संबंधित को फोन करके गड्ढे को तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। बतादे की पीने के पानी की सप्लाई की जाने वाली पाइपलाइन में गुरुद्वारा के सामने मुख्य मार्ग पर लीकेज हो गया जिसकी वजह से सुबह शाम उसमें से पानी का भारी रिसाब होते हुए महीनो बीत चुके हैं लोग इसकी शिकायत कई बार कर चुके हैं नगर पंचायत इसका जिम्मा जल निगम पर डाल रही है और जल निगम इसको पीडब्ल्यूडी की सड़क बताकर अलग ही बात कर रहा है कुल मिलाकर यह गड्ढा लोगों के लिए मुसीबत तो बना हुआ है ही लेकिन इसमें से निकल रहा पानी भी लोगों की परेशानी का सबब बन रहा है। रिसाब के कारण नई बनाई गई सड़क भी बैठ चुकी है और यहां पर किसी भी तरह के हादसा होने की आशंका बढ़ गई है। आज कुछ पत्रकारों ने यह मामला एसडीएम के संज्ञान में डाला तो उन्होंने जल निगम के अधिशासी अभियंता से वार्ता की उन्होंने इसकी जिम्मेदारी किसी दूसरे विभाग पर डाल दी उक्त विभाग के अधिकारी से बात करने पर पता लगा कि इसका एस्टीमेट पासकर उन्होंने नगर पंचायत को भेज दिया है और इसे ठीक कराने की जिम्मेदारी नगर पंचायत की है एसडीएम ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को उक्त गड्ढा तुरंत ठीक कराए जाने के लिए निर्देशित किया है।

### यूरिया की किल्लत बनी किसानों की मुसीबत पॉश मशीन पर जिम्मेदारी डाल रहे अधिकारी

**कांठ( शाह टाइम्स )** यूरिया की किल्लत किसानो की मुसीबत बनती जा रही है सहकारी समितियां और खाद की दुकानों पर किसानों की भीड़ है समिति के अधिकारी पॉश मशीन के न चलने का भी रोना रो रहे हैं। बतादें कि इस समय किसान को गन्ने में यूरिया लगाने की जरूरत है किसान यूरिया लेने के लिए दुकान पर जाते हैं तो वहां पर खाद न होने की बात कह कर उन्हें लौटा दिया जा रहा है। किसान अपने गांव से जुड़ी सहकारी समिति पर जाते हैं तो 2 दिन से उन्हें पॉश मशीन ना चलने की बात कह कर वापस किया जा रहा है हमारे संवाददाता ने आज मोड़ी हजरतपुर समिति का भ्रमण किया तो वहां पर कई किसान खाद लेने की लाइन में लगे नजर आए समिति पर सचिव तो नहीं मिले लेकिन वहां पर एक कर्मचारी जरूर पॉश मशीन को चलाता नजर आया कर्मचारी का कहना था कि समिति पर यूरिया की कोई कमी नहीं है लेकिन मशीन ना चलने के अभाव में किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। उसका कहना था कि उन्होंने नोटिस बोर्ड पर साफ लिख दिया है कि बिना आधार कार्ड या फार्मर आईडी लिए बिना किसानों को समिति से किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिलेगी लेकिन एक लाइन और नोटिस बोर्ड पर लिखी मिली के स्टाफ वसूली के लिए क्षेत्र में गए हुए हैं। हालांकि आज 6 मई को भी नोटिस बोर्ड पर 24 अप्रैल की तारीख अंकित थी जिसे देखकर लगा कि यह वाक्य उन्होंने परमानेंट लिख दिया है और यदि कोई अधिकारी समिति पर किसी के न मिलने



की बात कहता है तो नोटिस बोर्ड पर लिखे शब्द ही उन्हें बताने के लिए काफी है। कुल मिलाकर अनिमियताओं के चलते किसानों के सामने यूरिया की किल्लत आ गई है और इसे लेकर किसान काफी परेशान है।

# परिवार परामर्श केंद्र में 25 प्रकरणों की सुनवाई, 4 दंपतियों में हुआ समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी, चन्दौसी में केंद्र प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह की देखरेख में



आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच उत्पन्न पारिवा. रिक विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने का प्रयास किया गया। बैठक के दौरान कुल 25 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। विशेष रूप से 04 परिवारों को आपसी सहमति के आधार पर पुनः एक साथ रहने के लिए राजी कर समझौता कराया गया, जिससे परिवारों में आपसी रिश्तों को नई शुरुआत मिल सकी। वहीं 2 पत्रावलियां आवेदक द्वारा रुचि न लेने अथवा अन्य कारणों से बंद कर दी गईं। केंद्र प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह ने बताया कि परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य टूटते परिवारों को जोड़ना और छोटे-छोटे विवादों को कानूनी प्रक्रिया में जाने से पहले ही सुलझाना है। काउंसलरों की मदद से दोनों पक्षों को समझाकर आपसी सहमति बनवाने का प्रयास किया जाता है। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# यूनियन बजट 2026 पर राज्य स्तर पर चमकी बिलारी की अदिति जैन

## 'विकसित भारत 2047' में युवाओं की भूमिका पर दिया प्रभावशाली भाषण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** यूनियन बजट 2026 के संदर्भ में "विकसित भारत 2047 की दिशा में भारतीय युवाओं की भूमिका" विषय पर बिलारी की छात्रा अदिति जैन ने राज्य स्तर पर प्रभावशाली हिंदी भाषण प्रस्तुत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं को देश के भविष्य की मजबूत नींव बताते हुए उनके सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। अदिति जैन का चयन पहले जिला स्तर पर हुआ, जिसके बाद उन्होंने राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों से पांच-पांच विद्यार्थियों का चयन किया गया था, जिसमें कुल 375 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 'माय भारत' संगठन द्वारा उत्तर प्रदेश विधानसभा में किया गया, जहां मुरादाबाद जनपद का प्रति. निधित्व पांच विद्यार्थियों ने किया,




जिनमें अदिति जैन भी शामिल रहीं। अपने भाषण में अदिति ने यूनियन बजट 2026 को युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवा शक्ति को सही दिशा, पर्याप्त अवसर और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, कौशल विकास, रोजगार सृजन, नवाचार को बढ़ावा, डिजिटल क्षेत्र के विस्तार, महिला सशक्तिकरण तथा हरित और सतत विकास जैसे विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। अदिति जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ दिव्य रुद्र कोचिंग संस्थान के शिक्षकों पुलकित और हिमांशी को दिया तथा उनका आभार व्यक्त किया।

उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों ने अदिति की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सपा कार्यकर्ता तालिब मलिक ने थामा भाजपा का दामन

**चन्दौसी।** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास निवासी सपा कार्यकर्ता तालिब मलिक ने बुधवार को बिचौटा चौराहे पर आयोजित भाजपा की बैठक के दौरान पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस अवसर पर भाजपा सम्भल के जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन और बिलारी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुरेश सैनी ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया। तालिब मलिक ने कहा कि वे भाजपा की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है और यही बात उन्हें यहां आने के लिए प्रेरित करती है। भाजपा नेताओं ने तालिब मलिक का स्वागत करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र में पार्टी का जनाधार और बढ़ेगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, मंडल महामंत्री लकी मिश्रा, बंटी गोस्वामी, प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुमथल बना चोरों का ठिकाना, रामपुर पुलिस ने अंतरजनपदीय गिरोह के चार सदस्य दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र का गांव गुमथल इन दिनों चोरों के सुरक्षित ठिकाने के रूप में चर्चा में है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां सक्रिय संगठित गिरोह बाहरी जनपदों में बड़ी चोरियों को अंजाम देकर वापस गुमथल में शरण लेता है। आरोप है कि गिरोह का सरगना अपने नेटवर्क के दम पर आरोपियों को बचाने का प्रयास करता है, जिसके चलते कई अपराधी पकड़े जाने के बाद भी दोबारा सक्रिय हो जाते हैं।

बताया जाता है कि एक सप्ताह पूर्व बाहरी जनपद की एसओजी टीम ने गुमथल में देर रात दबिश देकर कुछ संदिग्धों को उठाया था और चोरी का सामान भी बरामद किया था। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इधर रामपुर जनपद की थाना शाहबाद पुलिस ने तीन अलग-अलग चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए

● गुमथल के चार चोरों ने रामपुर जनपद में की भारी चोरी

अंतरजनपदीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये घटनाएं ग्राम हिम्मतपुर, बमनपुरी और धरुरियाई में दर्ज की गई थीं।

पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में गठित टीम ने 6 मई 2026 को चन्दौसी रोड स्थित किला गेट के पास से चारों आरो. पियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी जितेंद्र, मनीष, राजेश कुमार और अनिल कुमार सभी गुमथल, थाना बनियाठेर जिला सम्भल के निवासी हैं। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह पंचायत भवन, ग्राम सचिवालय, सरकारी संस्थानों और पानी की टंकियों से बैटरी, इन्वर्टर व सोलर पैनल की रेकी कर रात में चोरी करता था।

पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचा, कारतूस, चाकू सहित 30 बैटरियां, 10 इन्वर्टर, सोलर पैनल, सीसीटीवी उपकरण, जेवरात, ई-रिक्शा और मोटर साइकिलें बरामद की हैं। चारों आरोपियों पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की तलाश में जुटी है।

# भाजपा बैठक में एकजुटता पर जोर

## बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को बिचौटा चौराहा स्थित पंचायत घर में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा सम्भल के जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन उपस्थित रहे। अंकित जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ संगठन के लिए कार्य करें। उन्होंने पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। वहीं बिलारी विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी सुरेश सैनी ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव में जीत की आधारशिला बूथ स्तर की मजबूती होती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर सक्रिय भूमिका निभाए। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में सक्रिय रहकर पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, मंडल महामंत्री लकी मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, बंटी गोस्वामी, विजेन्द्र सिंह राघव, कोमिल यादव, होते लाल शर्मा, ठाकुर बिट्टू सिंह, रवि ठाकुर, मुनेन्द्र यादव, केपी पाल, हरपाल सिंह, उरमान सिंह, मुनेश यादव, रामाशंकर मौर्य, रंजीत मौर्य, अंकित शर्मा, रवि कुमार, जितेन्द्र सिंह और रामपाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी, अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने एक गंभीर मामले में दोषी लईक अंसारी को कड़ी सजा सुनाई है। न्यायालय ने लैंगिक अपराधों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास के साथ आर्थिक दंड से दंडित किया। मामले के अनुसार अभियुक्त लईक अंसारी पुत्र हनीफ अंसारी, निवासी मोहल्ला कोर्ट गर्बी, थाना कोतवाली संभल के खिलाफ अपराध संख्या 351/2022 के अंतर्गत धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट तथा धारा 376एबी, 342 भादसं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वादी ने थाना संभल में दी गई तहरीर में बताया कि 11 सितंबर 2022 को उसकी नाबालिग बहन सुबह लगभग 10 बजे छत पर खेलने गई थी। कुछ देर बाद शोर सुनकर वह छत पर पहुंचा, जहां बहन नहीं मिली। पड़ोसी के घर में झांकने पर उसने देखा कि आरोपी लईक अंसारी उसकी बहन के साथ आपत्ति. जनक स्थिति में था और उसका मुंह बंद कर दुष्कर्म कर रहा था। पीडिता ने बाद में बताया कि आरा.



ेपी उसे पौधा देने के बहाने अपने घर ले गया था, जहां उसने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। वादी अपनी बहन को वहां से घर लेकर आया और पुलिस को सूचना दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने भादसं की धारा 342 के तहत 6 माह के कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। उल्लेखनीय है कि अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह के कार्यकाल में महिला एवं बाल अपराधों से संबंधित मामलों में न्याय की प्रक्रिया में तेजी आई है। मई 2025 में पदभार ग्रहण करने के बाद से उन्होंने 35 से अधिक मामलों में दोषियों को सजा सुनाई है। त्वरित सुनवाई और सख्त फैसलों से पीडिघ्तों को शीघ्र न्याय मिल रहा है, वहीं अपराधियों में कानून का भय भी बढ़ा है।

# सफाईकर्मी के घर ढांढस बंधाने पहुचे पालिकाध्यक्ष, नौकरी का दिया आश्वासन, ड्यूटी पर हादसे में हुई थी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद के सफाई नायक प्रदीप कुमार (56 वर्ष) की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उपचार के दौरान दिल्ली के एक अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। बताया गया कि बीते शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे प्रदीप कुमार ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों की तैनाती का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उनकी स्कूटी को एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तत्काल उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है और परि. जनों के घर पर संवेदना व्यक्त करने वालों का लगातार आना-जाना लगा हुआ है। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष



रघुराज सिंह यादव एवं अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह मृतक के आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं और भविष्य में भी हर प्रकार से साथ रहेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वर्गीय प्रदीप कुमार के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता स्थायी (परमानेंट) नौकरी दिलाने की रहेगी, लेकिन यदि शासनादेशों के चलते कोई बाधा आती है तो संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) के आधार पर भी परिवार के सदस्य को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

मौके पर मृतक के बड़े बेटे, छोटे बेटे अमरदीप, शिवम, रजत सहित अरुण, शिब्बू जमादार, अखिलेश जमादार, धर्मपाल जमादार, रिंकू जमादार, बब्बन जमादार, गौरव, हरिओम, सुरेश, संजीव, विकास, रवि, राजकुमार, आनंद, विनेश यादव, अनिल ठाकुर और रविंद्र चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अलमारी के नीचे चल रही थी अवैध असलाह फैक्ट्री

## खरदौनी गांव में मंगलवार देर रात पुलिस ने की छापेमारी, बीसीए का छात्र भी था शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के इंचौली थाना क्षेत्र के खरदौनी गांव में मंगलवार देर रात पुलिस ने अवैध हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी। खास बात यह कि ये फैक्ट्री अलमारी के नीचे चल रही थी। फैक्ट्री का संचालक कोई और नहीं एक बीसीए का स्टूडेंट कर रहा था। बता दें लगभग 15 दिन पहले ही मेरठ में पलंग के नीचे एक हथियारों का तहखाना मिला था, जहां अवैध हथियार बनाए जा रहे थे। इसके बाद अब अलमारी के नीचे अवैध हथियारों को बनाने की फैक्ट्री पुलिस ने पकड़ी है।

मेरठ में थाना इंचौली पुलिस और स्वाट टीम ने खरदौनी के जंगल में चल रही अवैध तमंचा फैक्ट्री पकड़ी है। मंगलवार देर पुलिस ने मौके से मास्टरमाइंड इमरान समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गैंग में बीसीए का छात्र उमंग ठाकुर भी तमंचा तस्करी का काम करता है। पुलिस की गिरफ्त में आया मुख्य आरोपी इमरान शातिर अपराधी है। वह करीब 25 साल पहले (वर्ष 2000 में) भी शस्त्र फैक्ट्री चलाने के आरोप में जेल भेजा गया था। जेल से बाहर आने के लंबे समय बाद उसने फिर से अपना नेटवर्क तैयार किया और बड़े पैमाने पर तमंचे बनाने लगा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार बनाने का भारी मात्रा में सामान बरामद किया है। इसमें अधबने और तैयार तमंचे सहित विभिन्न उपकरण शामिल हैं। बरामद सामान में एक अधबना तमंचा और दो तैयार तमंचे मिले। 36 स्प्रिंग, 45 नाल और 12 बोर की नाल के कई पीस जब्त हुए। पुलिस को 115 स्प्रिंग केस भी मिले। हथियार बनाने के लिए बाई, रिंच, पेचकस, प्लास, बेंच वाइस और छैनी मिली। 41 ड्रिल बिट, ग्राइंडर, वेल्डिंग रॉड, आरी और रेती बरामद हुई। एक वेल्डिंग मशीन और दो प्रकार की खराद मशीनें भी मिलीं। एसएसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में इमरान तमंचे बनाता था। दौराला का रहने वाला कुलदीप मुख्य सप्लायर था। नरेंद्र बीच की कड़ी के रूप में काम करता था। 19 साल का उमंग ठाकुर शहर के एक कॉलेज से बीसीए की पढ़ाई कर रहा है। वह ऑन डिमांड हथियारों की सप्लाई करता था। अवैध असलाह फैक्ट्री का भंडाफोड़, घर के भीतर बनी अलमारी से होता हुआ जा रहा था मौत का सामान बनाने का रास्ता–व्हाट्सअप के जरिए किया जा रहा था अवैध असलहे की सप्लाई का गोरखधंधा। मेरठ पुलिस ने इंचौली थाना क्षेत्र के खरदौनी गांव में अवैध असलाह बनाने की फैक्ट्री का खुलासा किया है। पुलिस की छापेमारी में 5 तैयार तमंचे, कई अधबने तमंचे, असलाह बनाने के औजार और भारी मात्रा में कच्चा माल बरामद हुआ। घर में बनी अलमारी के रास्ते बेसमेंट में मौत का सामान तैयार किया जा रहा था। एसपी देहात ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर खुलासा किया है।



असलाह फैक्ट्री चलाते हुए पकड़े गए आरोपी।

## बाइक और गाड़ी में भिड़ंत, बाइक सवार की मौत, गाड़ी चालक भी घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना क्षेत्र के चौ. चरण सिंह कावड़ मार्ग पर बुधवार सुबह गाड़ी और कार में भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई। बाइक पर बैठी पत्नी बुरी तरह घायल हो गई। गाड़ी में बैठे लोगों की भी हालत गंभीर बनी हुई है। सूत्रों के मुताबिक हापुड़ निवासी असलम 45 वर्ष पुत्र यासीन अपनी पत्नी साजिया 40 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे जैसे ही वे चांदोरा गंग नहर कांवड़ पटरी पर पहुंचे तो सामने से आ रही एक कार ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिसमें असलम की मौके पर मौत हो गई और उसकी पत्नी साजिया गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं कार चालक अशोक गाजियाबाद निवासी उनकी बहू रीना भी बुरी तरह घायल हो गई जहां असलम की पत्नी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने कार और बाइक को कब्जे में ले ली शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## जानी क्षेत्र में गुंडे बदमाशों की खैर नहीं, क्राइम रोकना पहली प्राथमिकता: गौरव बिश्नोई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने कानून व्यवस्था को सही ढंग से चलाने के लिए गौरव बिश्नोई को जानी थाने का कार्यभार दिया है। दो दिन पूर्व हुई थाना क्षेत्र में गोकशी को अज्ञात व्यक्तियों ने अंजाम दिया था। उसके बाद ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे एक्शन मोड में आ गए। तभी उन्होंने अखिलेश मिश्रा को सदर बाजार का कार्यभार संभालने को दिया और गौरव बिश्नोई को जानी थाने का प्रभारी बनाया है। वहीं उन्होंने कहा कि जानी क्षेत्र में गुंडे बदमाशों की खैर नहीं है और उनकी पहली प्राथमिकता क्राइम पर रहेगी। किसी की भी गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, पीड़ितों को न्याय मिलेगा। थाने पर आने वाली महिलाएं और हर व्यक्ति को सम्मान मिलेगा। वहीं उन्होंने आज उसके बाद थाना क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया और सभी व्यापारियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस का सहयोग करें कोई भी



संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तुरंत पुलिस को सूचित करें। क्षेत्र की चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था सही ढंग से चलाए।

## व्यापारियों ने जल सहायक से की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ महानगर अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता के नेतृत्व में एक व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के जल सहायक दुष्यंत कुमार से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैठक में व्यापारियों ने आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों में साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जलभराव और गंदगी की समस्या से ग्राहकों व व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे व्यापार भी प्रभावित होता है। इसलिए समय रहते नालों की सफाई और कूड़ा उठान की व्यवस्था बेहतर की जाए। इस मौके पर महामंत्री हर्ष बंसल, कोषाध्यक्ष कपिल गर्ग, युवा जिला अध्यक्ष पुनीत बंसल, बागपत जिला अध्यक्ष भूपेश बब्बर, मयंक अग्रवाल, सैलाब गर्ग, विदित राणा, संजीव बंसल सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# अवैध हथियार सप्लाई गिरोह का भंडाफोड़, दो तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के थाना कोतवाली पुलिस ने अंतरजनपदीय अवैध शस्त्र सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 3 अवैध पिस्टल (.32 बोर), 3 देसी तमंचे (.315 बोर) और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। एसपी सिटी ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस टीम गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में खत्ता के पास दो व्यक्ति अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सलमान निवासी सराय बहलीम, मेरठ और समीर निवासी शिव दयालपुर, हापुड़ के रूप में हुई है।




## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण जानकारी

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि–2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :–

**03009/03010 डानकुनि-आनन्द विहार (ट)-डानकुनि ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 14 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 03009 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03010 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:30 | डानकुनि | 23:30 | -- |
| 13:30 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 15:00 |

**चलने के दिन: 03009 डानकुनि** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 09.05.2026 से 27.06.2026 (23.05.2026 को छोड़कर) और **03010 आनन्द विहार (ट.)** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 10.05.2026 से 28.06.2026 (24.05.2026 को छोड़कर) तक।
**स्थान** : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय, मिर्जापुर, प्रयागराज, गोविंदपुरी, इटावा एवं टूंडला स्टेशन।

**06597/06598 यशवंतपुर-योग नगरी ऋषिकेश-यशवंतपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 06597 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06598 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 07:00 | यशवंतपुर | 19:45 | -- |
| 10:15 | -- | योग नगरी ऋषिकेश | -- | 17:55 |

**चलने के दिन: 06597 यशवंतपुर** से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 07.05.2026 से 09.07.2026 तक और **06598 योग नगरी ऋषिकेश** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 09.05.2026 से 11.07.2026 तक।
**स्थान** : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : यलहंका, हिंदुपुर, धर्मवरम, अनंतपूर, डोन, कर्नूलु सिटी, काचीगुडा, काजीपेट, बल्हारशाह, नागपुर, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मेरठ नगर, मुजफ्फरनगर, टपरी, रूड़की एवं हरिद्वार स्टेशन।

**04525/04526 सहारनपुर जं. - अम्बाला कैंट. - सहारनपुर अनारक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 142 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04525 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04526 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 04:40 | सहारनपुर | 22:30 | -- |
| 06:45 | -- | अम्बाला कैंट | -- | 20:20 |

**चलने के दिन: 04525 सहारनपुर** से और **04526 अम्बाला कैंट** से प्रतिदिन दिनांक 15.07.2026 तक।
**स्थान** : सामान्य।
**ठहराव** : पिलखनी, सरसावा, कलानौर, यमुनानगर जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, दराजपुर, मुस्तफाबाद, बराड़ा, तंदवाल, केसरी एवं दुखेड़ी स्टेशन।

**07443/07444 तिरूपति-छपरा-तिरूपति ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 07443 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07444 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | तिरूपति | 12:30 | -- |
| 21:40 | 21:50 | लखनऊ | 15:50 | 16:00 |
| 07:45 | -- | छपरा | -- | 05:00 |

**चलने के दिन: 07443 तिरूपति** से दिनांक 07.05.2026 (गुरूवार) को और **07444 छपरा** से दिनांक 12.05.2026 (मंगलवार) को।
**स्थान** : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : रेणिगुंटा, राजमपेटा, कड़पा, ताड़िपत्रि, डोन, कर्नूलु सिटी, गढवाल, वनपर्ति रोड, महबूबनगर, शादनगर, काचीगुडा, मलकाजगिरी, कामारेड्डी, निजामबाद, हुजूर साहेब नांदेड, पूर्णा, हिंगोली, वाशिम, अकोला, मलकापुर, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर एवं सीवान स्टेशन।

**उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## नमो भारत ने पार किया तीन करोड़ यात्री ट्रिप का आंकड़ा, एनसीआर में बना भरोसे का पर्याय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर ने परिचालन के कुछ ही महीनों में 3 करोड़ कम्यूटर ट्रिप्स का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि एनसीआर में क्षेत्रीय परिवहन के लिए बड़ा मील का पत्थर मानी जा रही है।

22 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा संपूर्ण 82 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर और मेरठ मेट्रो के लोकार्पण के बाद राइडरशिप में तेज उछाल आया है। वर्तमान में आम दिनों में 90,000 से 1,14,000 यात्री रोजाना यात्रा कर रहे हैं, जबकि रविवार को यह संख्या लगभग 85,000 रहती है।

नमो भारत का सफर 21 अक्टूबर 2023 को साहिबाबाद से दुहाई के बीच 17 किमी खंड से शुरू हुआ था। नवंबर 2023 में यात्री संख्या 72,000 से अधिक दर्ज हुई। मार्च और अगस्त 2024 में मोदीनगर नॉर्थ तथा मेरठ साउथ तक विस्तार के बाद दिसंबर 2024 तक मासिक राइडरशिप 7 लाख पहुंच गई, जो एक साल पहले की तुलना में दस गुना थी। जनवरी 2025 में न्यू अशोक नगर से साहिबाबाद खंड जुड़ने से बड़ी छलांग लगी। आनंद विहार जैसे मल्टी-मॉडल हब से दिल्ली भर के यात्रियों को सीधी पहुंच मिली। 16 मई 2025 को 1 करोड़ और दिसंबर 2025 में 2 करोड़ ट्रिप पूरे हुए। फरवरी 2026 में पूरा कॉरिडोर चालू होने के बाद मार्च 2026 में ही मासिक राइडरशिप 27 लाख तक पहुंच गई। 2 करोड़ से 3 करोड़ का सफर महज पांच महीने से कम में तय हुआ। सुरक्षा के लिए हर समय सीसीटीवी, महिला कोच, एसओएस बटन और प्रशिक्षित स्टाफ तैनात हैं। 99 प्रतिशत समयबद्धता के साथ यह गर्मी, बारिश और त्योहारों में भी निर्बाध सेवा दे रहा है। सराय काले खां और आनंद विहार बड़े मल्टी-मॉडल हब के रूप में उभर रहे हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या दिखाती है कि नमो भारत अब विकल्प नहीं, बल्कि एनसीआर की रोजमर्रा की जरूरत बन चुका है।

## 7 मई को राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. हिमानी अग्रवाल सर्किट हाऊस में करेंगी महिला जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से उ.प्र. राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य डा. हिमानी अग्रवाल द्वारा दिनांक 7 मई 2026 को प्रात: 11 बजे सर्किट हाऊस मेरठ में जनसुनवाई की जाएगी। पीड़ित महिलाएँ अपनी समस्या के समाधान हेतु उक्त जनसुनवाई मे लिखित शिकायत के साथ उपस्थित हो।

# इन्फ्लुएंसर शादाब जकाती का ज्वेलरी शोरूम वाला कॉम्प्लैक्स सील





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर शादाब जकाती के ज्वैलरी शोरूम जकाती ज्वेलर्स पर आवास विकास की टीम ने बुधवार को सील लगा दी है। अभी 9 दिन पहले ही 26 अप्रैल को शादाब जकाती ने इस शोरूम की ओपनिंग की थी जिसे बुधवार को आवास विकास की टीम ने सील कर दिया। कॉम्प्लेक्स को सील करने का कारण फिलहाल मानकों के विपरीत संचालन बताया जा रहा है।पूरा मामला हापुर रोड स्थित बने ग्रैंड स्क्वेयर माल का है जो 2024 में बनकर तैयार किया गया था। तभी से पूरे कॉम्पलेक्स का संचालन बिना मानकों के विपरीत हो रहा था। इसको देखते हुए आवास विकास की टीम ने बुधवार को पूरे परिसर को सील कर दिया है जिसमें जकाती ज्वेलर्स भी शामिल है। इस पूरे मामले की शिकायत भाजपा नेता राहुल ठाकुर ने की थी। राहुल ठाकुर शादाब जकाती की पहले भी अश्लील कंटेंट को लेकर शिकायत कर चुका है। जिसमें लिखा था कि जकाती तुझे जेल तो जाना पड़ेगा मैं इसकी शिकायत योगी जी से और मोदी जी से भी करूंगा। पहले राहुल ठाकुर ने शादाब जकाती की शिकायत की थी अब उसकी बनी दुकान को लेकर आवास विकास को शिकायत की। शिकायत में बताया गया है कि जकाती की दुकान पार्किंग की जगह पर बनाई गई है जो कि अवैध बनाई गई है। पूरा कॉम्पलैक्स नक्शे के विपरीत बनाया गया है जिसको लेकर आवास विकास की टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए पूरे परिसर को सील कर दिया है और वहां बनी दुकानें भी खाली कर दी गई है। अब देखना ही होगा कि क्या शादाब जकाती की दुकान को तोड़कर परिसर की पार्किंग बनाई जाएगी या फिर आवास विकास के अधिकारियों के साथ मिलजुलकर कॉम्पलैक्स की सील को खोल दिया जाएगा और जकाती ज्वैलर्स की दुकान ऐसे ही चलती रहेगी।

**शाह टाइम्स की खबर का बड़ा असर**

# बिजली विभाग हरकत में, ट्रांसफार्मर हटाने की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** तहसील रोड पर सड़क किनारे रखे खतरनाक ट्रांसफार्मर को लेकर शाह टाइम्स में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का असर अब साफ तौर पर नजर आने लगा है। लंबे समय से लोगों की चिंता का कारण बने इस मुद्दे पर आखिरकार बिजली विभाग की नींद टूटी और अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी।

बुधवार को अधिशासी अभियंता कुमार के निर्देश के बाद एसडीओ सरधना रुपेश कुमार और जेई अनंता कुमार अपनी टीम के साथ तहसील रोड पहुंचे। मौके पर पहुंचते ही टीम ने ट्रांसफार्मर की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान वायरिंग और अर्थिंग की जांच की गई, ताकि किसी भी प्रकार के करंट या शॉर्ट सर्किट के खतरे को रोका जा सके।



### सुरक्षा के साथ शिफ्टिंग की तैयारी शुरू

निरीक्षण के बाद टीम ने ट्रांसफार्मर को सड़क किनारे से हटाकर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने माना कि वर्तमान स्थान बेहद संवेदनशील है, खासकर बारिश के दौरान जब सड़क पर जलभराव हो जाता है और ट्रांसफार्मर पानी से घिर जाता है, जिससे हादसे की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।

### नगर पालिका को लिखा जाएगा पत्र

एसडीओ रुपेश कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर को स्थायी रूप से पीछे शिफ्ट करने के लिए नगर पालिका परिषद को पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि तहसील रोड काफी नीचे धंस चुकी है, जिसके कारण हर बारिश में जलभराव की समस्या बनी रहती है। ऐसे में सड़क की मरम्मत और ऊंचाई बढ़ाना भी जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह के खतरे को पूरी तरह खत्म किया जा सके।

### स्थानीय लोगों में राहत, शाह टाइम्स की सराहना

खबर के बाद शुरू हुई कार्रवाई से स्थानीय लोगों में राहत की भावना देखने को मिली। क्षेत्रवासियों ने कहा कि लंबे समय से इस समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा था, लेकिन मीडिया में मुद्दा उठते ही विभाग सक्रिय हो गया। लोगों ने शाह टाइम्स की सराहना करते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का यही असर है कि प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी।

### स्थायी समाधान की उम्मीद

हालांकि, लोगों का कहना है कि जब तक ट्रांसफार्मर पूरी तरह सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट नहीं हो जाता और सड़क की स्थिति सुधर नहीं जाती, तब तक खतरा पूरी तरह टला नहीं माना जा सकता। उन्होंने संबंधित विभागों से जल्द स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका

# हैदराबाद ने छुडाए पंजाब की गेंदबाजी के छक्के

### हैदराबाद ने तीन विकेट खोकर बनाए 235 रन पावरप्ले में डगमगाई पंजाब की टीम

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को 236 रन का टारगेट दिया है। पंजाब ने राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया। हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 235 रन बनाए। पंजाब ने 5 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 48 रन बनाए हैं।

कूपर कोनोली और मार्कस स्टोयनिस क्रीज पर हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर 5, प्रियांश आर्या एक और प्रभसिमरन सिंह 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। । हैदराबाद के लिए हेनरिक क्लासन और ईशान किशन ने अर्धशतक लगाए। क्लासन ने 43 बाल पर 69 और ईशान ने 32 बाल पर 55 रन बनाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी हुई। क्लासन और नीतीश रेड्डी (29) के बीच चौथे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी हुई। इसके अलावा अभिषेक शर्मा (35) और ट्रैविस हेड (38) ने 55 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। पंजाब के लिए लाकी फर्ग्यूसन, विजयकुमार वैशाख, युजवेंद्र चहल को 1-1 विकेट मिला। चौथे ओवर की दूसरी बाल पर पंजाब ने तीसरा विकेट भी गंवा दिया। यहां पर कप्तान श्रेयस अय्यर 5 रन बनाकर आउट हुए। मलिंगा की हार्ड लेंथ गेंद पर अय्यर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन बैट का फेस घूम गया। गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और मिड-आफ पर सीधी चली गई। वहां कप्तान ने आसान कैच लपका, जिससे च्ठझै की मुश्किलें और बढ़ गईं। दूसरे ओवर की पहली बाल पर पंजाब ने दूसरे ओपनर का विकेट गंवाया। यहां प्रभसिमरन सिंह 3 रन बनाकर आउट हुए। नीतीश कुमार रेड्डी ने पहली गेंद फुल लेंथ पर डाली, जोकि बाहर की ओर जा रही थी। प्रभसिमरन सिंह शाट खेलने गए, लेकिन लीडिंग एज लग गया। गेंद हवा में बैकवर्ड पाइंट की ओर गई, जहां कमिंस ने कवर से बाईं ओर दौड़ते हुए शानदार कैच पूरा किया। पैट कमिंस ने पहले ही ओवर में प्रियांश आर्या को आउट कर पंजाब को बड़ा झटका दिया। शार्ट गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में प्रियांश गेंद को सही तरह टाइम नहीं कर सके और डीप स्क्वायर लेग पर ईशान मलिंगा ने शानदार कैच लपका। विजयकुमार ने आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर क्लासन को आउट किया। बड़ा शाट लगाने की कोशिश में क्लासन गेंद को सही तरह टाइम नहीं कर सके और लान्ग-आफ पर यानसन ने आसान कैच पकड़ लिया। क्लासन 43 गेंदों में 69 रन बनाकर आउट हुए, जबकि



हैदराबाद के एनवी रेड्डी अपनी आकर्षक पारी के दौरान शॉट खेलते हुए।

# मुल्लांपुर दूसरे साल आईपीएल प्लेऑफ की मेजबानी करेगा

**चंडीगढ़, वार्ता।** मुल्लांपुर में स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक बार फिर जोरदार क्रिकेट एक्शन का गवाह बनने के लिए तैयार है, क्योंकि इसे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के प्लेऑफ मैचों की मेजबानी के लिए चुना गया है।

यह लगातार दूसरा साल है जब न्यू चंडीगढ़ में स्थित इस आधुनिक सुविधा को इन अहम मैचों की मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, यह स्टेडियम बेहद अहम एलिमिनेटर और क्वालिफायर-2 मैचों के लिए स्थल के रूप में काम करेगा। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के अध्यक्ष अमरजीत मेहता ने आने वाले आयोजनों को लेकर अपना भरोसा जताते हुए कहा कि एसोसिएशन इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि पिछले साल इस स्टेडियम में प्लेऑफ मैचों के सफल आयोजन ने बीसीसीआई के एक बार फिर पीसीए पर भरोसा करने के फैसले में अहम भूमिका निभाई। मेहता ने जोर देकर कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा कि ए मैच प्रशंसकों और खिलाड़ियों, दोनों के लिए यादगार बनें। एलिमिनेटर मैच में पॉइंट्स टेबल में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें आमने-सामने होंगी, जबकि क्वालिफायर-2 में क्वालिफायर-1 में हारने वाली टीम का मुकाबला एलिमिनेटर के विजेता से होगा। जहां एक ओर न्यू चंडीगढ़ को ए अहम मैच मिले हैं।

**खेल विशेष**

### हार्दिक आरसीबी के साथ होने वाले मैच के लिए रायपुर नहीं जाएंगे

**मुम्बई, वार्ता।** हार्दिक पांड्या रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले मैच के लिए मुंबई इंडियंस टीम के साथ रायपुर नहीं जा रहे हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को अपरान्ह जब मुम्बई इंडियंस (एमआई) के खिलाड़ी मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 (घरेलू) पर इकठा हुए थे, लेकिन कप्तान हार्दिक पांड्या वहां नहीं थे। यह बात का तुरंत कोई संकेत नहीं है कि पांड्या मैच के करीब टीम के साथ जुड़ेंगे। पांड्या वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के पिछले मैच में नहीं खेले थे, जहां सूर्यकुमार यादव ने उनकी जगह ली थी। उनकी गैरमौजूदगी का ऑफिशियल कारण पीठ में ऐंठन थी। उस गेम के टॉस के समय सूर्यकुमार ने बताया था, आज रात उनकी तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए मैं बस उनकी जगह ले रहा हूं। लेकिन बाकी सब ठीक है।

### जोकोविच रोम में वापसी करेंगे

**रोम, वार्ता।** बनोवाक जोको. विच इटेलियन ओपन में फिर से एक्शन में आने के लिए तैयार हैं। रिकॉर्ड 40 बार के एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन, जो चोट के कारण छह सप्ताह से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की तैयारी कर रहे हैं, रोम में मौजूद हैं। जोकोविच, जिनका पिछला मैच 12 मार्च को इंडियन वेल्स में जैक ड्रेपर के खिलाफ था, ने सोमवार को फोरो इटालिको में पेरू के इग्नासियो बुसे के साथ प्रैक्टिस की। अपनी शारीरिक समस्याओं से पहले, जोकोविच ने 2026 सीजन की शानदार शुरुआत की थी। 38 वर्षीय खिलाड़ी जनवरी में हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन में 2024 के बाद अपने पहले बड़े फाइनल में पहुंचे थे, जबकि इंडियन वेल्स में उनका सफर चौथे दौर के निर्णायक-सेट टाई-ब्रेक में ड्रेपर ने खत्म किया था।

### सैमसन सीएसके की बल्लेबाजी की रीढ़ हैं: गायकवाड़

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऋतुराज गायकवाड़ ने संजू सैमसन को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की बल्लेबाजी की रीढ़ बताया। मंगलवार को दिल्ली में सैमसन की नाबाद 87 रन की पारी की बदौलत सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। आईपीएल 2026 में अपनी नई फेंचाइजी के लिए यह सैमसन का तीसरा 80 से ज्यादा रन का स्कोर था। खास बात यह रही कि जब भी उन्होंने 40 रन का आंकड़ा पार किया है, सीएसके ने मैच जीता है। यह फॉर्म 2026 टी20 विश्व कप के अंतिम चरण से जारी है। उस विश्व कप के दौरान सैमसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे और भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। )तुराज ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, बल्लेबाजी के बारे में बात करूं तो मैं यही कहूंगा कि विश्व कप और अभी जिस तरह का टूर्नामेंट संजू ने खेला है।

# संजू सैमसन ऑरेंज कैप तालिका के शीर्ष पांच में पहुंचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने धीमी और टर्न ले रही दिल्ली की पिच पर 52 गेंदों में नाबाद 87 रन की मैच जिताऊ पारी खेलकर ऑरेंज कैप तालिक के शीर्ष पांच में जगह बना ली। सैमसन ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यह कारनामा किया।



उन्होंने गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन को पांचवें स्थान से हटाया। इसके साथ ही वह केएल राहुल, अभोक शर्मा, हाइनरिक क्लासन और वैभव सूर्यवंशी के साथ आईपीएल 2026 में 400 या उससे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए। सैमसन के इस सीजन 10 पारियों में 402 रन हो गए हैं। उनका औसत 57-42 और स्ट्राइक रेट 167-50 का है। बुधवार रात सनराइजर्स हैदाबाद का मुकाबला पंजाब किंग्स से होना है। ऐसे में अभोक शर्मा और क्लासन दोनों के पास टॉप स्थान तक पहुंचने का मौका रहेगा। वहीं पर्पल कैप तालिका की बात की तो मंगलवार के मुकाबले के बाद पर्पल कैप टेबल के टॉप पांच में कोई बदलाव नहीं हुआ। भुवनेश्वर कुमार अब भी 17 विकेट के साथ टॉप पर बने हुए हैं।

# बेंगलुरु की जगह अहमदाबाद में होगा आईपीएल 2026 का फाइनल

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 31 मई को होने वाला फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

बीसीसी आई ने इसी के साथ को प्लेऑफ मुकाबलों के शेड्यूल का ऐलान कर दिया। साथ ही प्वाइंट टेबल की टॉप दो टीमें 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में क्वालिफायर वन खेलेंगी। इस मुकाबले की विजेता टीम सीधे फाइनल में जगह बनाएगी। इसके बाद प्लेऑफ का कारवां न्यू चंडीगढ़ पहुंचेगा। 27 मई को न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एलिमिनेटर मैच होगा। जिसमें तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें आमने सामने होंगी। इसी मैदान पर 29 मई को क्वालिफायर 2 भी खेला जाएगा। इसमें क्वालिफायर वन में हारने वाली टीम और एलिमिनेटर की विजेता टीम से मुकाबला करेंगी। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा कि कुछ ऑपरेशनल और लॉजिस्टक कारणों की वजह से इस बार प्लेऑफ तीन अलग-अलग स्थानों पर कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पहले फाइनल की मेजबानी बेंगलुरु को दी गई थी। हालांकि स्थानीय संघ और प्रशासन की कुछ आवश्यकताएं बीसीसीआई के तय दिशा निर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं। इसी वजह से फाइनल को बेंगलुरु से हटाकर अहमदाबाद स्थानांतरित किया गया। इसी बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने आईपीएल 2026 के प्लेऑफ और फाइनल की मेजबानी के लिए नजरअंदाज किए जाने पर अपनी निराशा जाहिर की है।



विजेता टीम सीधे फाइनल में जगह बनाएगी, बीसीसीआई ने प्लेऑफ मुकाबलों के शेड्यूल का ऐलान किया

# टॉप-2 में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी आरसीबी

**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में बुधवार को यहां भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से भिड़ेगी।

इस मुकाबले में आरसीबी की कोशिश टॉप-2 में अपनी जगह पक्की करने और एलएसजी की घरेलू मैदान पर चल रही खराब किस्मत को और गहरा करने की होगी। यह मुकाबला इस सीजन में दो ऐसी टीमों के बीच हो रहा है जो बिल्कुल अलग-अलग दिशाओं में आगे बढ़ रही हैं।



आरसीबी इस टूर्नामेंट की सबसे संतुलित टीमों में से एक नजर आई है, जिसने अपने नौ में से छह मैच जीते हैं। वहीं, एलएसजी का अभियान लगातार पटरी से उतरता गया है, जिसने नौ मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल की हैं। लखनऊ फेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा चिंता की बात यह रही है कि वह घरेलू मैदान के फायदे का लाभ उठाने में नाकाम रही है। एलएसजी इस सीजन में इकाना स्टेडियम में अपने चारों मैच हार चुकी है। जिस मैदान को टीम का किला माना जा रहा था, वह अब चिंता का एक बड़ा सबब बन गया है। प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं, ऐसे में टीम अब ज्यादातर अपनी प्रतिठा और लय बनाए रखने के लिए खेल रही है। दूसरी ओर, आरसीबी ने खेल के हर विभाग में निरंतरता दिखाई है। हालांकि, पिछले मैच में उन्हें गुजरात टाइटंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन रजत पाटीदार की अगुवाई वाली इस टीम ने इस सीजन में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बने रहने के लिए पर्याप्त गहराई और संयम का प्रदर्शन किया है। विराट कोहली आरसीबी की बल्लेबाजी क्रम के मुख्य स्तंभ बने हुए हैं। इस अनुभवी बल्लेबाज ने इस सीजन में 54 से ज्यादा के शानदार औसत से 350 से ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने पारी की शुरुआत करते हुए स्थिरता और आक्रामकता का बेहतरीन तालमेल दिखाया है।

# अभिषेक शर्मा टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

**दुबई, वार्ता।** भारत के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार रहे। अभिषेक 875 अंकों के साथ चार्ट में सबसे आगे हैं, उनके बाद किशन 871 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। शीर्ष 10 में उनके साथ तिलक वर्मा भी शामिल हैं, जो छठे स्थान (742) पर हैं, और भारत के टी 20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान (722) पर हैं।



बांग्लादेश के कई 'व्हाइट-बॉल' (सीमित ओवरों के क्रिकेट) सितारों ने इस ताजा अपडेट में बड़ी बढ़त हासिल की है। बंगलादेश ने हाल ही में अपने घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज पूरी की, जिसमें एक मैच बारिश की वजह से धुल गया, जिसका मतलब है कि सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई। लेकिन इसने खिलाड़ियों के एक समूह को अपनी सर्वश्रेठ फॉर्म हासिल करने और रैंकिंग में ऊपर चढ़ने से नहीं रोका, जिसमें बंगलादेश के बल्लेबाज और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' तौहीद हृदोय सबसे ज्यादा सुधार करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने दो पारियों में 84 रन बनाकर टी20 बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान की छलांग लगाते हुए 37वां स्थान हासिल किया। बंगलादेश के कप्तान लिटन दास (एक स्थान ऊपर चढ़कर 52वें स्थान पर) भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं।

# भारत टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा, टी20 रैंकिंग में वर्चस्व

**दुबई, वार्ता।** एक मई को आईसीसी टीम रैंकिंग के सालाना अपडेट के पहले चरण में, ऑस्ट्रेलिया ने पुरुषों की टेस्ट और महिलाओं की वनडे टीम रैंकिंग, दोनों में शीर्ष पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी। और अब, ताजा अपडेट में उन्होंने महिलाओं की टी20 टीम रैंकिंग में भी बढ़त बना ली है।

उनके दबदबे को पुरुों के टी20 विश्व कप चैंपियन भारत ने तोड़ा है, जो टी20 टीम रैंकिंग में अपना वर्चस्व बनाए हुए है, उनके बाद इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का नम्बर आता है। सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 से खेले गए सभी मैचों को पूरा महत्व (100 प्रतिशत दिया जाता है, जबकि पिछले दो वर्ों के परिणामों को 50 प्रतिशत महत्व दिया जाता है। सालाना अपडेट का पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष दो टीमों पर कोई असर नहीं पड़ा, ऑस्ट्रेलिया नम्बर 1 पर अपना राज जारी रखे हुए है और तीन अंकों की बढ़त के साथ 131 अंकों पर पहुंचकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका भी नम्बर 2 पर मजबूती से कायम है, जिसे तीन अंकों की इसी तरह की बढ़त से फायदा हुआ है और वह 119 अंकों पर पहुंच गया है। भारत एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे (104) स्थान पर पहुंच गया है और उसने इंग्लैंड (102) को पीछे छोड़ दिया है। इंग्लैंड एक स्थान नीचे खिसक गया है क्योंकि 30 अप्रैल, 2023 से पहले के परिणामों का महत्व अब रैंकिंग में शामिल नहीं है, इन परिणामों में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में मिली जीत, साथ ही पाकिस्तान में 3-0 से मिली जीत शामिल है। पाकिस्तान (89) को भी सालाना अपडेट से फायदा हुआ है, वह श्रीलंका (86) से आगे निकल गया है क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में मिली 3-0 की हार का महत्व अब रैंकिंग में शामिल नहीं है, और साथ ही 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ मिली 2-0 की हार का महत्व भी आधा कर दिया गया है। वेस्ट इंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे शीर्ष 10 टीमों की सूची पूरी करते हैं, जबकि आयरलैंड रैंकिंग से बाहर हो गया है क्योंकि उसने रेटिंग अवधि के दौरान जरूरी आठ मैच नहीं खेले हैं।

# हमारा वर्ल्ड कप होस्ट 'फीफा है ट्रम्प या अमेरिका नहीं': ईरान

**तेहरान, वार्ता।** ईरान के फुटबॉल प्रमुख का कहना है कि उनके वर्ल्ड कप का होस्ट फीफा है, न कि मिस्टर ट्रम्प या अमेरिका और उन्होंने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रति सम्मान की मांग की है, अगर राट्रीय टीम को इस गर्मी में होने वाले टूर्नामेंट के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करनी है।

अमेरिका और इजराइल के साथ युद्ध के कारण वर्ल्ड कप में ईरान की भागीदारी को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, ईरानी एफए के प्रमुख मेहदी ताज उस प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे, जो पिछले सप्ताह वैंकूवर में फीफा कांग्रेस से पहले कनाडाई सीमा से वापस लौट आया था, क्योंकि उन्हें लगा कि आव्रजन अधिकारियों द्वारा उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। ताज ने कहा कि घर लौटने का फैसला उनका अपना था, लेकिन कनाडा के आव्रजन मंत्री ने संसद में पुटि की कि ईरानी एफए अध्यक्ष का वीजा उस समय रद्द कर दिया गया था जब वे हवाई जहाज में थे, क्योंकि आईआरजीसी के साथ उनके संबंध थे।



आईआरजीसी की स्थापना ईरान की इस्लामी व्यवस्था की रक्षा के लिए की गई थी और यह देश में एक प्रमुख सैन्य, राजनीतिक और आर्थिक शक्ति बन गया है। हालांकि, कनाडा और अमेरिका में इस समूह को एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। फीफा के महासचिव मैटियस ग्राफस्ट्रॉम ने असुविधा और निराशा के लिए खेद व्यक्त करते हुए एक पत्र लिखा और ईरान को 20 मई को जडूरिख में उनके वर्ल्ड कप की तैयारियों के बारे में बैठक के लिए आमंत्रित किया है। ताज, जो आईआरजीसी के एक उच्च पदस्थ अधिकारी रह चुके हैं, ने मंगलवार को सरकारी प्रसारक इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग को बताया कि वे वर्ल्ड कप में ईरानी अधिकारियों के साथ होने वाले व्यवहार के बारे में शासी निकाय से आश्वासन मांगेंगे।

# सम्पादकीय

## परेशानी में टीवीके

हालांकि तमिलनाडु में विजय की 2 साल पुरानी पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। 59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें DMK या IIADMK नहीं होगी, लेकिन राज्य में विधायकों की संख्या के गणित फिलहाल टीवीके चीफ विजय को परेशानियों में डाल दिया है, कांग्रेस मिले समर्थन के बावजूद भी मुख्यमंत्री बनने के लिए उनके पास पर्याप्त विधायक नहीं हैं, ऐसे हालात के चलते अटकलें लगाई जा रही हैं कितमिलनाडु में 7 मई को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। सूत्रों के मुता. बिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। समर्थन पत्र में टीवीके 107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा। 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें हैं, लेकिन विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिला है। पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार का शपथ समारोह 9 मई को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे होगा। प्रदेश अध्यक्ष समिक भटाचार्य ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 मई को विधायक दल की बैठक होगी। विजय लेफ्ट और वीसीके जैसे छोटे दलों के भी संपर्क में हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर AIADMK से भी समर्थन लिया जा सकता है। हालांकि, AIADMK में 20 विधायकों में टूट की खबर भी आ रही है। कौन-कौन सी पार्टी उन्हें समर्थन देंगी यह साफ नहीं है। टीवीके ने बुधवार को अपने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को महा. बलीपुरम के चेंगलपटू स्थित फोर पाइंट्स नाम के रिसार्ट में शिफ्ट कर दिया है। बंगाल में 4 मई को रिजल्ट के बाद से हिंसा शुरू हुई। जिसमें पिछले 24 घंटों के दौरान 4 लोगों की हत्या हुई। इनमें भाजपा और टीएमसी के 2-2 कार्यकर्ता हैं। कोलकाता के न्यू मार्केट में मंगलवार रात भीड़ ने टीएमसीके पार्टी आफिस को बुलडोजर से गिरा दिया। उपद्रवियों ने आसपास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया। वहीं नार्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली स्थित बामनघेरी इलाके में मंगलवार रात गश्त कर रही पुलिस और केंद्रीय बलों पर हमला हुआ। उपद्रवियों ने फायरिंग की, जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। तमिलनाडु में विजय की 2 साल पुरानी पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। बंगाल में हिंसा के लिए भजा व टीएम सी एक दूस. रें पर आरोप मंढ रही हैं, इस सब के बावजूद यह कहने में गुरेज नहीं है कि राज्य कुछ हिस्सों में लोगों का जीवन खतरे में पड़ता जा रहा है। राज्य की राजधानी के न्यू मार्केट इलाके में कथित तौर पर संरचनाओं को गिराने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। इससे राजनीतिक विवाद और बढ़ गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की है और चेतावनी दी है कि चुनाव बाद की किसी भी तरह की हिंसा को पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

# प्रभावित होगी संघीय गणराज्य की दिशा

असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में 2026 के विधानसभा चुनावों के नतीजे कई ऐसे कारकों को रेखांकित करते हैं जो एक धर्मनिरपेक्ष, लो. कतांत्रिक और संघीय गणराज्य के तौर पर भारत की दिशा को प्रभावित करेंगे। असम और पुडुचेरी में जहां भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों ने सत्ता बरकरार रखी, वहीं अन्य तीन राज्यों में सत्ताधारी दल जनमत में आए बदलाव की प्रचंड लहर में बह गए। असम में पहली दफा भाजपा ने अकेले दम पर बहुमत के लिए जरूरी 64 सीटों का आंकड़ा पार किया और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 126-सदस्यीय विधानसभा में 101 सीटें जीतीं।



कांग्रेस के लिए यह अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है - यहां तक कि उसके खाते में असम आंदोलन के बाद 1985 में हासिल की गई सीटों की संख्या से भी कम सीटें आईं। रायजोर दल और असम जातीय परिषद समेत कांग्रेस की अगुवाई वाले गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है, जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भीतर के दल - मुख्य रूप से असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट - कुछ सीटें जीतने में कामयाब रहे। हालांकि, भाजपा को हासिल स्पष्ट बहुमत के मद्देनजर अब उनका असर बहुत कम रह गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण वाली बयानबाजी और पुनर्वितरण की योजनाओं के मिश्रण के जरिए राज्य में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई खुद अपनी सीट हार गए। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने दीर्घकालिक योजना के दम पर निर्णायक जीत हासिल की है। राज्य के राजनीतिक इतिहास, दागी चुनाव प्रक्रिया और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की राजनीति की ढलान ने उसकी कामयाबी में मदद पहुंचाई। बंगाल भारत के राष्ट्रीय आंदोलन और हिंदुत्व के विचारों का केंद्र रहा है। अन्य जगहों पर फैलने से काफी पहले हिंदुत्व के विचार यहीं पनपे और क्षेत्रीय पहचान की भावना यहां काफी प्रबल रही है। भाजपा ने सालों की सुनियोजित रणनीति के जरिए राज्य की एक सीमित आबादी को अपने सर्वव्यापी राष्ट्रवादी विमर्श में दीक्षित कर दिया। महाराष्ट्र, असम और ओडिशा की क्षेत्रीय राजनीति को अपने आगोश में समा लेने के बाद, भाजपा ने अपना पूरा ध्यान पश्चिम बंगाल पर केंद्रित किया और आखिरकार फतह हासिल की। टीएमसी के सामने अब अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। उसकी संस्थापक नेता ममता बनर्जी 71 साल की हो चुकी हैं और उसके कार्यकर्ता व मतदाता अब भाजपा के दबाव में आसानी से आ सकते हैं। यह चुनाव भारत के इतिहास में सबसे दागदार चुनाव भी थाः लगभग 27 लाख लोगों के नाम मनमाने ढंग से मतदाता सूची से हटा दिए गए और सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर हुए इस गंभीर हमले के प्रति अनुं. चत नजरिया अपनाया। अगर यह आने वाले वक्त का संकेत है, तो यह गंभीर चिंता का सबब है। नागरिकों की सतर्कता, कानून का कठोर पालन और न्याय व्यवस्था की सक्रियता ही समाधान दे सकती है। यह समय केवल सहानुभूति का नहीं, बल्कि ठोस और निरंतर कार्रवाई का है। अगर अब भी नहीं जागे, तो कल और कितनी मासूम चीखें दब जाएंगी।

### कहीं एसआईआर ने, तो नहीं बदला नक्शा

बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिव. ीजन) की खूब चर्चा है। बंगाल की कम से कम 25 ऐसी सीटें हैं, जहां जीत के मार्जिन से ज्यादा नामै प्‌ के तहत अयोग्य पाए गए थे। इसके बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या अब इन सीटों पर फिर से मतदान हो सकते हैं? क्योंकि, सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर पर सुनवाई के दौरान कहा था कि प्‌ में अयोग्य पाए गए वोटरों की तुलना में अगर जीत की मार्जिन कम रहती है तो हम इस तरह के मामले को देखा जा सकता है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने निर्वाचन से पहले बंगाल में प्‌ के तहत कुल 27 लाख मतदाताओं को अयोग्य पाया था। मतदान से ठीक पहले इनके नाम हटाए गए थे। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि कम से कम 34 लाख ऐसे वोटर हैं, जिनके नाम गलत तरीके से काटे गए। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है। पहला मामला ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट का ही है। यहां पर बीजेपी के शुभेंदु अधिकारी ने करीब 15 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। चुनाव आयोग ने यहां पर एसआईआर के तहत 28 हजार मतदाताओं के वोट काट दिए थे, जबकि यहां पर 14,154 मतदाताओं के नाम विचाराधीन हैं। चंपदानी में बीजेपी के दिलीप सिंह को 3026 वोटों से जीत मिली है। सिंह ने यहां पर तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार को हराया है। द इकानोमिक्स टाइम्स के मुताबिक इस सीट पर एसआईआर के तहत 7600 से ज्यादा वोट अयोग्य पाए गए थे। इसी तरह करंदीघी सीट से बीजेपी के बिराज विस्वास ने 19869 वोटों से जीत मिली थी। यहां पर 31,562 मतदाताओं के नाम एसआईआर में अयोग्य पाए गए थे। मुर्शिदाबाद की जंगीपुर विधानसभा सीट पर बीजेपी को 10,542 वोटों से जीत मिली है। यहां पर 36,581 वोटरों को अयोग्य पाया गया है। मोंटेश्वर सीट पर बीजेपी को 14,700 वोटों से जीत मिली है। यहां पर 23,423 वोटरों को अयोग्य माना गया था। हेमताबाद सीट पर एसआईआर के तहत 18,215 अयोग्य पाए गए थे। यहां पर बीजेपी उम्मीदवार को 12,300 वोटों के अंतर से जीत मिली है। बाली सीट पर 11,997 सीटों से बीजेपी को जीत मिली है। यहां एसआईआर में 11,386 मतदाता अयोग्य पाए गए थे, जिनका मामला सुप्रीम कोर्ट में है। दिन्हटा, रैना और दार्जिलिंग की सीट पर भी ऐसा ही ट्रेंड देखने को मिला।समसेरगंज, मानिकचक, सूती, लालगोला और रघुनाथगंज की सीटों पर भी अयोग्य मतदाताओं की तुलना में जीत की मार्जिन कम है। समसेरगंज में 75,000 मतदाता अयोग्य पाए गए थे। यहां पर 7500 वोटों के अंतर से तृणमूल के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। इसी तरह मानिकचक में 55 हजार वोटरों को अयोग्य पाया गया था। यहां जीत का अंतर 19 हजार है। मुर्शिदाबाद में एसआईआर के तहत 4 लाख से ज्यादा वोट डिलीट किए गए थे। 22 सीटों में से 8 पर बीजेपी और 9 पर तृणमूल को जीत मिली है। 5 सीटों पर कांग्रेस, सीपीएम और जनता उन्नयन पार्टी ने जीती2021 में तृणमूल को यहां की 19 सीटों पर जीत मिली थी।

## श्रीमुख से...

### भाजपा का हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता



वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार, लोकसभा में भाजपा के 240 सांसदों में से लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है, ऐसे लोगों को क्या भाजपा की भाषा में घुसपैठियाकहा जाना चाहिए, हरियाणा में तो वहां की पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है, जो संस्थाओं को अपने नियंत्रण में रखते हैं और मतदाता सूचियों व चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करते हैं, वे खुद रिमोट कंट्रोल से संचालित हैं, निष्पक्ष चुनाव होने पर सत्ताधारी दल 140 सीटों के आसपास भी नहीं पहुंच पाएगा।

**राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोक सभा**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# केरल व बंगाल में मुस्लिमों ने दिखाया दम

बंगाल में सबसे ज्यादा 36 मुस्लिम विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। केरलम से 35 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। असम के 22 विधायक ऐसे हैं, जो मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इसी तरह तमिलनाडु से मुस्लिम समुदाय के 9 विधायक जीतकर सदन पहुंचे हैं। असम, बंगाल के विधानसभा चुनाव में जहां मुसलमानों का दबदबा कम हो गया है। वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। चुनाव परिणाम के आंकड़ों के मुताबिक इस बार विपक्ष के मजबूत सपोर्ट के बावजूद असम और बंगाल में 15 मुस्लिम विधायक कम हो गए हैं।

वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में 3 की बढ़ोतरी हुई है। जम्मू कश्मीर के बाद असम और पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की संख्या सबसे ज्यादा है। पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी तो केरल में कांग्रेस गठबंधन को जीत मिली है। असम में कांग्रेस बीजेपी के मुकाबले सीधे मैदान में थी। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी के बीच चुनाव का मुख्य मुकाबला था। कांग्रेस यहां पर वोट के मामले में चौथे नंबर पर रही है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 294 सीटें हैं। यहां पर 36 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। 2021 में यहां मुस्लिम समुदाय के 42 विधायक जीतकर आए थे। इस बार 31 विधायक टीएमसी से जीतकर आए हैं, जबकि 5 विधायक ऐसे हैं, जो कांग्रेस-सीपीएम और छोटी पार्टियों से जीतकर आए हैं। असम में 22 मुस्लिम जीतकर इस बार सदन में आए हैं। असम में विधानसभा की कुल 126 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर 18 मुस्लिम विधायक इस बार चुनकर आए हैं। वहीं 2 विधायक बदरुद्दीन अजमल की पार्टी के हैं। 1 मुस्लिम विधायक अखिल गोगोई की पार्टी के हैं। इसी तरह केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या 35 है। पिछली बार इन विधायकों की संख्या 32 थी। केरल में इस बार इंडियन मुस्लिम लीग के सिंबल पर सबसे ज्यादा 22 मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। केरल में विधानसभा की कुल 140 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर यहां से 8 मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस के सिंबल पर एक मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। तमिलनाडु में कुल 9 मुस्लिम विधायक जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। देश में मुस्लिम हिस्सेदारी को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठते रहे हैं। 2024 के लोकससभा चुनाव में सिर्फ 5 प्रतिशत मुस्लिम सांसद जीतकर लोकसभा पहुंचे थे।




**केरल में कुल 140 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर यहां से 8 मुस्लिम जीते हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस के सिंबल पर एक मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं।**

**असम और बंगाल के विधानसभा चुनाव में जहां मुसलमानों का दबदबा कम हो गया है। वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है ,बंगाल में सबसे ज्यादा 36 मुस्लिम विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। केरलम से 35 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। असम के 22 विधायक ऐसे हैं, जो मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इसी तरह तमिलनाडु से मुस्लिम समुदाय के 9 विधायक जीतकर सदन पहुंचे हैं।**

# बिजली की मांग अपने सर्वोच्च स्तर पर

**बीते 25 अप्रैल के पूरे दिन के हिसाब को देखें, तो सौर ऊर्जा का योगदान दैनिक उत्पादन का 10.8 फीसदी रहा और सूर्यास्त के बाद शाम की जरूरतों का महज ०.1 फीसदी।**

**चुनौती है क्रियान्वयन। साल 2025 के आखिर तक भारत में केवल 0.7 गीगावाट घंटे ( जीडब्ल्यूएच ) का बैटरी भंडारण चालू था। साथ ही, और 2 जीडब्ल्यूएच भंडारण के दिसम्बर 2026 तक चालू होने की उम्मीद है। केंद्र और राज्यों को अब टेंडर जारी करने पर कम और कमीशनिंग ( प्रोजेक्ट चालू करने ) पर ज्यादा फोकस करना होगा दृ हर नयी सौर नीलामी को बाध्यकारी सह-अवस्थित ( को-लोकेटड ) भंडारण के साथ जोड़ना होगा और जिन कम दर वाली परियोजनाओं के लिए आक्रामक ढंग से बोली लगायी गयी है, उनके रास्ते से वित्तपोषण की बाधा दूर करनी होगी। भंडारण के बिना सौर क्षमता अधबना पुल है**

भारत में 25 अप्रैल को बिजली की सर्वोच्च मांग (पीक डिमांड) 256.1 गीगावाट तक पहुंच गयी जिसमें दोपहर के लोड के 21.5 फीसदी की आपूर्ति सौर संयंत्रों ने की, यह अब तक सर्वाधिक है, और इस बात का भी साफ संकेत है कि जब सूरज सिर के ऊपर होता है तो देश में स्थापित सौर क्षमता सचमुच काम कर सकती है, लेकिन उसी दिन के पूरे 24 घंटे के खाता-बही से जो कहानी सामने आती है, वह सोचने पर मजबूर करती है।



बीते 25 अप्रैल के पूरे दिन के हिसाब को देखें, तो सौर ऊर्जा का योगदान दैनिक उत्पादन का 10.8 फीसदी रहा और सूर्यास्त के बाद शाम की जरूरतों का महज 0.1 फीसदी। भारत में स्थापित विद्युत क्षमता में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी साल 2022 के 15 फीसदी से तकरीबन दोगुनी होकर साल 2026 के शुरू में लगभग 28 फीसदी पर पहुंच गयी। हालांकि, साल 2022 में भारत के सर्वोच्च मांग वाले दिन उत्पादन में सौर का हिस्सा लगभग 5.6 फीसदी था और यह बढ़कर अप्रैल के उत्पादन का 10.8 फीसदी ही हो पाया दृ यह मौजूदा वास्तविकताओं और क्या मुमकिन है के बीच बरकरार बड़े फासले का भी साफ संकेत है। मामला जहां अटका है वह पैनल, जमीन या महत्वाकांक्षा नहीं है, बल्कि बैटरियों के जरिए उत्पादित इलेक्ट्रानों के विशाल भंडारों का इस्तेमाल कर पाने की अक्षमता है। दरअसल, बैटरी भंडारण की इतनी कमी है कि सौर बिजली के प्रचुर उत्पादक राज्यों को अपनी आपूर्ति रो. कने के लिए कहा जा रहा है, अन्यथा इससे भारत के बिजली ग्रिड की स्थिरता को खतरा हो सकता है। साल 2025 में, भारत को मई के आखिर और दिसंबर के बीच सौर उत्पादन के 2.3 टेरावाट घंटों की कटौती करनी पड़ी, जो औसत मासिक सौर उत्पादन के 18 फीसदी के बराबर है। अकेले अक्टूबर महीने में 0.9 टेरावाट घंटों की बर्बादी हुई। यह देखते हुए कि इस तरह की बिजली के उत्पादकों को पैसे देने ही होते हैं, इसका नतीजा सरकारी खजाने पर बोझ के रूप में सामने आता है जो ऐसी बिजली के लिए भुगतान करता है जो कभी मिली ही नहीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि इस बार सामान्य से कम, लंबी अवधि के औसत का 92 फीसदी, मानसून रहेगा, जो 11 सालों में इस तरह की पहली चेतावनी है। इस पूर्वानुमान से सिर्फ इस दलील को मजबूती मिलती है कि ज्यादा गर्म, ज्यादा सूखी गर्मियों का मतलब है दिन के समय ज्यादा मांग और ठीक इसी समय सौर ऊर्जा को भारी बोझ उठाना चाहिए।उत्साहजनक खबर है बैटरी का अर्थशास्त्र। साल 2025 के शुरू में दो घंटे के स्टैंडअलोन बैटरी स्टोरेज की दर लगभग 2.21 लाख रुपये प्रति मेगावाट प्रति माह थी जो घटकर साल के अंत तक 1.48 लाख रुपये हो गयी।



सूरीनाम। पारामारिबो पहुंचने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का स्वागत करते सूरीनाम के विदेश मंत्री मेल्विन बौवा।

## भारत वियतनाम ने दुर्लभ खिनज और रक्षा सहित 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौते किए

**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम ने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ बनाने के लिए दुर्लभ खिनज, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी सहित 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने के साथ-साथ कई अहम घोषणाएं भी की हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के बीच बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## एक क्रूज जहाज पर हंता वायरस के कारण तीन की मौतः WHO

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक क्रूज जहाज पर 'हंता वायरस' के संक्रमण से तीन मौतों और गंभीर श्वसन बीमारी के प्रकोप की पुष्टि की है। नीदरलैंड के झंडे वाले इस जहाज पर कुल 147 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार हैं, जिनमें से अब तक सात मामले (दो पुष्ट और पांच संदिग्ध) सामने आ चुके हैं। डब्ल्यूएचओ को इस घटना की जानकारी दो मई को ब्रिटेन के माध्यम से मिली थी। दक्षिण अफ्रीका में की गई प्रयोगशाला जांच में एक गंभीर रूप से बीमार मरीज में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रभावित यात्रियों में बुखार, पेट दर्द और तेजी से निमो. निया जैसे लक्षण देखे गए हैं। जहाज ने एक अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के उशुआइया से अपनी यात्रा शुरू की थी और वर्तमान में यह केप वर्डे के तट पर खड़ा है।

# भारत-वियतनाम रणनीतिक साझेदारी होगी प्रगाढ़

## विकसित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे दोनों देशः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और वियतनाम ने अपनी समग्र रणनी. तिक साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने का निर्णय लिया है और दोनों देश एक-दूसरे के विजन तथा लक्ष्यों में सहयोग करते हुए, विक. सित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे।

मोदी ने भारत यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता में परस्पर संबंधों के पहलुओं पर व्यापक बातचीत की। इसके बाद मोदी ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि तो लम ने अपनी भारत यात्रा की शुरुआत बोध गया से की है। उन्होंने कहा कि यह हमारे दोनों देशों की साझा सभ्यतागत और आध्यात्मिक परंपरा को दर्शाता है। उनकी इस यात्रा और सार्थक चर्चाओं से, हम अपनी सद्भावना को कई ठोस परिणामों में बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच एक दशक से समग्र रणनीतिक साझेदारी है और इस दौरान संबंधों में व्यापक प्रगति हुई है। दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन संबंध मजबूत हुए हैं। इस मजबूत नींव पर आगे बढते हुए आज हम अपने संबंधों को और अधिक



■ मोदी ने भारत यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता में परस्पर संबंधों के पहलुओं पर व्यापक बातचीत की

मजबूत समग्र रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जा रहे हैं। अब हम अपनी साझेदारी को और ऊंचे लक्ष्यों की ओर अग्रसर करेंगे। संस्कृति, संपर्क, क्षमता निर्माण के साथ-साथ, सुरक्षा, सततता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला हर क्षेत्र में हमारा सहयोग नए स्तर पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल और आर्थिक चुनौतियों के इस दौर में अपनी प्रतिभा, सुशासन और आर्थिक सुधार के बल पर, भारत और वियतनाम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में उभर रहे हैं। अब हमारी प्रगाढ़ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, हम एक-दूसरे के तेज विकास के सहायक बनेंगे। मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में परस्पर सहयोग पर सहमति व्यक्त की है और यह बुद्ध की शिक्षाओं की भावना पर आधारित है। उन्होंने कहा कि जैसा कि बुद्ध की शिक्षाओं की भावना है कि यदि आप किसी और के लिए दीप जलाते हैं, तो वह आपके अपने मार्ग को भी प्रकाशमान करता है। इसी भावना के साथ, हम एक-दूसरे के विजन और लक्ष्यों में सहयोग करते हुए, विक. सित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे। हम साथ चलेंगे, साथ बढ़ेंगे, और साथ जीतेंगे। मोदी ने कहा कि भारत और वियतनाम की साझेदारी में विरासत एवं विकास दोनों का महत्व है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जब भारत से बौद्ध अवशेष वियतनाम गए, तो उनके दर्शन डेढ़ करोड़ से अधिक, यानि पूरे वियतनाम की आबादी के 15 प्रतिशत लोगों ने किया था। उन्होंने कहा कि हमारी साझा विरासत को जीवंत रखने के लिए अब हम वियतनाम के प्राचीन चम्पा सभ्यता के मी सॉन और न्हान टवर मंदिरों का रेस्टोरैशन कर रहे हैं।

## बंगाल में भाजपा सरकार के बाद भी 'पुशबैक' की उम्मीद नहीं: बांग्लादेश

**ढाका।** बंगलादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद उन्हें बंगलादेश में लोगों के 'पुशबैक' (वापस धकेले जाने) की संभावना नहीं दिखती है। राजधानी के उस्मानी मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित जिलाधिकारियों के सम्मेलन के एक सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत में गृह मंत्री ने कहा कि इसके बावजूद, हमने बॉर्डर गार्ड बंगलादेश (बीजीबी) को सीमाओं पर सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी कोई स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। इस बीच बंगलादेश के स्थानीय ग्रामीण विकास एवं सहकारिता मंत्री मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि वर्तमान सरकार पड़ोसी देशों के साथ स्थिर संबंध बनाए रखना चाहती है और लंबे समय से लंबित रोहिंग्या संकट को हल करने के लिए काम करेगी।

# अमेरिका ने की ईरान युद्ध खत्म होने की घोषणा

## कहाः प्रमुख सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' अब समाप्त हो गया, हासिल कर लिए हैं लक्ष्य

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि ईरान के खिलाफ चलाया गया प्रमुख सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' अब समाप्त हो गया है। वाइट हाउस में मंगलवार दोपहर 3:30 बजे के आसपास प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ने इस अभियान के अपने सभी सैन्य लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है। रुबियो ने स्पष्ट किया कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए आक्रामक सैन्य अभियान के सभी रणनीतिक लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सेना ने अब अपने आक्रामक चरण को पूरी तरह समाप्त कर दिया है और अब ध्यान भविष्य की सुरक्षा व्यवस्था पर केंद्रित रहेगा। इस घोषणा के साथ ही अमेरिकी रणनीति में एक बड़ा बदलाव आया है। इसके तहत अब सेना 'आक्रामक' रुख छोड़कर 'रक्षात्मक' मुद्रा में आ गई है। रुबियो ने साफ किया कि अमेरिका अब नई जंग शुरू करने के बजाय अमन को प्राथमिकता देना चाहता है। उन्होंने हालांकि यह चेतावनी भी दी कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास के क्षेत्रों में ताकत के इस्तेमाल का विकल्प अब भी खत्म नहीं हुआ है। यदि अमेरिकी सेना या उसके सहयोगियों के हितों पर हमला होता है तो अमेरिका अपनी पूरी शक्ति के साथ जवाबी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। आक्रामक अभियान की समाप्ति के बाद अब अमेरिका ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की शुरुआत की है। इस नए मिशन का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल जलमार्ग हॉर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए सुरक्षित बनाना और फिर से खोलना है। 'टाइम' और 'सीएनए' की रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी नौसेना अब इस क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा करेगी। रुबियो ने इसे एक 'रक्षात्मक कवच' बताते हुए कहा कि जब तक अमेरिकी सेना पर गोली नहीं चलाई जाएगी, तब तक उनकी तरफ से कोई हमला नहीं होगा, लेकिन वे किसी भी खतरे का सामना करने के लिए मुस्तैद रहेंगे। वाइट हाउस की इस ब्रीफिंग में यह संदेश भी दिया गया कि अब सारा ध्यान सैन्य कार्रवाई से हटकर कूटनीति पर रहेगा। अमेरिका का अगला लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकना और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करना है। विदेश मंत्री रुबियो ने स्पष्ट चेतावनी दी कि परमाणु हथियारों से लैस ईरान पूरी दुनिया के लिए बघ खतरा हो सकता है, जिसे अमेरिका कभी स्वीकार नहीं करेगा। कुल मिलाकर, 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' का अंत एक बड़े युद्ध के थमने का संकेत तो है, लेकिन क्षेत्र में सैन्य मौजूदगी और कड़ी निगरानी अब भी जारी रहेगी।



■ 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए आक्रामक सैन्य अभियान के सभी रणनीतिक लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं

## अमेरिका पेशावर में कॉन्सुलेट जनरल बंद करेगा जिम्मदारियां इस्लामाबाद को सौंपी गईं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को पेशावर में अपने वाणिज्यिक दूतावास को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की घोषणा की। खैबर पख्तूनख्वा के लिए राजनयिक जम्मिदारियां अब इस्लामाबाद में स्थित अमेरिकी दूतावास द्वारा संभाली जाएंगी। विदेश विभाग के अनुसार, इस फैसले में अमेरिकी राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है और इसका उद्देश्य संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करना है। विभाग ने कहा कि पेशावर में हालांकि हमारी भौतिक उपस्थिति बदल रही है, लेकिन पाकिस्तान में हमारी नीतिगत प्राथमिकताएं अटल हैं। विभाग ने आर्थिक संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और अमे. रिकी हितों को बढ़ावा देने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के लोगों और अधिकारियों के साथ लगातार जुड़ाव बनाए रखने पर जोर दिया है। पाकिस्तान में अमेरिकी मिशन इस्लामाबाद, कराची और लाहौर में स्थित अपने कार्यालयों के माध्यम से अपना राजनयिक कार्य जारी रखेगा, और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों को बनाए रखेगा।

## अराघची ने चीनी विदेश मंत्री से की पूर्ण युद्धविराम और होर्मुज पर चर्चा

**बीजिंग।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को बीजिंग पहुंचकर चीन के विदेश मंत्री वांग ई से उच्च स्तरीय वार्ता की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी तनाव को कम करना और 'पूर्ण युद्धविराम' के लिए जमीन तैयार करना है।

वांग ई ने चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि चीन क्षेत्र की वर्तमान स्थिति को लेकर अत्यंत चिंतित है और तनाव कम करने के लिए हर संभव कूटनीतिक प्रयास करने को तैयार है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, अराघची का यह दौरा अगले सप्ताह बीजिंग में होने वाले ट्रम्प-शी शिखर सम्मेलन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन इस समय ईरान-अमेरिका के बीच अहम मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। बैठक के दौरान अराघची ने चीन को ईरान का 'करीबी और भरोसेमंद मित्र' बताया और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर ईरान का पक्ष लेने के लिए चीन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ईरान सिर्फ 'न्यायसंगत और व्यापक समझौते' को ही स्वीकार करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय (एफएमपीआरसी) और सीजीटीएन की रिपोर्टों में बताया गया कि इस बातचीत का एक बड़ा हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापार के लिए फिर से खोलने पर केंद्रित रहा। वांग ई ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा का हवाला देते हुए इस व्यापारिक मार्ग की महत्ता पर जोर दिया। दूसरी ओर अराघची ने दो. हराया कि ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग आगामी शिखर वार्ता में ईरान के हितों और क्षेत्रीय शांति की जरूरतों को अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने मजबूती से रखेंगे।

■ अराघची का यह दौरा अगले सप्ताह बीजिंग में होने वाले ट्रम्प-शी शिखर सम्मेलन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा

# ईरान अमेरिका की इच्छाशक्ति की परीक्षा न ले

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका के सैन्य अभियान का पुरजोर बचाव किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका के सैन्य अभियान का पुरजोर बचाव किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पूरी तरह से एक रक्षात्मक मिशन है, जिसे ईरान की नाकेबंदी के कारण फारस की खाड़ी में फंसे 87 देशों के लगभग 23000 नागरिकों को बचाने के लिए तैयार किया गया है।

रुबियो ने मानवीय अनिवार्यता और वैश्विक समुद्री मार्ग को खुला रखने की रणनीतिक आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने ईरान को कड़ी चेता. वनी दी कि अमेरिकी इच्छाशक्ति को परखने की किसी भी कोशिश का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। एक ब्रीफिंग के दौरान रुबियो ने कहा कि ये निर्दोष लोग हैं। वे अलग-थलग हैं, भूखे हैं, असुरक्षित हैं और इसके परिणामस्वरूप कम से कम दस नाविकों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम का यह अभियान निर्दोष जीवन की रक्षा करने और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक में अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को बनाए रखने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताया कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सीधे आदेश पर शुरू किया गया था, जब कई देशों ने सार्वजनिक और निजी तौर पर अमेरिका से मदद की अपील की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने हमेशा की तरह आगे बढ़कर मदद की पुकार का जवाब दिया। अमेरिका यह कदम इसलिए उठा रहा है क्योंकि केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं। दो अमेरिकी ध्वज वाले व्यापारिक जहाज पहले ही सफलतापूर्वक जलडमरूमध्य को पार कर चुके हैं। यहां तैनात सैन्य संपत्तियों में गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, सौ से अधिक हवाई और समुद्री विमान, मानव रहित प्लेटफॉर्म और 15000 सैनिक शामिल हैं। रुबियो ने स्पष्ट किया कि यह ऑपरेशन आक्रामक प्रकृति का नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक हम पर पहले गोली नहीं चलाई जाती, तब तक कोई गोलीबारी नहीं होगी। हम केवल तभी जवाब दे रहे हैं जब पहले हमला किया जाए। यह एक रक्षात्मक अभियान है। विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि चेतावनी को अनदेखा करने के बाद ईरान की सात नौकाओं को पहले ही नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनमें से सात अब समुद्र के तल में हैं, साथ ही ईरान की बाकी नौसेना भी।ष रुबियो ने आर्थिक मोर्चे पर कहा कि 'ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी' इसके समानांतर जारी है।

■ रुबियो ने मानवीय अनिवार्यता और वैश्विक समुद्री मार्ग को खुला रखने की रणनीतिक आवश्यकता पर बल दिया



## पाक में विपक्षी नेता ने अफगान के साथ बातचीत का किया आह्वान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता और पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने सरकार से अफगानिस्तान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि पड़ोसी देश के साथ तनावपूर्ण संबंध एवं राजनीतिक गलत अनुमान पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं को और बढ़ा रहे हैं।

यह जानकारी बुधवार को अफगान समाचार पोर्टल एरियाना न्यूज ने दी। रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि अचकजई का मानना है कि पाकिस्तान की मौजूदा आर्थिक कठिनाइयों की जड़ें सरकार की उन गलत नीतियों में निहित हैं जिनके कारण अफगानिस्तान एक आर्थिक साझेदार नहीं रहा है, जो हाल तक पाकिस्तानी वस्तुओं के लिए एक प्रमुख निर्यात बाजार था। रिपोर्ट के अनुसार, अचकजई ने कहा कि अफगानिस्तान अभी भी पाकिस्तानी सामानों में बहुत रुचि रखता है और उन्होंने बल देकर कहा कि इस्लामाबाद की नीतियों ने उसके अपने आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाया है। खबरों के अनुसार, उन्होंने पाकिस्तान के नेतृत्व से आर्थिक दबावों एवं क्षेत्रीय अस्थिरता दोनों से निपटने के लिए संवाद और अपनी नीतियों में सुधार करते हुए व्यावहारिक समाधान खो. जने का आग्रह किया।

■ अफगा अभी भी पाकिस्तानी सामानों में बहुत रुचि रखता है: अचकजई

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## अमेरिका में 20.5 अरब डॉलर निवेश करेंगी भारतीय कंपनियां



**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को कहा कि भारतीय कंपनियों ने उनके देश में 20.5 अरब डॉलर से अधिक की योजना बनाई है जिससे अमेरिका में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में जो निवेश किया उसका फल मिल रहा है। भारतीय कंपनियों की टेक, विनिर्माण और फार्मास्युटिकल समेत विभिन्न क्षेत्रों में 20.5 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की योजना है। इसमें 12 भारतीय कंपनियों द्वारा आज (मंगलवार को) घोषित 1.1 अरब डॉलर के निवेश की योजना भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि सेलेक्ट यूएसए इनवेस्टमेंट समिट में 12 भारतीय कंपनियों ने अमे. रिका में कुल 1.1 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। अमेरिका राजदूत ने लिखा कि इन सहयोगों से अमेरिका में वास्तव में रोजगार पैदा हो रहे हैं।

■ अमेरिका में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे, अमेरिकी राजदूत गोर ने की तारीफ

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)